जबलपुर
मंगलवार 3 नवंबर 2026

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

RENAULT TRIBER TCe

3 YEARS WARRANTY

100PS

RE-019-LT

शुरुआती कीमत
₹7.84 L*
625L बूट स्पेस*
7 सीटर फ़ैमिली कार
21 kmpl फ़्यूल एफ़िशिएंसी

*the price mentioned above is the ex-showroom price for the Evolution Turbo variant, and may vary depending on the model/variant and features in the car. all Renault vehicles now come with standard warranty of 3 years or 100,000 km, whichever comes first. #625 litres boot space with 5-seater configuration and 3rd row seats removed. *21kmpl fuel efficiency as certified by Test Agency Under Rule 115 (G) of Central Motor Vehicles Rules 1989. the features mentioned in this advertisement may vary depending on the model/variant and features in the car. corporate / PSU / defence personnel/ government employee / professional benefits applicable on each model are basis eligibility of the customer and based on submission of required proof by the customer. the final price valid will be the one on the date of purchase. for detailed terms and conditions, please visit www.renault.co.in

Renault recommends Castrol

renault.co.in

SHOWROOMS: MADHYA PRADESH: JABALPUR: RENAULT JABALPUR WEST Ph: 7291980314. RENAULT AGAR Ph: 8448220030. RENAULT BHOPAL NEW Ph: 9289220870. RENAULT CHATARPUR Ph: 7603868297. RENAULT CHHINDWARA Ph: 9667215285. RENAULT DAMOH Ph: 9289263623. RENAULT GWALIOR CITY Ph: 8448383235. INDORE: RENAULT INDORE Ph: 9821199958, RENAULT INDORE EAST Ph: 9289263821. RENAULT MANDSAUR Ph: 8448220394. RENAULT SAGAR Ph: 9311340949. RENAULT SATNA Ph: 7290094892. RENAULT SHAHDOL Ph: 7029805696. RENAULT UJJAIN Ph: 8448220031.

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, मंगलवार 3 नवंबर 2026

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी के साथ डॉ. हिमांशु द्विवेदी का सार्थक संवाद

त्रिवेदी बोले-कांग्रेस पार्टी और राहुल भारत विरोधी शक्तियों का मुखौटा बन गए हैं... खतरा पहचानिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी का कहना है कि कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी भारत विरोधी शक्तियों का मुखौटा बन गए हैं, हम इसलिए सावधान करना चाहते हैं कि इस मुखौटे पर मत जाइए, पीछे छिपे असली खतरे को पहचानिए। राहुल गांधी जाने-अनजाने में आज उन शक्तियों के टूल बन गए हैं पूरी तरीके से। त्रिवेदी के साथ हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने सार्थक संवाद किया। पेश हैं प्रमुख अंश।

■ आज भाजपा सफलता के जिस शिखर पर है, तो क्या आप मानते हैं कि नरेंद्र मोदी का नेतृत्व इतना चमत्कारिक है, इसलिए यह सफलता मिल गई, जो अटल जी या आडवाणी जी के दौर में नहीं थी?

■ देखिए, आपने जो बात कही, उसको थोड़ा और व्यापक फलक पर देखेंगे, तो थोड़ा एक्सपैंड करके, अटल जी-आडवाणी जी के युग से और पीछे जा के, पिछले 70 सालों में भारतीय जनसंघ और भाजपा का विस्तार देखिए। और यह जो कांग्रेस और राहुल गांधी कहने का प्रयास करती है कि साहब वो एंटी-इंकंबेंसी थी। अरे साहब, ऐसा नहीं है, हमारा ऑर्गेनिक राइज हुआ है। 50 का दशक, हम एक इर्रेलेवेंट पार्टी, अप्रासंगिक दल, हमें कोई पूछता नहीं था। 60 का दशक, 1966 में गो-रक्षा आंदोलन हमने किया और 67 के चुनाव में हमारे 35-35 सांसद जीत के आए। उत्तर प्रदेश की विधानसभा में 96 एमएलए जीत के आए। और उत्तर भारत के अनेक राज्यों में हमने संविद सरकारें 1968-69 में बनाईं, यानी हम एक प्रासंगिक दल बने। 70 का दशक, हम जनता पार्टी के मुख्य घटक बने। अनेक राज्यों में हमारी गठबंधन सरकारों, तीन राज्यों में हमारे मुख्यमंत्री बने, जिसमें हिमाचल, राजस्थान और मध्य प्रदेश, और उस समय छत्तीसगढ़ मध्य प्रदेश का हिस्सा था। 80 का दशक, थोड़ा सा शुरुआत में दो-दो सीट वाला झटका आया, मगर लोग भूल जाते हैं, उस समय भी इन टर्म्स ऑफ परसेंटेज ऑफ वोट भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस के बाद नंबर दो की पार्टी थी, हमारा 8% वोट था। वहां पे दूसरे नंबर की पार्टी इन टर्म्स ऑफ सीट्स तेलुगु देशम थी, 23 थी, मगर उसका परसेंटेज ऑफ वोट 2% के आसपास था। अब आप आइए, 80 के दशक का एंड आता है, हम 89 सीट की 86 सीट की पार्टी। और 91 में हम मुख्य विपक्षी दल। पहला गैर-कांग्रेसी दल जो 100 सीटों से ऊपर आया और हमने यूनिपोलर पॉलिटिक्स को बाईपोलर कर दिया। 90 के दशक का अंत आता है, अब गठबंधन के हम साथी नहीं हैं, गठबंधन का नेतृत्व कर रहे हैं अटल जी के नेतृत्व में।

■ एक दमदार सरकार रहते हुए, भारतीय जनता पार्टी को 'लोकतंत्र बचाने' के संदर्भ में निकलना पड़ा, अराजकता हटाने' के संदर्भ में बात करनी पड़ रही है।

■ भारत का जिस प्रकार का राइज हो रहा है दुनिया में, देखिए, तीन बड़े ब्लॉक्स हैं अमेरिका, चाइना और यूरोप, तीनों जगह समस्या आ रही है। नेचुरली अब भारत के सामने संभावनाएं हैं, तो बहुत सी शक्तियां नहीं चाहतीं, उसमें देश के अंदर की भी, बाहर की भी, कि भारत उभरे। तो आप देखिए, मोदी जी का नेतृत्व अगर नहीं होता, तो अगल में देखिए, बांग्लादेश, पाकिस्तान, श्रीलंका, नेपाल, शक्तिशाली देश देखिए, फ्रांस, इटली, स्पेन, बेल्जियम, अल्बानिया, क्या हो रहा है? इवन कैपिटल हिल और ब्लैक लाइव्स मैटर्स जैसे उग्र आंदोलन अमेरिका जैसे देश में हो गए। उसके बाद भारत में कुछ हो नहीं पा रहा है, तो इसलिए नहीं हो पा रहा है कि मोदी जी के कुशल और दूरदर्शी नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी एनडीए की सरकार है। इसको आप ऐसे समझिए कि दुनिया के समंदर में सुनामी आई हुई है, अगल बगल के जहाज पलट गए हैं, हमारे जहाज पर हिचकोले लग रहे हैं, तो यह आरोप यह नहीं कहेंगे कि दुनिया में लहरें चल रही हैं षड्यंत्र की, यह कहेंगे कि जहाज के कप्तान को, कप्तान की वजह से हम बचे हुए हैं। तो मैं मोदी जी की तरफ से विपक्ष के लिए कहना चाहूंगा, हमें इल्जाम मत दीजिए, बहुत अफसोस होता है। बड़ी तरकीब से कश्ती यहां तक ले आए हैं, बदल देते हैं हम दरिया की लहरें अपनी हिम्मत से, आंधियों में भी अक्सर चराग हमने जलाए हैं।

■ जब अराजकता नहीं है, तो आप जैसा विद्वान प्रवक्ता जिस पार्टी का हिस्सा है, वो इस प्रकार का अभियान क्यों लेकर आ रहा है?

■ मैं बताना चाहता हूं। देखिए, दुनिया में जहां कहीं उपद्रवियों ने बवाल किया, यूरोप से लेकर हमारे पड़ोसी देशों तक, मगर भारत में आपको पहली बार दिखाई पड़ा कि एक नेता प्रतिपक्ष उतरता है और दौड़कर आकाशवाणी के अंदर घुस जाता है। नेशनल ब्रॉडकास्टर के अंदर कौन जाता है? उपद्रवी। मैं शब्द नहीं प्रयोग करना चाहता, जो लोग आतंकवाद टाइप की गतिविधियां करते हैं। आप सुनते हैं ना कि नेशनल ब्रॉडकास्टर के अंदर घुस गए। अब आप आइए, प्रधानमंत्री आवास के सामने जाकर लोटपोट हो जाता है, सड़क पे लेट जाता है। सर्वोच्च न्यायालय के ऊपर वो निकाल देता है। तो जनता कहीं नहीं साथ में है। उन्होंने सोचा था कि युवा निकलेंगे, ये होगा, कुछ हुआ नहीं, तो मैं ही जाकर करना शुरू कर दूं। तो वो अपनी तरफ से यह अराजकता लाने का प्रयास और अराजकता सिर्फ सिर्फ राजनीतिक नहीं है, अराजकता धर्म और संस्कृति के खिलाफ भी है।

खबर संक्षेप

शरद पवार की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती



पुणे। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के अध्यक्ष शरद पवार को सीने में दर्द और खांसी की शिकायत के बाद पुणे के रूबी हॉल क्लिनिक में भर्ती कराया गया है। सांस लेने के दौरान सीने में दर्द होने पर उन्हें चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया है। उनकी बेटी और सांसद सुप्रिया सुले ने सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी। पवार के मेडिकल टेस्ट किए जा रहे हैं और उनके सभी स्वास्थ्य पैरामीटर स्थिर हैं।

फिल्ममेकर वेद राही का 93 साल की उम्र में निधन



मुंबई। भारतीय साहित्य और मनोरंजन जगत के दिग्गज लेखक एवं फिल्ममेकर वेद राही का 93 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने रविवार को महाराष्ट्र के ठाणे स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। उन्हें दूरदर्शन के धारावाहिक 'गुल गुलशन गुलफाम' के निर्देशन के लिए विशेष रूप से याद किया जाता है। वर्ष 1983 में कहानी संग्रह 'आले' के लिए राही को साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला था।

बरहो संस्कार में जा रहे लोगों की पिकअप पलटी, 15 घायल



सीधी। जिले के डढ़िया गांव के पास सोमवार दोपहर तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में करीब 15 लोग घायल हो गए। सभी सोनवर्षा से सेमरी गांव बरहो संस्कार में शामिल होने जा रहे थे। दुर्घटना में किसी के सिर में चोट आई, तो किसी का हाथ फ्रैक्चर हो गया। कुछ लोगों के मुंह और सीने में भी चोटें आई हैं। 108 एंबुलेंस की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया।

जबलपुर में भाजपा ने निकाली 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा, बोले सीएम

यह 'नेताजी बोस' के नहीं हुए तो किसके होंगे, यह कांग्रेस का अतीत

यह अन्याय के खिलाफ न्याय की यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी द्वारा सोमवार को जबलपुर में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा आयोजित की गई। इस पदयात्रा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल सहित अन्य वरिष्ठ नेता शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भारत माता के जयघोष के साथ अपने संबोधन को शुरू करते हुए कहा कि यह अन्याय के खिलाफ न्याय की यात्रा, बेईमानों के खिलाफ खुलेआम पदयात्रा है। आज बच्चा-बच्चा प्रधानमंत्री मोदी के प्रति और भाजपा सरकार के प्रति यह विश्वास रखता है कि आज भारत आगे बढा है तो प्रधानमंत्री मोदी के कारण, भारत का मान सम्मान बढ़ा है तो प्रधानमंत्री मोदी के कारण, बेईमानों को जवाब देने की कोई जगह होगी तो वह जबलपुर होगी। मैं जबलपुर का दीवाना हूं, जबलपुर की धरती जो करती है, सबसे भारी करती है। जबलपुर से यह जो धनुष की टंकार की जो आवाज आई, कांग्रेस की धरती कंपायमान हो गई, उनकी चूलें हिल रही हैं, उनकी हालत खराब हो रही है। जबलपुर की धरती कांग्रेस की बेईमानी को, इतिहास को बहुत अच्छे से जानती है। जब यह नेताजी सुभाषचंद्र बोस के नहीं हुए तो

सीएम ने कहा कि जबलपुर से यह जो धनुष की टंकार की जो आवाज आई, कांग्रेस की धरती इससे कंपायमान हो गई

मुख्यमंत्री डॉ. यादव, केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल सहित शामिल हुए कई वरिष्ठ नेता



पदयात्रा में सीएम डॉ. यादव, अर्जुन राम मेघवाल व हेमंत खंडेलवाल सहित अन्य

कांग्रेस देश को नुकसान पहुंचा रही: मेघवाल

केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के 'रिजीम चेंज' (सत्ता परिवर्तन) वाले बयान का जवाब देते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 2024 में देश की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना जनादेश दे दिया है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, सड़कों पर मार्च करने से सत्ता परिवर्तन नहीं होता, कांग्रेस को चुनाव के समय अपना घोषणापत्र लेकर जनता के बीच जाना चाहिए। वहीं, राहुल गांधी द्वारा भारतीय अर्थव्यवस्था को 'डेड इकोनॉमी' बताने पर पलटवार करते हुए मेघवाल ने कहा कि देश 7.8 प्रतिशत की मजबूत विकास दर से आगे बढ़ रहा है, लेकिन कांग्रेस अपने बयानों से देश की छवि और इकॉनॉमी को नुकसान पहुंचा रही है।

भाजपा का यह अभियान जनता को कांग्रेस की राजनीति के प्रति जागरूक करने के लिए

कांग्रेस संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम कर रही

मेघवाल ने कहा कि कांग्रेस अराजकता फैलाकर देश की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाना चाहती है और संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम कर रही है। भाजपा का यह अभियान जनता को कांग्रेस की राजनीति के प्रति जागरूक करने के लिए है। मेघवाल ने दिवाली से ठीक पहले कांग्रेस की रैली पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने व्यापारियों की अपील और सिख समुदाय की भावनाओं को नजरअंदाज किया।



राहुल गांधी बैलेट से भी चुनाव हारते रहे: खंडेलवाल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि राहुल गांधी क्यों चाहते हैं कि विदेशी नागरिकों और मृत व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची में बने रहें? वे क्यों चाहते हैं कि एक ही व्यक्ति का नाम दो-तीन जगह दर्ज हो? लोकतंत्र पर बार-बार सवाल उठाने वाले राहुल गांधी बैलेट से भी चुनाव हारते रहे हैं। हार का रिकॉर्ड बनाने वाले राहुल गांधी अपनी नाकामी छिपाने के लिए लगातार लोकतांत्रिक संस्थाओं पर प्रहार करते हैं।

11 हजार वोल्ट की लाइन के संपर्क में आई रोड़ी मिलाने वाली मशीन

सड़क निर्माण के दौरान करंट लगने से 8 मजदूरों की मौत

पीएम मोदी ने मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपए देने की घोषणा की

एजेंसी ⏭ झुंझुनू

राजस्थान के झुंझुनू जिले में सड़क निर्माण के दौरान बड़ा हादसा हो गया। छापोली गांव में निर्माण कार्य के दौरान हाईटेंशन बिजली लाइन की चपेट में आने से 8 मजदूरों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य झुलस गए। पुलिस ने सोमवार को आठ मजदूरों की मौत की पुष्टि की है। पुलिस के मुताबिक गांव में सड़क निर्माण का काम चल रहा था। इसी दौरान रोड़ी मिलाने वाली मशीन ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की बिजली लाइन के संपर्क में आ गई। मशीन में करंट फैलने से वहां काम कर रहे मजदूर इसकी चपेट में आ गए। हादसे में आठ मजदूरों की जान चली गई।



रोड़ी मशीन के ऊपर से गई लाइन

मथुरा के संतों ने जताई कड़ी नाराजगी

कृष्ण पर टिप्पणी पर धीरेंद्र शास्त्री ने मांगी माफी, बोले मुझसे भाव में हो गई चूक

भोपाल। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण पर की गई विवादित टिप्पणी को लेकर सफाई दी है। उन्होंने हाथ जोड़कर कहा कि वे भावावेश में बोल गए थे। उनका उद्देश्य भगवान राम और कृष्ण में भेद करना नहीं था। यदि उनकी बात से किसी की भावनाएं आहत हुई हैं तो वे क्षमा मांगते हैं। शास्त्री ने कहा कि वे स्वयं ठाकुरजी और ब्रज के भक्त हैं। आधा वीडियो देखकर उन्हें कृष्ण विरोधी घोषित कर दिया गया, जबकि वे कृष्ण जन्मभूमि के लिए भी आवाज उठाते रहे हैं। इधर, टिप्पणी पर मथुरा के याचिकाकर्ता दिनेश फलाहारी महाराज ने नाराजगी जताते हुए कहा कि राम ब्रह्म हैं और कृष्ण योगेश्वर। ब्रजवासी ऐसी टिप्पणी बर्दाश्त नहीं करेंगे। साध्वी इंदुलेखा ने भी कहा कि श्रीकृष्ण हर ब्रजवासी के आराध्य और लाडले हैं।



संतों ने कहा ब्रजवासी नहीं करेंगे माफ

सुबह की हवा में 82 फीसदी नमी

पहली बार रात का पारा 15 डिग्री, ओस का असर शुरू



करीब एक दर्जन जिलों में हल्की बारिश का अलर्ट

भोपाल। सोमवार को राजधानी में इस सीजन में पहली बार रात का पारा सबसे कम 15 डिग्री रहा। सुबह की हवा में 82 फीसदी तक नमी पहुंचने और ओस का असर बढऩे से अब रात में गुलाबी सर्दी का असर बढ़ रहा है। साथ ही बंगाल की खाड़ी में नया तूफान मुरासु पूरी तरह सक्रिय हो गया है। इसके असर से दो दिन में प्रदेश में बारिश का दायरा और बढ़ेगा। सोमवार को सुबह से शाम तक बुरहानपुर,खंडवा के ओंकारेश्वर, खरगोन, महेश्वर, हरदा, देवास, नर्मदापुरम, पचमढ़ी, सांची, सीहोर, बैतूल में शाम के समय हल्की बारिश हुई है। मौसम केंद्र के अनुसार मंगलवार तक सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, सतना, अनुपपुर, शहडोल, उमरिया, डिंडोरी, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, मैहर, पांढुर्णा में कहीं कहीं बारिश होगी।

सरदार पटेल का बनाया विशाल चित्र

एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज हुआ नाम, रचा इतिहास



युवा कलाकार 'मन' ने 5 हजार वर्ग फीट का चित्र तैयार किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रीवा

विंध्य के युवा कलाकार मन ने 20 हजार से अधिक रंगीन कापियों से लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल का 5 हजार वर्ग फीट का विशाल मोजेक चित्र तैयार कर इतिहास रच दिया है। उनकी इस अनूठी कलाकृति को आधिकारिक तौर पर 'एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' में स्थान मिला है। 'मन विजुअल्स' के बैनर तले तैयार इस कलाकृति में पांच रंगों की कापियों का इस्तेमाल किया गया।

शराब की लत से परेशान था परिवार

बेटे की हत्या के लिए पिता ने ही दी तीन लाख की 'सुपारी'



आरोपी पिता सहित चार पुलिस की गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिंड

देहात थाना पुलिस ने मानपुरा रोड स्थित खंती में मिले अज्ञात युवक के शव की पहचान कर हत्या का खुलासा किया है। मामले में मृतक के पिता सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार पिता ने बेटे की हत्या के लिए तीन लोगों को एक-एक लाख रुपए की सुपारी दी थी।26-27 अक्टूबर की दरम्यानी रात ग्राम मानपुरा की खंती में प्लास्टिक की बोरी और तिरपाल में लिपटा युवक का शव मिला था।

राज्यसभा सीट के लिए वोटिंग तय

तीसरा प्रत्याशी चुनाव मैदान में, कांग्रेस ने दे दिया समर्थन

कांग्रेस के 10 विधायक बने प्रस्तावक



राजकुमार लोहानी

भोपाल। मप्र के राज्यसभा चुनाव में तीसरे प्रत्याशी की एंट्री भी हो गई है। सोमवार को निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर भोपाल स्थित घोड़ानक्कास के रहने वाले राजकुमार लोहानी ने नामांकन दाखिल किया है। हायर सेकंडरी पास लोहानी मोबाइल एसेसरीज की दुकान चलाते हैं। एक सीट के लिए अब तीन प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। लोहानी को कांग्रेस ने समर्थन दे दिया है। नामांकन पत्र पर कांग्रेस के 10 विधायकों ने हस्ताक्षर किया है। नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी 5 नवंबर को तथा मतदान 12 नवंबर को होगा। भाजपा से केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने नामांकन दाखिल किया है। विधायक हेमंत कटारे ने कहा कि कांग्रेस के सभी विधायक उनके साथ हैं। पार्टी का कहना है कि मप्र में योग्य लोगों की कमी नहीं है, ऐसे में राज्यसभा के लिए बाहर के प्रत्याशी को क्यों भेजा जाए। उधर, लोहानी ने सोमवार को विधानसभा में रिटर्निंग ऑफिसर के सामने नामांकन जमा किया।

नीलकेणि कमेटी का कार्यकाल बढ़ा

कमेटी 2027 की शुरुआत में ही सौंपेगी एग्जाम रिफॉर्म का प्लान

50,000 से अधिक सुझावों पर मंथन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



नंदन नीलकेणि

देश में परिक्षाओं को पूरी तरह सुरक्षित और पेपर-लीक प्रूफ बनाने के लिए काम कर रहे हाई पावर टास्क फोर्स को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है।

केंद्र सरकार ने इन्फोसिस के सह-संस्थापक नंदन नीलकेणि की अगुवाई वाले इस विशेष पैनल का कार्यकाल बढ़ा दिया है। टास्क फोर्स को अब अपनी अंतिम रिपोर्ट सौंपने के लिए जनवरी 2027 तक का समय दिया गया है।

इस छह सदस्यीय हाई-पावर कमेटी का गठन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इसी साल 25 जुलाई को किया गया था। अब तक इस टास्क फोर्स को देश भर के छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों, शैक्षणिक संस्थानों और परीक्षा आयोजित करने वाली एजेंसियों से 50,000 से अधिक महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त हो चुके हैं।

प्रगति की जानकारी दी

सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में एक हलफनामा दाखिल करके इस पैनल द्वारा अब तक की गई प्रगति की पूरी जानकारी भी शेयर की है। इस कमेटी के अन्य सदस्यों में इसरो के पूर्व अध्यक्ष एस सोमनाथ, आईबी के पूर्व निदेशक तपन डेका, आईआईटी मद्रास के निदेशक वी कामकोटि, पूर्व शिक्षा सचिव अनिता करवाल और लॉजिस्टिक्स एक्सपर्ट अमृत लाल मीना शामिल हैं।

18 नवंबर को कैबिनेट की विशेष बैठक गांधी सागर में होगी, कई मुद्दों को मिलेगी मंजूरी

देश का 'पहला' 1950 मेगावाट का हाइड्रो प्रोजेक्ट बनकर लगभग तैयार, दिसंबर में शुरू करने की तैयारी

इसे कुल 11,500 करोड़ रुपए की लागत से बनाया गया

हरि अग्रहरि ⏭ भोपाल

मप्र में देश का पहला हाइड्रो पावर स्टेशन शुरू होने जा रहा है। इससे रात के समय करीब 1950 मेगावाट बिजली पैदा होगी। इसे कुल 11,500 करोड़ रुपए की लागत से बनाया गया है। यह एशिया का तीसरा ऐसा प्रोजेक्ट है, जिसे दिन के समय सौर ऊर्जा से पंपों को चलाकर 31 मीटर टापू पर बने विशाल इंटरवेल (तालाब) में पानी भरा जाएगा, इसके बाद रात के समय हाइड्रो टरबाइन पर पानी छोड़कर इसे चलाया जाएगा। इससे उत्पादित बिजली काफी मंहगी लगभग 10 रुपए प्रति यूनिट के आसपास बेची जा सकती है। इससे सरकार को काफी लाभ होगा। देश के इस पहले हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट को लेकर गांधी सागर में पहली बार 18 नवंबर को विशेष कैबिनेट की बैठक होने जा रही है। इस बैठक में हाइड्रो पावर से जुड़े कई निर्णय लिए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की अध्यक्षता में होने वाली इस कैबिनेट बैठक में सभी मंत्री व विभागीय अधिकारी शामिल होंगे। इसमें मुख्यमंत्री डॉ. यादव हाइड्रो प्रोजेक्ट के साथ ही साथ अन्य मुद्दों पर मंत्रियों को ब्रीफिंग में जानकारी देंगे। इस बैठक को लेकर गांधी सागर में बड़े पैमाने पर तैयारियां की जा रही हैं। दरअसल, हाल में ही देशव्यापी बिजली संकट शुरू हुआ था। इस दौरान कई राज्यों ने पीक ऑवर में करीब 30 रुपए यूनिट तक बिजली सरप्लस वाले राज्यों से खरीदी। ऐसे में यह प्रोजेक्ट देश में पहला ऐसा प्रोजेक्ट होगा, जो मील का पत्थर साबित होगा। बता दें कि ऊंचे पहाड़ी पर बने इनटेल में 66 एमसीएम पानी इकट्ठा करने की क्षमता है।

अलग खबर



प्रोजेक्ट की झलक

काफी सस्ती बिजली का उत्पादन होगा

आज भी हाइडल प्रोजेक्ट की बिजली सबसे सस्ती मानी जाती है। सौर ऊर्जा की बिजली मेंटेनेंस खर्च व अन्य उपकरणों की वजह से अपेक्षाकृत पन बिजली से महंगी होती है। ऐसे में यह प्रोजेक्ट काफी सस्ती बिजली पैदा कर सकेगा। गांधी सागर हाइड्रो प्रोजेक्ट की खासियत यह है कि इसमें पहाड़ी के नीचे से कुल 9 टरबाइन को एक दूसरे के नीचे स्थापित किया गया है। पानी को जैसे ही नीचे की तरफ छोड़ा जाता है तो बारी-बारी से वह नीचे की तरफ लगे टरबाइन को घुमाता है। इससे बिजली का उत्पादन शुरू हो जाता है।

जबलपुर, मंगलवार 3 नवंबर 2026 ■ कार्तिक मास कृष्ण पक्ष-9 ■ वर्ष : 21, अंक : 180 ■ पृष्ठ : 2+6+6=14 मूल्य : 3.00 * मौसम अधि. 26 न्यून. 18 haribhoomi.com

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने घटना पर गहरा दुख जताते हुए इसे कर्तव्य की वेदी पर दिया गया सर्वोच्च बलिदान बताया। माफिया और अपराधियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।



40 लाख के कर्ज में डूबे युवक ने बेच दिया था घर और कार, किराए के मकान में रह रहा था मृतक

वर्दी पर बर्बरता *इंदौर-बैतूल हाईवे पर रविवार देर रात अवैध शराब से भरे एक आयशर ट्रक को रोकने के दौरान खातेगांव थाना प्रभारी (टीआई) दिलीप पुरी को वाहन से कुचल दिया गया*

स्पेशल डीजी उपेंद्र जैन को सौंपी जांच की कमान, एसआईटी गठित

शराब माफिया ने खातेगांव टीआई दिलीप पुरी की ट्रक से कुचल कर हत्या कर डाली

मुख्यमंत्री ने किया 1 करोड़ देने का ऐलान,पत्नी को अनुकंपा नियुक्ति मिलेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास/भोपाल

प्रदेश के देवास जिले में अवैध शराब माफिया के हौसले इस कदर बुलंद हो गए हैं कि उन्होंने खाकी पर ही बर्बर प्रहार कर दिया। इंदौर-बैतूल हाईवे पर रविवार देर रात अवैध शराब से भरे एक आयशर ट्रक को रोकने के दौरान खातेगांव थाना प्रभारी (टीआई) दिलीप पुरी को वाहन से कुचल दिया गया। गंभीर रूप से घायल टीआई ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने घटना पर गहरा दुख जताते हुए इसे कर्तव्य की वेदी पर दिया गया सर्वोच्च बलिदान बताया। उन्होंने घोषणा की कि राज्य सरकार शहीद टीआई दिलीप पुरी के परिवार को एक करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता देगी और उनकी पत्नी को पुलिस विभाग में सब-इंस्पेक्टर (एसआई) के पद पर अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की जाएगी। सीएम ने दो ट्वीट शब्दों में कहा कि माफिया और अपराधियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा ।



दिलीप पुरी



शव को तिरंगे में लपेटा गया, आखिरी विदाई देता परिवार

रूह कांप उठी

- वाहन मालिक केरम सिंह आलीराजपुर जिले से गिरफ्तार, 3 निलंबित
- पुरी को खातेगांव थाने में तिरंगे में लपेटकर गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया

ट्रक का पिछला भारी पहिया पुरी के ऊपर से गुजर गया

पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि हरदा की ओर से अवैध शराब की बड़ी खेप आयशर वाहन में लादकर इंदौर के रास्ते गुजरात भेजी जा रही है। देवास एसपी आदित्य मिश्रा के निर्देश पर नाकाबंदी कर टीमों को अलर्ट किया गया। खातेगांव और संदलपुर के बीच जब संदिग्ध ट्रक एक ढाबे के निकट रुका, तो टीआई दिलीप पुरी टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

गुप्त कंपार्टमेंट में छिपाई शराब की पेटियां

पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा भारी बल के साथ मौके पर पहुंचे और पूरे मामले की पड़ताल के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया। राज्य सरकार के निर्देश पर भोपाल से स्पेशल डीजी (आईपीएस) उपेंद्र जैन को जांच की कमान सौंपी गई। आईपीएस उपेंद्र जैन ने उज्जैन रेंज के एडीजी राकेश गुप्ता और देवास एसपी के साथ घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया।

ट्रक ड्राइवर को दबोचने छापे: वारदात के बाद आरोपी चालक ट्रक को आगे संदलपुर फाटे के पास छोड़कर फरार हो गया था, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। कार्रवाई के तहत पुलिस ने ट्रक के आगे कार से पायलेटिंग कर रहे वाहन मालिक केरम सिंह को आलीराजपुर जिले से धर दबोचा है।

जिंदगी से बर्बरता *कर्ज और आर्थिक तंगी में पूरी वारदात को दिया अंजाम, पड़ोसी बोले शाम तक बच्चे खेलते आए थे नजर, सुबह सबकी लाशें दिखीं*

सोते हुए परिजनों को हथौड़ा मारा फिर गला काटकर हत्या कर दी

कर्ज के बोझ को समझा जिंदगी का बोझ पूरे परिवार को मारा, फिर कर ली खुदकुशी

बुलट से सूखीसेवनिया पहुंचकर की रेल से कटकर आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित एलआईजी कॉलोनी मालीखेड़ी दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां परिवार के साथ रह रहे युवक ने नींद में सो रही मां पत्नी और बेटा बेटी की हथौड़े से हमला कर हत्या कर दी। इसके बाद उनके गले काट दिए। हत्या की वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी ने हाथ मुंह धोया और बुलट लेकर निकल गया। वह सीधे सूखीसेवनिया पहुंचा और जीजा को कॉल कर घर जाने का कहा। इसके बाद खुद रेलवे ट्रैक पर गर्दन रखकर आत्महत्या कर ली। परिवार के चार सदस्यों की हत्या और खुद आत्महत्या करने के पीछे कारण पारीवारिक विवाद नहीं, बल्कि कर्ज और आर्थिक तंगी की बात सामने आई है। दरअसल, कर्ज पूरा करने वह अपना मकान और कार बेच चुका था। बावजूद इसके कर्ज चुका नहीं सका। पुलिस ने घर से हत्या में इस्तेमाल हथौड़ा और चाकू बरामद किया है। सभी शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिए गए हैं।



मृतकों के शव घर से बाहर ले जाती पुलिस

- छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित एलआईजी कॉलोनी मालीखेड़ी में दिल दहला देने वाली घटना
- पुलिस ने घर से हत्या में इस्तेमाल हथौड़ा और चाकू बरामद किया

रेलकर्मी का मकान किराए पर लिया था

जानकारी के अनुसार नरेंद्र साहू (37) एलआईजी कॉलोनी, मालीखेड़ी, टिटोरी घाट के पास छोला में परिवार के साथ रहता था। उसके परिवार में मां सरस्वती साहू (58) पत्नी सोमलता साहू (30) और 10 साल की बेटी कीर्ति साहू सहित छह साल का बेटा कुश रहता था।

सुसाइड के बाद खुला हत्याकांड

सूखी सेवनिया पुलिस ने चौपड़ा कला रेलवे ट्रैक से सुबह करीब दस बजे नरेंद्र साहू की लाश बरामद की। रेलवे ट्रैक से कुछ दूरी पर बुलट बाइक मिली थी, जबकि मृतक के पास मोबाइल और अन्य दस्तावेज मिले। मोबाइल पर डायल कॉल पर कॉल किया गया।

ताला तोड़ा तो दो कमरों में मिले 4 शव: नरेंद्र के जीजा को बाहर से ताला लगा होने पर संदेह हुआ। उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़ा गया। दरवाजा तोड़ने पर अंदर के दो कमरों में क्रमशः मां बेटे और बेटी सहित दादी की लाश मिली।

पाठक सूचना
हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
का मास्टर कूपन
कल के अंक में देखें।

हरिभूमि सहेली
आज के अंक के साथ

खबर संक्षेप

मुकेश अंबानी बने दुनिया के 23वें सबसे अमीर व्यक्ति

नई दिल्ली। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी की संपत्ति में सोमवार को एक दिन में 6.3 अरब डॉलर का इजाफा हुआ। रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में आई तेजी से उनकी संपत्ति बढ़कर 88.8 अरब डॉलर हो गई। फोर्ब्स की दो नवंबर को जारी रियल-टाइम अरबपतियों की सूची में अंबानी दुनिया के 23वें सबसे अमीर व्यक्ति बन गए।



साइबर विशेषज्ञ जुटे जांच में

गायक दिलजीत दोसांझ के इंदौर कॉन्सर्ट में बम धमाके की धमकी



- 15 नवंबर को सी 21 मैदान में होना है कार्यक्रम
- तीन स्कूलों को भी मिले ई-मेल लिखा बच्चों को न भेजें

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंदौर

पंजाबी गायक और अभिनेता दिलजीत दोसांझ के 15 नवंबर को इंदौर में होने वाले लाइव कॉन्सर्ट पर धमकी का साया मंडरा रहा है। आतंकी संगठन के नाम से भेजे गए ई-मेल में कार्यक्रम के दौरान आईईडी से धमाके करने की चेतावनी दी गई है। यही नहीं, इंदौर के तीन स्कूलों को भी धमकी भरे ई-मेल भेजकर कहा गया है कि वे अपने बच्चों को कॉन्सर्ट में न भेजें, क्योंकि वहां बम विस्फोट किए जाएंगे। धमकी मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच तेज कर दी है। ई-मेल इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव के कार्यालय सहित कई अन्य लोगों को भी भेजा गया है। इसमें मुंबई में अमिताभ बच्चन के बंगले 'जलसा' को उड़ाने की धमकी भी दी गई है। यह मेल 'खालिस्तानी नेशनल आर्मी' के नाम से भेजा गया है। इसमें खुद को इंजीनियर गुरानाख सिंह, रुखन शाहवाला, डॉ. गुरनिरवेर सिंह और बब्बर खालसा के प्रोफेसर गुरकाल सिंह पीएचडी बताने वालों के नाम दर्ज हैं।

एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया के मुताबिक सोमवार सुबह तीन स्कूलों को धमकी भरे ई-मेल मिले।

स्वास्थ्य व्यवस्था पर भड़के रीवा सांसद

डॉक्टर भगवान नहीं, दानव बनते जा रहे, नोट छापने की मशीन बने



सरकारी ड्यूटी में लापरवाही करने वालों के लाइसेंस रद्द हों

हरिभूमि न्यूज ⏭ रीवा

जिले की बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्थाओं और सरकारी अस्पतालों में कथित लापरवाही को लेकर भाजपा सांसद जनार्दन मिश्रा ने डॉक्टरों पर तीखा हमला बोला है। सोमवार को मीडिया से चर्चा में उन्होंने कहा कि डॉक्टर अब भगवान नहीं रहे, बल्कि नोट छापने की मशीन बन गए हैं। उनके हाथ में होता तो वे सभी डॉक्टरों के लाइसेंस निरस्त कर इलाज करने का अधिकार खत्म कर देते। सांसद ने कहा कि कुछ चिकित्सक मरीजों की सेवा करने के बजाए पैसा कमाने में लगे हैं। ये डॉक्टर नहीं, बल्कि नोट छापकर कोठियां बनाने वाले लोग हैं। जनता की नजर में अब डॉक्टर भगवान नहीं, बल्कि दानव बनते जा रहे हैं। मिश्रा ने कहा कि डॉक्टरों को निजी प्रैक्टिस करने से कोई नहीं रोक रहा, लेकिन उन्हें सरकारी अस्पतालों में अपनी जिम्मेदारी भी ईमानदारी से निभानी चाहिए। सरकारी ड्यूटी में लापरवाही करने वाले चिकित्सकों को नौकरी से हटाने के साथ उनकी निजी प्रैक्टिस पर भी रोक लगनी चाहिए। गौर हो कि अगस्त में संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल में कल्पना मिश्रा और उनके नवजात की मौत का मामला सामने आया था।

अभिनेता इमरान खान ने बॉम्बे हाईकोर्ट की फटकार के बाद दिया हलफनामा

प्रदर्शन में शामिल होने पर मांगी बिना शर्त माफी भविष्य में प्रदर्शनों में शामिल नहीं होने का भरोसा

7 दिसंबर तक भारत छोड़ने के नोटिस पर रोक

एजेंसी ⏭ मुंबई

अभिनेता इमरान खान ने सोमवार को मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ मुंबई में हुए प्रदर्शन में शामिल होने पर बॉम्बे हाईकोर्ट से बिना शर्त माफी मांग ली। अदालत की फटकार के बाद उन्होंने हलफनामा दाखिल कर भविष्य में एसआईआर के विरोध में होने वाले प्रदर्शनों में शामिल नहीं होने का भरोसा भी दिया। इसके बाद अदालत ने उनके खिलाफ जारी 'लीव इंडिया नोटिस' पर लगी रोक 7 दिसंबर तक बढ़ा दी।



इमरान को कोर्ट में पेश किया गया

14 अक्टूबर को जारी हुआ था नोटिस

इमरान खान अमेरिकी नागरिक हैं और उनके पास ओवरसीज सिटिजन ऑफ इंडिया (ओसीआई) कार्ड है। 10 अक्टूबर को मुंबई में मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ हुए प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने उन्हें हिरासत में लिया था। इसके बाद भाजपा नेता किरीट सोमैया ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने अभिनेता पर ओसीआई नियमों और वीजा शर्तों के उल्लंघन का आरोप लगाया था। मुंबई पुलिस ने इस मामले में दर्ज एफआईआर एफआरआरओ को भेजी थी।



हरिभूमि

जबलपुर, मंगलवार
3 नवंबर 2026

सहेली



दीपक की आभा-सी दमकें अनुभूतियां

दीपावली पर प्रज्ज्वलित मिट्टी के दीपक जीवन में हमें बड़ी-बड़ी सीख देते हैं। ये बताते हैं कि हम कैसे अज्ञानता के अंधेरे में ज्ञान की ज्योति जलाकर सही मार्ग पर चलें, जीवन में आभा बिखेरें, हमारी अस्मिता बनी रहे। ये दीपक आपस में जुड़कर मानवीय प्रेम का प्रकाश फैलाने का महत्व भी बताते हैं। सही मायने में ये दीपक हमें जीवन दर्शन बताते हैं, जीवन जीने की कला सिखाते हैं।

आवरण कथा

डॉ. मोनिका शर्मा



दीपावली के पर्व पर दीयों से भरी थाली लिए प्रकाश बांटते हुए थोड़ी-सी चमक अपने अंतर्मन में भी उतारें। मिट्टी के नन्हे दीये की उजास से बहुत कुछ सीखा जा सकता है। दीये की सहज-सी टिमटिमाहट जीवन से जुड़े अनगिनत पाठ पढ़ाती है। दीपावली पर अपने आंगन में ही नहीं, दूसरों की देहरी पर भी दीप रखने की परंपरा निभाने वाली स्त्रियां, दीपक से बहुत कुछ सीख सकती हैं। दीपोत्सव मनाते हुए, दीये जलाते हुए, मिट्टी के प्यारे से दीपक से जीवन में उजास भर देने वाले सबक जरूर लें।

भरें अपने मन में उजास

घर-आंगन ही नहीं, रिश्तों को भी स्नेह के उजास से पूरने वाली स्त्रियां खुद उपेक्षा और अकेलेपन के अंधकार से घिर जाती हैं। इंसानी भाव-चाव के उजालों से दूर अपने आप में सिमट कर रह जाती हैं। यह आशा बनी रहती है कि किसी का स्नेह, साथ या सहारा इस घेरे को तोड़ेगा। ऐसे मनोभावों से घिरी हर स्त्री माटी के दीये से सार्थक सीख ले सकती है। कहा भी गया है 'अपना दीपक स्वयं बनो' यानी पहले अपने मन को प्रकाशित करो, फिर औरों के जीवन को। यह बात उजाला फैलाने के मोर्चे पर तैनात माटी के दीपक से बेहतर कौन सिखा सकता है। स्त्रियां अकसर औरों के जीवन में उजाला भरने की जद्दोजहद में अपने भीतर पसरती अनचाही-सी पीड़ा के अंधेरे को नहीं देख पातीं, जबकि दिवाली केवल बाहर नहीं, भीतर भी उजास भरने का उत्सव है। केवल घर की साफ-सफाई नहीं बल्कि तनाव, चिंता और तुलना के भाव वाली मन में जमी धूल झाड़ने का भी अवसर है। यह त्योहार अपने हिस्से की उजास पाने के मोर्चे पर तैनात होने का जाग्रत-भाव साथ लाता है। नन्हे दीये की कांपती लौ का सौंदर्य परेशानियों में भी डटे रहने का ही सबक देता है। असीम धैर्य और हौंसला सहेजे यह आभा, स्वयं अपनी अनुभूतियों को समझने का भी संदेश लिए है। आत्म साक्षात्कार के इस पर्व में महिलाएं एक दीया अपने मन में भी जलाएं।

दिखावटी चमक से दूरी

माटी का दीपक ठहराव की भी सीख देता है। आज के समय में यह सबक बहुत जरूरी है, क्योंकि झूठी चमक-दमक स्त्रियों को बहुत सी समस्याओं का शिकार बना देती है। विचारणीय है कि झिलमिलाते हुए प्रकाश की उजास में भी दीया कहीं गुम नहीं हो जाता। दीपक का अस्तित्व और आलोक चमक-दमक के बीच भी बना रहता है। वह किसी भी परिस्थिति में भ्रमित होकर अपनी लौ नहीं बुझा लेता। माटी के दीये की इस सीख में हर महिला के लिए बहुत गहरी बात समाहित है। चमचमाती कृत्रिम रोशनी के बीच भी दीये की रौनक के अपने मायने हैं। आनंद और आत्मीयता के इस उत्सव को, उल्लास से जीते हुए यह सीख जरूर लें कि अपने मन-जीवन की आभा की तुलना किसी से नहीं करनी है।

जज्बाती जुड़ाव की रोशनी

बिखरते रिश्तों के इस दौर में माटी का दीपक जुड़कर रहने की सीख भी देता है। घर-परिवार को थामने वाली महिलाएं यह बात स्वयं भी समझें और अपनों को भी समझाएं। यूं ही दिवाली के सुंदर उत्सव का प्रकाश भी अपनों के साथ से ही तो बिखरता है। दीया भी समझाता है कि जितनी आभा के साथ वह अकेला जलता है, उससे कहीं अधिक पूर्णता एक पंक्ति से जुड़ पाता है। अपने साथियों की कतार में शामिल होते ही दीपक की दमक और बढ़ जाती है। समाज, परिवार और संबंधों को आज ऐसे ही जुड़ाव की जरूरत है। अपनेपन से आलोकित होने की दरकार है। दीये जलाने का प्रतीकात्मक अनुष्ठान असल में अनुभूतियों को मानवीयता से जोड़ने का उद्देश्य लिए है। दीपक नई शुरुआत का भी प्रतीक होता है। ऐसे में रिश्तों में आई उलझनों को सुलझाकर किसी भी मोड़ पर फिर एक नई शुरुआत करने का सबक लें। मिट्टी का दीपक बंद दरवाजे के पीछे भी जल रहा हो , तो भी उसकी रोशनी बाहर निकलने का रास्ता बना ही लेती है। कहीं दूर अंधेरे में जल रहा दीया भी अपने होने की चमक हम तक पहुंचा ही देता है। इसीलिए घरों की चौखट और मुंडेर पर दीपक जलाते हैं। दीपक से जीवन के किसी भी पड़ाव पर नई शुरुआत कर अपने जीवन को जगमग करने का पाठ अवश्य पढ़ें।

कोशिशों की उजास

माटी का टिमटिमाता दीपक समझाता है कि अपनी शक्ति और सामर्थ्य को समेटकर आगे बढ़ते रहो। दीपक की बाती हवाओं से पूरी हिम्मत से जूझती है। ठिठकती है, मंद पड़ती है पर बुझती नहीं। स्त्रियों को भी चेतना के धरातल पर यूं ही जाग्रत रहना चाहिए। हंसते-मुस्कुराते जीवन के हर पहलू के प्रति जागरूक रहते हुए आगे बढ़ने का भाव रखना चाहिए। जिम्मेदारियों की भाग-दौड़ में अपने अस्तित्व को बचाए रखने के लिए उम्मीदों का दामन थामे रहना आवश्यक है। दीया जलते ही घर के सभी कोने सकारात्मक ऊर्जा से भर जाते हैं। यूं ही महिलाएं भी हर परिस्थिति में अपने व्यवहार को सकारात्मक और विचारों की समझ से प्रकाश से लबरेज रखने की कोशिश करती हैं। यह बात व्यक्तिगत रूप से महिलाओं के जीवन में ही नहीं, पूरे परिवार में खुशहाली लाती है। दीये से यह सीखना होगा कि किस तरह सौम्य मुस्कुराहट बिखेरते हुए सहज स्वीकार्यता का भाव रखना है। a

जब तक घर-आंगन में खूबसूरत सी रंगोली न सजी हो, दीपावली की सजावट अधूरी लगती है। रंगोली से सारी सज्जा खिल उठती है। हम यहां आपको बता रहे हैं, कुछ आसान-आकर्षक रंगोली डिजाइंस के बारे में।

रंग-बिरंगी रंगोली से सजाएं घर

साज-सज्जा

श्वेता आयंगर



जब बात हो दीपावली पर सजावट करने की, तो आज के दौर में इसके आधुनिक और हाईटेक के कई तरीके उपलब्ध हैं। लेकिन सजावट के कुछ पारंपरिक तरीकों का सौंदर्य, लाजवाब होता है। रंगोली भी इन तरीकों में से एक है। रंगोली सजाने के कुछ खूबसूरत पैटर्न के बारे में जानिए।

बिंदुओं वाली रंगोली: ट्रेडिशनल बिंदु वाली रंगोली दीपावली पर खूब पसंद की जाती हैं। इसे शुभ भी माना जाता हैं। भले ही इसे बनाने में समय अधिक लगता है लेकिन तैयार होने पर बेहद खूबसूरत लगती है। इसमें बिंदु छाप या सफेद चाक की मदद से खूबसूरत पैटर्न बनाए जाते हैं। इसमें ज्यादातर भगवान कृष्ण, भगवान गणेश, देवी लक्ष्मी के चरण, स्वास्तिक, स्टार, फूल, दीपक, जियोमेट्रिकल शेप्स, मोर या दक्षिण भारतीय कला पैटर्न बनाए जाते हैं। आप इसे केवल सफेद आउटलाइन के रूप में छोड़ सकती हैं या रंगोली पावडर, हल्दी-चावल और रंग-बिरंगे अनाज से रंग भरकर और आकर्षक बना सकती हैं।



फूलों वाली रंगोली: इस तरह की रंगोली जल्दी बन जाती है और इसे सजाने के लिए ज्यादा मेहनत नहीं करनी पड़ती है। इसे बनाने के लिए आप अलग-अलग तरह के ताजे साबुत फूल, सूखे फूल, फूलों की पंखुड़ियों और पत्तियों का इस्तेमाल करके शानदार रंग-बिरंगे पैटर्न और डिजाइन बना सकती हैं। आप इसे गोल, चौकोर किसी भी आकार में बना सकती हैं। इसके बीच में छोटे दीए रख सकती हैं। जब इस रंगोली पर दीयों की रोशनी चमकती है, तो यह और भी खूबसूरत लगती है।

रेडीमेड रंगोली: अगर आप रंगोली बनाने में एक्सपर्ट नहीं हैं, तो निराश न हों। आजकल बाजार में रेडीमेड रंगोली स्टेंसिल्स मिल जाते हैं। ये स्टेंसिल्स आप कई बार इस्तेमाल कर सकती हैं। इनमें आपको अलग-अलग डिजाइन और शेप मिल जाएंगे। ॐ, स्वास्तिक और फेस्टिवल के अनुसार डिजाइन आपको आसानी से मिल जाएंगे। आप अपनी क्रिएटिविटी के अनुसार इन स्टेंसिल्स का उपयोग करके रंगोली को और भी खास बना सकती हैं। स्टेंसिल्स के अलावा इन दिनो डी. आई. वाई. रंगोली किट भी ट्रेंड में हैं। इस तरह की किट में डिजाइन शीट, कलर और सजावट का समान एक साथ आता हैं। बस आपको इसमें रंग भरना होता है और मिनटों में सुंदर रंगोली रेडी हो जाती है।

पानी पर रंगोली: अगर आप कुछ नया और अलग आजमाना चाहती हैं, तो पानी पर रंगोली बनाना भी बेहतर विकल्प है। पानी पर बनी रंगोली न केवल आकर्षक दिखती है, बल्कि इसे संभालना और सजाना आसान होता है। इसके लिए किसी चौड़े बर्तन या थाली में पानी भरें और ऊपर से कुछ बूंदें तेल की डालें, ताकि रंग पानी में फैले नहीं। आप चाहें तो थाली के अंदर की सतह पर पहले हल्का तेल लगा सकती हैं। इससे रंगोली ज्यादा देर तक टिकती है। फिर धीरे-धीरे रंग या फूलों के पीटल्स से अपनी पसंद का पैटर्न बना लें। इसे और आकर्षक बनाने के लिए आप इसमें फ्लोटिंग दीयों या अरोमा कैंडल्स से भी सजा सकती हैं।



क्रिएटिविटी का करें यूज: थोड़ी-सी क्रिएटिविटी और घर में मौजूद कुछ सामान से भी आप शानदार रंगोली बना सकती हैं। जैसे चूड़ी, सुपारी, ईयरबड्स, पेपर कप्स, चम्मच आदि चीजों की मदद से भी बेहद सुंदर रंगोली डिजाइन बना सकती हैं। ई-टूल्स से रंगोली जल्दी बन जाती है और देखने में भी बेहद सुंदर लगती है। आप चाहें तो यू-ट्यूब पर रंगोली ट्यूटोरियल की मदद से स्टेप बाय स्टेप इस तरह की रंगोली बनाना सीख सकती हैं। थोड़ी सी-प्रैक्टिस और कल्पनाशक्ति के साथ आप हर बार कुछ नया ट्राई कर सकती हैं। a

(रंगोली एक्सपर्ट प्राची वर्मा से बातचीत पर आधारित)

ट्रेंड

ललिता गोयल

फेस्टिव ऑकेजन पर एसेसरीज से पाएं स्टनिंग लुक

जब मौका हो दीपावली जैसे पर्व का तो सजना-संवरना और खूबसूरत दिखना भला कौन नहीं चाहेगा! दूसरों से खुद को अलग दिखाने के लिए कुछ अलग एफर्ट करना जरूरी होता है। इसके लिए आप कुछ स्पेशल एसेसरीज को कैरी कर सकती हैं।



स्टेटमेंट ज्वेलरी: स्टेटमेंट ज्वेलरी, आमतौर पर बड़ी साइज की और डिजाइनर होती है, जो लुक को एक नए लेवल पर ले जाती हैं। स्टेटमेंट ज्वेलरी में चंकी नेकलेस, पायल, झुमका, चूड़ी या कड़ा शामिल होते हैं, जो साड़ी या लहंगे के साथ परफेक्ट लगते हैं। ट्रेंडी और मॉडर्न लुक के लिए मेटल और स्टोन से बनी स्टेटमेंट ज्वेलरी जैसे गोल्डन और सिल्वर चोकर सेट, मीनाकारी कड़ा या स्टोन वाली अंगूठियां भी लुक को और सुंदर बना सकती हैं। खूबसूरत-सी कॉकटेल रिंग भी परफेक्ट लुक देने में मदद करती है।



मांगटीका और बिंदी: पारंपरिक मांगटीका और बिंदी भी फेस्टिव लुक में एक खास टच जोड़ती है। भारतीय परंपरा में एथनिक लुक के साथ बिंदी न लगाई जाए तो कुछ अधूरा सा लगता है। लहंगे और साड़ी के साथ मांग टीका भी आपके लुक को कंप्लीट करता है।

पोल्की झुमके विद लेयर चेन: फेस्टिव लुक में पोल्की झुमके एकदम ट्रेडिशनल लुक देते हैं पोल्की झुमकों के साथ लेयर में चेन अटैच्ड करके बालों में पिनअप करके एंटीक टच पाया जा सकता है।



डिजाइनर चूड़ियां: फेस्टिव सीजन में लुक को और भी ज्यादा इनहैंस करने के लिए आप आउटफिट के हिसाब से मैचिंग या फिर कलरफुल चूड़ियां पहन सकती हैं। इसके अलावा ऑक्सीडाइज और कुंदनवर्क के बैंगल्स भी परफेक्ट लुक देते हैं।

आकर्षक कमरबंद: स्टोन स्टडेड एंड पर्ल बीडेड कमरबंद भी साड़ी और लहंगे के साथ परफेक्ट लुक देता है। कांजीवरम या बनारसी साड़ी पर ट्रेडिशनल कमरबंद पहनने से एक स्टाइलिश और अट्रैक्टिव लुक मिलता है।

हेयर एसेसरीज: गजरा, हेयर पिंस या फ्लोरल हेड गियर के जरिए आप अपने हेयरस्टाइल को फेस्टिव रंग में रंग सकती हैं। a

(फैशन डिजाइनर मीनाक्षी खंडेलवाल से बातचीत पर आधारित)



प्रिकॉशन

महिलाएं त्योहार की तैयारियों में इतनी व्यस्त रहती हैं कि अपनी डाइट और सेहत पर ध्यान नहीं दे पातीं। ऐसे में उनको कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इससे बचने के लिए डाइट का ध्यान रखना जरूरी है।

जब लेंगी प्रॉपर डाइट सही रहेगी आपकी हेल्थ



दीपावली जैसे बड़े फेस्टिवल पर महिलाएं सफाई, सजावट, पूजा और मेहमानों की खातिरदारी में इतनी व्यस्त हो जाती हैं कि अपनी सेहत को नजरअंदाज कर देती हैं। ऐसे में ज्यादा मीठा और तला-भुना खाने, पानी कम पीने और नींद पूरी न होने से गैस, एसिडिटी, थकान होने के साथ ही ब्लड शुगर व ब्लड प्रेशर में उतार-चढ़ाव जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए त्योहार का आनंद लेने के साथ खान-पान में संतुलन बनाए रखना भी जरूरी है।

न करें ये गलतियां: त्योहार के दिनों में मिठाइयों और नमकीन का जरूरत से ज्यादा सेवन, समय पर भोजन न करना, पानी कम पीना और देर रात तक जागना सेहत पर भारी पड़ सकता है। लंबे समय तक खाली पेट रहने से एसिडिटी बढ़ सकती है, जबकि पर्याप्त पानी न पीने से कब्ज और डिहाइड्रेशन की समस्या हो सकती है। इसलिए व्यस्तता के बीच भी समय पर खाना खाएं और आराम के लिए वक्त जरूर निकालें।

खुद को भी दें प्राथमिकता: कई महिलाएं परिवार और मेहमानों की देखभाल के साथ अपनी सेहत का ध्यान रखना भूल जाती हैं। ऐसे में अपनी सेहत को भी प्राथमिकता दें। इस दौरान संतुलित भोजन, पर्याप्त पानी, पूरी नींद और हल्की शारीरिक गतिविधि आपको ऊर्जावान बनाए रख सकती है। याद रखें, त्योहार का असली आनंद तभी है, जब स्वाद के साथ सेहत का भी ख्याल रखा जाए। महिलाएं अकसर परिवार और मेहमानों का ख्याल रखते-रखते अपनी सेहत को नजरअंदाज कर देती हैं। नतीजा यह होता है कि त्योहार के बाद वे थकान, एसिडिटी, वजन बढ़ना या ब्लड शुगर/बीपी में गड़बड़ी जैसी समस्याओं से जूझने लगती हैं। इसलिए जरूरी है कि महिलाएं खुद की डाइट और दिनचर्या का संतुलन बनाए रखें।

ऐसी हो आपकी डाइट: त्योहार के समय महिलाओं की डाइट कैसी हो इस बारे में कोकून हॉस्पिटल, जयपुर में सीनियर कंसल्टेंट-ऑब्सटेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी, **डॉ. चारुलता बंसल** बताती हैं, 'महिलाओं को हल्का, संतुलित और पोषक तत्वों से भरपूर भोजन लेना चाहिए। दिन की शुरुआत पोहा, उपमा, दलिया या इडली जैसे पौष्टिक नाश्ते से करें। खाने में हरी सब्जियां, दाल, दही, सलाद और साबुत अनाज शामिल करें। मिठाइयां खाएं, लेकिन उनकी मात्रा सीमित रखें। तले-भुने स्नैक्स की जगह भुने चने, मखाने और मेवे चुनें। दिनभर पर्याप्त पानी पिएं और छाछ या नीबू-पानी जैसे पेय भी लें।

शुगर-बीपी पेशेंट रहें सतर्क: डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर से जूझ रही महिलाओं को त्योहारों में विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। इस बारे में श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टीट्यूट, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट-एंडोक्राइनोलॉजी **डॉ. साकेत कांत** सलाह देते हैं, 'दवाएं समय पर लें और डॉक्टर की सलाह के अनुसार ब्लड शुगर की जांच करवाती रहें। मीठे और ज्यादा कार्बोहाइड्रेट वाले खाद्य पदार्थों की मात्रा नियंत्रित रखें। बीपी की समस्या होने पर नमक और तली भुनी चीजों का सेवन सीमित करें।

दिवाली जैसे त्यौहार में स्वादिष्ट व्यंजन खाने का आनंद लेना गलत नहीं है, लेकिन समझदारी से खाया गया हर निवाला ही सेहत का असली मंत्र है। ऐसे में त्योहार की खुशी अच्छे से मना पाएंगी। a

प्रस्तुति: सहेली फीचर्स

खबर संक्षेप

राजनाथ सिंह ने वायु सेना प्रमुख से की मुलाकात

नई दिल्ली। देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वायु सेना के नवनियुक्त वायु सेना प्रमुख आशुतोष दीक्षित से मुलाकात की। सोशल मीडिया पोस्ट में, रक्षा मंत्री सिंह ने कहा कि वायु सेना प्रमुख आशुतोष दीक्षित एक बेहतरीन वायु योद्धा हैं, जो अपने शानदार नेतृत्व के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने कहा कि वायु सेना प्रमुख का आगामी कार्यकाल वायु सेना के लिए प्रगति की ओर ले जाएगा। इस बीच सुरक्षा को लेकर चर्चा भी हुई।



नेपाल में फंसे छह भारतीय निकाले गए

काठमांडू। नेपाल के शे-फोक्सुंडो राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र में भारी बर्फबारी के कारण फंसे छह भारतीय पर्यटकों को सोमवार सुबह सुरक्षित निकाल लिया गया। इनमें दो महिलाएं और चार पुरुष शामिल हैं। डोल्पा जिला पुलिस के अनुसार, पर्यटकों से एक नवंबर से संपर्क टूट गया था। सोमवार को निजी हेलीकॉप्टर की मदद से उनका रेस्क्यू किया गया। सभी को दुनै स्थित सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

दो भारतीय कंपनियां युद्ध स्तर पर निर्माण कार्य करेंगी

मिसाइल-सेंसर से लैस 8 युद्धपोत नौसेना को मिलेंगे, 53,866 करोड़ का अनुबंध

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्रालय ने भारतीय नौसेना के लिए 8 नए युद्धपोत बनाने के लिए 53,866.50 करोड़ के समझौते पर साइन किए हैं। ये नेक्स्ट जनरेशन कॉर्वेट यानी नई पीढ़ी के युद्धपोत होंगे। इनमें आधुनिक मिसाइल, हथियार और सेंसर सिस्टम लगाए जाएंगे। इन युद्धपोतों को बनाने की जिम्मेदारी दो भारतीय कंपनियों को दी गई है। इनमें कोलकाता की गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) पांच और गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (जीएसएल) तीन युद्धपोत बनाएगी। सोमवार को नई दिल्ली के कर्तव्य भवन-2 में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की मौजूदगी में इस समझौते पर साइन किए गए। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, इन युद्धपोतों में 70% से ज्यादा सामान भारत में बनाया जाएगा। इनका डिजाइन भी भारतीय नौसेना तैयार करेगी। युद्धपोतों को 2030 तक नौसेना को सौंपने का लक्ष्य रखा गया है। यह प्रोजेक्ट सरकार के आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया अभियान का हिस्सा है। इससे देश में युद्धपोत बनाने के काम को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही, रक्षा क्षेत्र में दूसरे देशों पर निर्भरता कम करने और भारतीय कंपनियों की भागीदारी बढ़ाने में मदद मिलेगी। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, इन युद्धपोतों के निर्माण से अगले 10 साल में शिपयार्ड में 72 लाख और उनसे जुड़े उद्योगों में 460 लाख काम के दिनों के बराबर रोजगार पैदा होने की उम्मीद है। इसका मतलब है कि अलग-अलग लोगों को मिलाकर कुल 532 लाख दिनों तक काम मिलेगा। इस परियोजना में सरकारी रक्षा कंपनियों के साथ निजी शिपयार्ड और भारतीय उद्योग भी शामिल होंगे। इससे छोटे और मध्यम कारोबारों को भी काम के अवसर मिलेंगे।

दुश्मन के जहाजों और पनडुब्बियों पर नजर रखेंगे



अनुबंध के दौरान लिया गया सामूहिक चित्र

नेक्स्ट जनरेशन कॉर्वेट में आधुनिक मिसाइल, हथियार और सेंसर सिस्टम लगाए जाएंगे। इनकी मदद से नौसेना हवा, समुद्र की सतह और पानी के नीचे से आने वाले खतरों का मुकाबला कर सकेगी। इन जहाजों का इस्तेमाल समुद्री व्यापार के रास्तों की सुरक्षा, दुश्मन के जहाजों और पनडुब्बियों के खिलाफ कार्रवाई और तटीय सुरक्षा के लिए किया जाएगा। ये समुद्र के किनारे सैन्य अभियान चलाने और निगरानी रखने में भी मदद करेंगे।

नेक्स्ट जनरेशन कॉर्वेट की खासियतें

- 8 नेक्स्ट जनरेशन कॉर्वेट का वजन करीब 2,000 टन होगा।
- ये 30 नॉट यानी 55.5 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकेंगे।
- इनका स्टील्थ डिजाइन भारतीय नौसेना ने खुद तैयार किया है। इन्हें आधुनिक तकनीक से बनाया जाएगा।
- ये युद्धपोत दुश्मन के जहाजों पर हमला करने, पनडुब्बियों का पता लगाने और हवाई हमलों से बचाव करने में सक्षम होंगे।
- इनका इस्तेमाल तटीय सुरक्षा, समुद्री गश्त, खोज और बचाव अभियान में भी किया जा सकेगा।
- इन्हें हिंद महासागर क्षेत्र की सुरक्षा जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया जाएगा।
- इनमें आधुनिक हथियार और सेंसर लगाए जाएंगे।
- इनकी तेज रफ्तार और आसानी से दिशा बदलने की क्षमता नौसेना की ताकत बढ़ाएगी।



ब्रसेल्स में भारत-ईयू बैठक

दिसंबर में होंगे समझौतेः भारत-ईयू एफटीए लागू करने की तैयारियां तेज



बैठक में हुई विस्तृत चर्चा

ब्रसेल्स में वाणिज्य सचिव की यूरोपीय आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात

एजेंसी ▶▶ नईदिल्ली

भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को लागू करने की तैयारियां तेज हो गई हैं। इसे लेकर ब्रसेल्स में हुई उच्चस्तरीय बैठकों में दोनों पक्षों ने बाजार तक पहुंच बढ़ाने, कस्टम प्रक्रियाओं को सरल बनाने और सप्लाई चेन सहयोग मजबूत करने पर विस्तार से चर्चा की। समझौते पर दिसंबर 2026 के मध्य तक हस्ताक्षर होने की संभावना है। इसके बाद 2027 के मध्य तक इसे लागू करने का लक्ष्य रखा गया है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अनुसार, वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने यूरोपीय आयोग के व्यापार एवं आर्थिक सुरक्षा महानिदेशालय की महानिदेशक डिट्टे जूल जोर्गेनसेन, अंतरराष्ट्रीय भागीदारी महानिदेशालय के महानिदेशक कोएन डोएन्स और कराधान एवं कस्टम संघ महानिदेशालय के महानिदेशक गेरासिमोस थॉमस से मुलाकात की।

निर्यात के 99% हिस्से पर शुल्क खत्म होगा

भारत और ईयू ने 27 जनवरी 2026 को 16वें शिखर सम्मेलन में एफटीए वार्ता पूरी होने की घोषणा की थी। समझौते की कानूनी जांच और सत्यापन की प्रक्रिया जारी है। इसके लागू होने पर ईयू को होने वाले भारतीय निर्यात के 99 प्रतिशत से अधिक हिस्से पर शुल्क समाप्त हो जाएगा। इससे कपड़ा, चमड़ा और आभूषण जैसे श्रम आधारित उद्योगों को बड़ा लाभ मिलने की उम्मीद है। वहीं, भारत यूरोपीय उत्पादों के 96 प्रतिशत से अधिक हिस्से पर शुल्क कम करेगा। इसमें कारों पर आयात शुल्क को चरणबद्ध तरीके से घटाकर 10 प्रतिशत करने का प्रस्ताव है। यह सालाना 2.5 लाख वाहनों के कोटे के तहत लागू होगा।

सह पायलट रखने को तैयार नहीं कंपनियां

हेलिकॉप्टर संचालकों ने चारधाम चार्टर सेवा को रोका, श्रद्धालु फंसे

एजेंसी ▶▶ देहरादून

सह-पायलट नियम को लेकर हेलिकॉप्टर संचालकों द्वारा सोमवार को चारधाम चार्टर सेवा रोक दिए जाने के बीच उनके साथ बातचीत बेनतीजा रहने के बाद गतिरोध समाप्त करने के लिए उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण (यूकाडा) ने चार नवंबर को एक और बैठक बुलाई है जबकि कई श्रद्धालु अब भी धामों में फंसे हुए हैं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी । इससे पहले दिन में इस नियम को लेकर हेलिकॉप्टर चार्टर सेवा संचालकों के प्रतिनिधियों, नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) और यूकाडा के अधिकारियों के बीच बैठक हुई । यूकाडा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न उजागर करने की शर्त पर बताया कि बैठक में सरकार ने चारधाम मार्गों पर चलने वाले चार्टर संचालकों के लिए वार्षिक पंजीकरण प्रक्रिया के दौरान अगले साल से सह-पायलट नियम को अनिवार्य रूप से लागू करने का प्रस्ताव रखा।



व्यापार, नवाचार, शिक्षा पर चर्चा

जयशंकर ने अमेरिका में भारत के महावाणिज्य दूतों से मुलाकात की

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भारत-अमेरिका संबंधों पर विस्तृत चर्चा के लिए अमेरिका में भारत के महावाणिज्य दूतों से मुलाकात की। जयशंकर ने अटलांटा में आठ महावाणिज्य दूतों के साथ बैठक की। बैठक में अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा और विदेश मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव के. नागराज नायडू भी मौजूद थे जो अमेरिका और कनाडा मामलों के प्रभारी हैं। एक्स पर एक पोस्ट में जयशंकर ने कहा, आज अटलांटा में अमेरिका में तैनात भारतीय महावाणिज्य दूतों के साथ हमारे द्विपक्षीय संबंधों पर विस्तृत चर्चा हुई। मंत्री ने बताया कि उन्हें व्यापार, नवाचार, शिक्षा और सामुदायिक जुड़ाव से जुड़ी नयी पहलों और मंचों के बारे में जानकारी दी गई। जयशंकर ने कहा, यह हमारे संबंधों के विस्तार और गहराई को दर्शाता है। मंत्री ने अटलांटा में ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल से भी मुलाकात की। इससे पहले एक पेड़ मां के नाम पहल के तहत अटलांटा में महावाणिज्य दूतावास परिसर में एक पौधा लगाया।



जयशंकर

हादसे से पहले पायलट ने भेजा था मेडे अलर्ट

फ्लोरिडा में बिजनेस जेट क्रैश, सभी 9 लोगों की हुई मौत, 600 लोगों को सुरक्षित निकाला

एजेंसी ▶▶ फ्लोरिडा

अमेरिका के फ्लोरिडा में रविवार को एक बिजनेस जेट विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में विमान में सवार सभी नौ लोगों की मौत हो गई। विमान टेक्सास से बहामास जा रहा था। दुर्घटना से पहले पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल को आपात संदेश (मेडे कॉल) भेजकर विमान के तेजी से नीचे गिरने की जानकारी दी थी।

पायलट ने रेडियो पर बताया कि विमान में बर्फ जम रही है और तेज झटके लग रहे हैं। मौसम खराब होने के कारण उसने 2,000 फीट और ऊंचाई पर जाने की अनुमति भी मांगी थी। इसी दौरान विमान का नियंत्रण बिगड़ गया। पायलट ने बताया कि विमान 10 हजार फीट प्रति मिनट की रफ्तार से नीचे गिर रहा है और जमीन से टकराने वाला है। इसके कुछ ही देर बाद विमान सड़क के पास जमीन से टकरा गया। जोरदार धमाके के साथ वहां बड़ा गड्ढा बन गया और आसपास आग फैल गई। हादसा रिहायशी इलाके में होने के कारण प्रशासन ने एहतियातन करीब 600 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया।

खबर संक्षेप

डिजिटल बाजारों के लिए लचीली नीति जरूरी

नई दिल्ली । भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था में निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा के साथ नवाचार, निवेश और स्टार्टअप्स के विकास को बढ़ावा देने के लिए लचीली नीति जरूरी है। आयोजित 'द डायलॉग' के चौथे वार्षिक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में विशेषज्ञों ने डिजिटल बाजारों पर आधारित प्रतिस्पर्धा नीति अपनाने पर जोर दिया।'प्रतिस्पर्धा, नवाचार और विकासः भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था का निर्माण' विषय पर आयोजित सम्मेलन में एमएसएमई, एआई और वैश्विक व्यापार में प्रतिस्पर्धा नीति की भूमिका पर चर्चा हुई।

लौंग तेल, आयुर्वेदिक तत्व डाबर रेड पेस्ट में: दत्ता

नई दिल्ली। दिवाली की तैयारियों और खानपान की व्यस्तता के बीच मौखिक स्वच्छता को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। डाबर के अनुसार त्योहारों में मिठाइयों और स्नैक्स का अधिक सेवन दांतों में सड़न और मसूड़ों की समस्याओं का खतरा बढ़ा सकता है। कंपनी की दंत विशेषज्ञ डॉ. सोनिया दत्ता ने दिन में दो बार ब्रश करने, दांतों के बीच की सफाई रखने और सोने से पहले मुंह साफ करने की सलाह दी है। डाबर के मुताबिक, उसके रेड पेस्ट में लौंग का तेल, तोमर बीज और पुदीना सत्व जैसे आयुर्वेदिक तत्व हैं।

कोस्मो ने पीवीसी-फ्री ग्रीन ग्राफिक पेश की

भोपाल। कोस्मो फर्स्ट ने कोस्मो फिल्म्स बिजनेस के तहत भोपाल में पीवीसी-फ्री ग्रीन ग्राफिक फिल्म्स पेश की हैं। कंपनी का दावा है कि ये फिल्म्स पारंपरिक पीवीसी आधारित विनाइल ग्राफिक्स का विकल्प हैं। इनका इस्तेमाल दिवाली के दौरान दुकानों के साइनबोर्ड, शोरूम डिस्प्ले और प्रचार अभियानों में किया जा सकेगा। पॉलीप्रोपाइलीन से निर्मित ये फिल्म्स 100 प्रतिशत पीवीसी, थैलेट और हैलोजन मुक्त हैं। कंपनी के अनुसार, इनका हल्का वजन इन्हें संभालने और इंस्टॉल करने में आसान बनाता है।

गोदरेज लिटरेचर में साहित्यकारों का सम्मान

मुंबई। गोदरेज लिटरेचर लाइव 2026 का समापन साहित्य, कला और विचारों से जुड़े विविध सत्रों के साथ हुआ। समारोह में वरिष्ठ उपन्यासकार इरविन एलन सीली को लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार और हिंदी कवयित्री गगन गिल को पोएट लॉरिएट सम्मान प्रदान किया गया। राहुल भट्टाचार्य की रेलसॉन्ग को बुक ऑफ द ईयर (फिक्शन), जबकि गजाला वहाब की द हिंदी हार्टलैंड को नॉन-फिक्शन पुरस्कार मिला।

मुख्यमंत्री फडणवीस ने दिखाई हरी झंडी

छत्रपति संभाजीनगर में दौड़ेंगी ओलेक्ट्रा की 35 नई इलेक्ट्रिक बसें

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में सार्वजनिक परिवहन को आधुनिक और पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में 35 नई वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बसें शुरू की गई हैं।

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने डिवीजनल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में इन बसों का शुभारंभ किया। सोमवार, 2 नवंबर से शहर के विभिन्न मार्गों पर इनका संचालन शुरू हो गया है। बसों का संचालन ईवी ट्रांस करेगी। ओलेक्ट्रा ग्रीनटेक लिमिटेड की ओर से तैयार इन बसों की लंबाई नौ मीटर है।

इनमें आधुनिक ब्लेड बैटरी तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए बसों में सीसीटीवी कैमरे, डिजिटल सूचना पट्ट, उद्घोषणा प्रणाली, वाहन की लोकेशन पर नजर रखने की सुविधा और मोबाइल चार्जिंग के लिए यूएसबी प्वाइंट दिए गए हैं।

एसी बसों में सीसीटीवी, जीपीएस निगरानी और यूएसबी चार्जिंग जैसी सुविधाएं



55 से अधिक शहरों में चल रही हैं ये बसें

ओलेक्ट्रा ग्रीनटेक के प्रबंध निदेशक महेश बाबू ने कहा कि कंपनी स्वच्छ और टिकाऊ सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि देश के 55 से अधिक शहरों में कंपनी की 4,500 से ज्यादा इलेक्ट्रिक बसें संचालित हो रही हैं। नई बसों के संचालन से छत्रपति संभाजीनगर में पारंपरिक ईंधन पर निर्भरता घटाने, वायु प्रदूषण और ध्वनि स्तर कम करने तथा यात्रियों को बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने की उम्मीद है।

सुरक्षा और आराम पर विशेष ध्यान

बसों में एंटी लॉक ब्रेकिंग सिस्टम (एबीएस), एयर सस्पेंशन और रीजनरेटिव ब्रेकिंग जैसी तकनीकें भी दी गई हैं। इनसे यात्रा को अधिक सुरक्षित और आरामदायक बनाने में मदद मिलेगी। रीजनरेटिव ब्रेकिंग तकनीक ब्रेक लगाने के दौरान ऊर्जा को दोबारा बैटरी में संचित करने में सहायक होती है।

2,388 शोधपत्रों में से 220 का हुआ चयन, विशेषज्ञों ने की चर्चा

वीआईटी भोपाल में अंतरराष्ट्रीय शोध संगोष्ठी हुई, 10 देशों के शोधकर्ताओं ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ कंप्यूटिंग साइंस एंड इंजीनियरिंग (स्कोप) की ओर से पहली अंतरराष्ट्रीय शोध संगोष्ठी 'इमर्जिंग डिजिटल इंटेलिजेंस एंड जनरेटिव इंजीनियरिंग' (ईडीआईजीई-2026) का आयोजन 30 और 31 अक्टूबर को किया गया। भारतीय विद्युत एवं इलेक्ट्रॉनिकी अभियंता संस्थान (आईईईई) के मध्य प्रदेश अनुभाग के तकनीकी सहयोग तथा विश्वविद्यालय की संस्थागत नवाचार परिषद के सहयोग से आयोजित इस दो दिवसीय संगोष्ठी में देश-विदेश के शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों, उद्योग विशेषज्ञों और विद्यार्थियों ने भाग लिया। संगोष्ठी में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, संगणकीय बुद्धिमत्ता और जनरेटिव प्रणालियों के क्षेत्र में हो रहे नवीन अनुसंधानों तथा उनके व्यावहारिक उपयोग पर विस्तार से चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने कहा कि उभरती तकनीकें स्वचालन, निर्णय लेने की प्रक्रिया, ज्ञान के विकास और डिजिटल व्यवस्था के भविष्य को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।



10 देशों के 750 संस्थानों से आए शोधपत्र

संगोष्ठी में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शोधकर्ताओं की उल्लेखनीय भागीदारी रही। इसमें 10 देशों के 750 संस्थानों से कुल 2,388 शोधपत्र प्राप्त हुए। विशेषज्ञों की समीक्षा के बाद इनमें से 220 शोधपत्रों का चयन किया गया। इस प्रकार शोधपत्रों की स्वीकृति दर 9.21 प्रतिशत रही। दो दिवसीय आयोजन के दौरान आठ विषयगत क्षेत्रों में 36 तकनीकी सत्र आयोजित किए गए। संगोष्ठी में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) इंदौर के प्रोफेसर मुकेश कुमार और वियतनाम स्थित नाम कैन थो विश्वविद्यालय के डॉ. एनगो आन थो ने प्रमुख वक्ता के रूप में व्याख्यान दिए(संगोष्ठी का उद्घाटन वीआईटी के कुलाधिपति डॉ. जी. विश्वनाथन के नेतृत्व में हुआ। कार्यक्रम में आईईईई मध्य प्रदेश अनुभाग के अध्यक्ष प्रो. जी. एस. तोमर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं, अनुभाग के निर्वाचित अध्यक्ष डॉ. मनीष दीक्षित और उपाध्यक्ष डॉ. जितेंद्र अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के उपाध्यक्ष डॉ. शंकर विश्वनाथन, सहायक उपाध्यक्ष सुश्री कादंबरी एस. विश्वनाथन और न्यासी श्रीमती रमणी बालासुंदरम का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कुलपति प्रो. सतीश कुमार मोढ़, प्रति-कुलपति डॉ. टीबी श्रीधरन, कुलसचिव डॉ. ज्ञान प्रकाश मिश्रा तथा स्कूल ऑफ कंप्यूटिंग साइंस एंड इंजीनियरिंग के कार्यकारी अधिष्ठाता डॉ. एस. पूनकुंत्रन भी उपस्थित रहे।

अनुसंधान और नवाचार समय की जरूरत : कुलपति

कुलपति प्रो. सतीश कुमार मोढ़ ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता, जनरेटिव इंजीनियरिंग और डिजिटल बुद्धिमत्ता जैसी उभरती प्रौद्योगिकियां अनुसंधान के तरीकों और जटिल समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया को बदल रही हैं।आईईईई मध्य प्रदेश अनुभाग के निर्वाचित अध्यक्ष डॉ. मनीष दीक्षित ने शोधकर्ताओं का मजबूत व्यावसायिक समुदाय तैयार करने में आईईईई की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। मुख्य अतिथि प्रो. जीएस तोमर ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठियां शोधकर्ताओं को एक-दूसरे के अनुभवों और शोध निष्कर्षों से सीखने का अवसर प्रदान करती हैं।

ज्वॉइंट रिप्लेसमेंट में रोबोटिक्स और एआई पर दिया जोर

अहमदाबाद। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्रभाई पटेल ने अहमदाबाद में आयोजित इंडियन आर्थ्रोप्लास्टी एसोसिएशन के 36वें वार्षिक सम्मेलन आईएएसीओएन 2026 का उद्घाटन किया। सम्मेलन में देश-विदेश के विशेषज्ञ जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी की नई तकनीकों, रोबोटिक्स और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की भूमिका पर चर्चा कर रहे हैं।

आयोजकों के अनुसार, गुजरात में देश की कुल जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी में लगभग 12 से 15 प्रतिशत प्रक्रियाएं होती हैं। सम्मेलन में 205 राष्ट्रीय और 9 अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ हिस्सा ले रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान 35 वैज्ञानिक सत्र और चार विशेष चर्चाएं आयोजित की जा रही हैं।सम्मेलन से पहले 22 अक्टूबर को बीजे मेडिकल कॉलेज में कैडेवर कार्यशाला हुई, जिसमें 70 फैकल्टी सदस्यों और 180 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। विशेषज्ञों ने कहा कि रोबोटिक तकनीक और एआई के इस्तेमाल से जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी की सटीकता बढ़ाने, मरीजों की रिकवरी बेहतर करने और उपचार के परिणामों में सुधार की संभावनाएं हैं। सम्मेलन का उद्देश्य चिकित्सा विशेषज्ञों के बीच ज्ञान और अनुभव साझा करना तथा मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के लिए आधुनिक तकनीकों को बढ़ावा देना है।

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री को पत्र लिखा

एयरलाइंस कंपनियों की मनमानी पर भड़का कैट

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

त्योहारों का मौसम आते ही हवाई यात्रियों की जेब पर महंगाई का ऐसा हमला होता है कि घर लौटने का सपना भी महंगा पड़ जाता है। दीपावली, होली, रक्षाबंधन और छठ जैसे त्योहारों पर हवाई किराए सामान्य दिनों के मुकाबले 5 से 7 गुना और कई मामलों में 8 से 10 गुना तक पहुंचने की स्थिति पर कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट), मध्य प्रदेश ने कड़ा विरोध जताया है। संगठन ने एयरलाइंस कंपनियों की इस मनमानी को यात्रियों की मजबूरी का फायदा उठाने वाला रवैया बताते हुए केंद्र सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। कैट भोपाल के जिलाध्यक्ष एवं मध्य प्रदेश स्टेट



मीडिया इंचार्ज धर्मेंद्र शर्मा ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री को पत्र लिखकर स्पष्ट मांग की है कि त्योहारों और पीक ट्रैवल सीजन के दौरान हवाई किरायों पर अधिकतम सीमा निर्धारित की जाए, ताकि एयरलाइंस कंपनियां मांग बढ़ने का फायदा उठाकर यात्रियों से मनमाना किराया न वसूल सकें। शर्मा ने कहा कि अहमदाबाद, बेंगलुरु, कोलकाता सहित देश के प्रमुख शहरों से मध्य प्रदेश आने-जाने वाली उड़ानों में किरायों की बेतहाशा वृद्धि आम यात्रियों के लिए गंभीर संकट बनती जा रही है।

M.P. STATE ELECTRONICS DEVELOPMENT CORPORATION LTD.
State IT Centre, 47-A, Arera Hills, Bhopal-462011 (M.P.)
www.mpsedc.mp.gov.in, 0755-2518300, marketing@mpsedc.com

NOTICE INVITING TENDER'S (NIT)

MPSEDC invites online proposals for following bids on MP Tender :-

S. No.	Tender No.	NIT
1.	MPSEDC/ SITC/ 2026/716	RFP for Annual Maintenance Contract for Civil, Plumbing and Sanitary Work of Common area of IT Park campus Sinhasa & Electronic Complex, Pardeshipura, Indore (M.P.)
2.	MPSEDC/ SITC/ 2026/717	RFP for Annual Maintenance Contract for Civil, Plumbing and Sanitary Work of Common area of IT Park campus & MPSEDC Buildings At Badwai, Bhopal (M.P.)

For detail scope of work, terms and conditions please refer to the respective bid document available on MP Tender Portal www.mptenders.gov.in.
M.P. Madhyam/128899/2026 EXECUTIVE DIRECTOR

साइबर सुरक्षा के साथ संवेदनशीलता पर विशेष जोर

मानसरोवर में विद्यार्थियों को सिखाए चिकित्सा, सामाजिक दायित्व के पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मानसरोवर मेडिकल कॉलेज एवं एमजीयू अस्पताल, बिलकिसगंज में एमबीबीएस प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए सात दिवसीय फाउंडेशन कोर्स आयोजित किया जा रहा है। 30 अक्टूबर से 5 नवंबर तक चलने वाले इस कार्यक्रम का उद्देश्य नए विद्यार्थियों को चिकित्सा शिक्षा, अस्पताल की कार्यप्रणाली, चिकित्सकीय नैतिकता और मरीजों के प्रति संवेदनशीलता से परिचित कराना है। सोमवार को कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य वक्ता अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (क्राइम) शैलेंद्र सिंह चौहान, कॉलेज के डीन डॉ. अरविंद अठावले और डॉ. विवेक खरे ने किया। चौहान ने विद्यार्थियों को डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने और साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताए। उन्होंने मेडिकल कॉलेज परिसर में रैगिंग पूरी तरह रोकने तथा अनुशासित और सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण बनाए रखने पर जोर दिया।

कार्यालय सेनानी 8वीं वाहिनी विसबल छिन्दवाड़ा मध्यप्रदेश
Email :- co8bn_saf@mppolice.gov.in

क्रमांक-8वीं बटा./विसबल/सा.अ./P-820-C/2026, **ई निविदा आमंत्रण सूचना** छिंदवाड़ा, दिनांक 29/10/2026

8वीं वाहिनी विसबल छिंदवाड़ा में वित्तीय वर्ष 2026-27 में लेखाशीर्ष मांग संख्या 003-2055 पुलिस 00-104-9999-4492-V-32-000 लघुनिर्माण कार्य मद के अंतर्गत प्राप्त आवंटन राशि से " राजपत्रित अधिकारी कार्यालय मय अटैच लेटबॉथ का निर्माण कार्य " ई-टेण्डर खुली निविदा के माध्यम से कराया जाना है। कार्य म.प्र.भण्डार क्रय नियम तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधित 2022) की कण्डिकाओं में निहित खुली निविदा समय सारणी अनुसार किया जाना है। जिस हेतु निविदाएँ WWW.MPTENDERS.GOV.IN पर आमंत्रित की गई है। जिसकी जानकारी WWW.MPPOLICE.GOV.IN पर भी देखी जा सकती है। इच्छुक निविदाकर्ता कराये जाने वाला निर्माण कार्य इकाई में आकर देख सकते है। प्राप्त निविदाए, इकाई में गठित समिति द्वारा दिनांक 20.11.2026 को 11:00 बजे खोली जावेंगी। कार्य का विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	कार्य का नाम	प्राक्कलन अनुसार अनुमानित राशि (समस्त कर सहित)	निविदा शुल्क	धरोहर राशि ईएमडी	सम्पूर्ण कार्य की अवधि	निर्माण एजेंसी
1	2	3	4	5	6	7
01	राजपत्रित अधिकारी कार्यालय मय अटैच लेटबॉथ का निर्माण कार्य।	9,99,000.00	2,000.00	29,970.00	60 दिवस	इकाई द्वारा

समय सारणी :-

क्र.	विवरण	दिनांक एवं समय
1	निविदा प्रकाशन दिनांक	29.10.2026 के 18:00 बजे
2	निविदा जमा करने की प्रारंभ दिनांक	29.10.2026 के 18:00 बजे से
3	निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक	18.11.2026 के 18:00 बजे तक
4	निविदा खोलने की दिनांक एवं स्थान	20.11.2026 को 11:00 बज कार्यालय 8वीं वाहिनी विसबल छिंदवाड़ा (म.प्र.)

1. इच्छुक निविदाकर्ता वेबसाईट WWW.MPTENDERS.GOV.IN से निविदा करेंगे।
2. इकाई / मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अद्योसंरचना विकास निगम जबलपुर द्वारा तैयार किये गये स्टीमेट एवं स्ट्रक्चर प्लान अनुसार कार्य कराया जाना है। जिस हेतु तालिका क्रमांक 03 में अनुमानित प्राक्कलन राशि से अधिक दर पर निविदा स्वीकार नही की जावेगी।
3. निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग / म.प्र. पु. हा. का. के पंजीकृत ठेकेदारो से ही कराया जाना है।
4. निविदा प्रस्तुत करने से पूर्व कार्य स्थल एवं प्राक्कलन / स्टीमेट का निरीक्षण कर निविदा प्रस्तुत करें ताकि कार्य का सही आकलन किया जाकर निविदा प्रस्तुत की जा सकें। जिसकी जानकारी क्वार्टर मास्टर 8वीं वाहिनी विसबल छिंदवाड़ा कार्यालय से कार्यालयीन समय पर प्राप्त किया जा सकता है।
5. निविदा की विस्तृत जानकारी म. प्र. पुलिस की बेवसाईट WWW.MPTENDERS.GOV.IN पर देखी जा सकती है। एवं निविदाएँ WWW.MPPOLICE.GOV.IN पर दिनांक 29.10.2026 से दिनांक 18.11.2026 तक आमंत्रित की गई है। जिसे दिनांक 20.11.2026 को समय 11:00 बजे खोला जावेंगा।

सेनानी
G-20922/26 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता" 8वीं वाहिनी विसबल, छिन्दवाड़ा (म.प्र.)

राशिफल

मेष आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवन साथी के स्वास्थ का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

वृष धैर्यशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव की सम्भावना बन रही है। परिश्रम अधिक रहेगा।

मिथुन मन प्रसन्न रहेगा। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

कर्क आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

सिंह नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। लंबे समय से चली आ रही समस्याएं खत्म होंगी।

कन्या शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। शैक्षिक कार्यों के लिए भी विदेश जा सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग बन रहे हैं।

तुला जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। भागदौड़ भी अधिक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

वृश्चिक मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। खर्च बढ़ेंगे।

धनु मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। कारोबार में उतार-चढ़ाव रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंताओं पर नियंत्रण बनाकर रखें।

मकर शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आय में वृद्धि भी होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें।

कुंभ भागदौड़ अधिक रहेगी। परन्तु किसी मित्र के सहयोग से आय के साधन बन सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सफलता के भी योग हैं।

मीन मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। भाग-दौड़ भी अधिक रहेगी।

एंजेल वन ने दिवाली पर 8 शेयरों में निवेश की सूची जारी की

मुंबई। विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली और महंगाई के बढ़ते दबाव के बीच ब्रोकरेज फर्म एंजेल वन ने दिवाली 2026 के लिए आठ शेयरों की निवेश सूची जारी की है। कंपनी ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट शगुन के शेयर्स- दिवाली पिक्स 2026 में बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं, रक्षा, फार्मा, रियल एस्टेट और औद्योगिक क्षेत्रों की कंपनियों को जगह दी है। इस सूची में एजीआई इंफ्रा, रत्नवीर प्रिसिजन, नॉर्दर्न आर्क कैपिटल, इंजीनियर्स इंडिया, आरती फार्मा लैब्स, शांति गोल्ड, आईसीआईसीआई बैंक और अपोलो माइक्रो सिस्टम्स शामिल हैं। 30 सितंबर 2026 तक के आंकड़ों के अनुसार, सूची में आईसीआईसीआई बैंक सबसे बड़ी कंपनी रही।

पूर्व रेलवे

वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-आसनसोल, 713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **खुली निविदा सूचना संख्या : 77-एसडीएसटीई-एएसएन-2026-27, दिनांक 29.10.2026, कार्य का नाम/स्थान:** "आसनसोल मंडल-सीतारामपुर-झाझा खंड में लूप लाइनों की लंबाई का विस्तार"। **निविदा मूल्य:** रु. 1,96,21,753.96, **बयाना राशि:** रु. 3,92,400/-, **कार्य की समापन अवधि:** एलओए जारी करने की तिथि से 18 माह। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 20.11.2026 को 14.00 बजे। वेबसाइट का विवरण: http://www. ireps.gov.in/ ASN-307/2026-27
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



शब्द पहेली - 6397



बाएँ से दाएँ
1. बलवान,ताकतवर-4
3. गाल,कपोल(ऊर्दू)-4
6. अनाज, धान-2
7. अवनति-3
8. जीवन तत्व-2
10. पुलिसकर्मी-4
11. भीगा हुआ-2
13. घमंडी,अभिमानी-4
15. दर्शन-3
17. अजदहा,शयालु-4
20. वायु रोग-2
21. दोस्त,सखा-3
23. ख्वाब,स्वप्न-3
25. अपशिष्ट पदार्थ-2
26. जंगल की आग-4
29. पुत्र,लड़का-3
31. पैगंबर,महापुरुष-4
32. राय,वोट-2
34. आफिस,दफ्तर-4
35. वीज,वीर्य-2
37. घर,भवन-3
39. सप्तम-2
40. आक्रमण,हमला-4
41. बलवान,सबल-4

ऊपर से नीचे
1. एक छोटी डबलरोटी-2
2. धर्मेंद्र,जीनत की एक फिल्म जो हीरे की चोरी पर बनी थी-4
3. मौसम,ऋतु-2
4. खोदना-3
5. छुट्टी,अवकाश-2
6. उदास,दुखी-4
7. पंख,पराया-2
9. जहीनता-4
10. आवश्यकता-4
12. अभिमान,गरुर-2
14. अग्नि,अनल-2
16. विदा होना-3
18. कुशल-3
19. फलों का रस-2
21. संगम,मिलना-3
22. वायदा-2
24. हार,मात-4
25. स्वार्थी-4
27. दीवार (अंग्रेजी-2)
28. आदत-4
30. यमराज-2
31. उथल-पुथल-4
33. पदक-3
34. श्रवणेंद्रिय-2
36. जीत,विजय-2
38. छोटी सवारी गाड़ी-2
39. पत्नी की बहन-2

शब्द पहेली- 6396 का हल

अ	ना	द	र	णी	य	■	प्र	क्षे	प	क
सं	ग	■	वे	■	कृ	पा	ण	■	र	म
वै	■	अ	दा	व	त	■	य	हां	■	जो
धा	रा	दा	र	■	■	अ	■	का	त	र
नि	■	व	■	प्र	क्षा	ल	न	■	म	■
क	म	त	र	ता	■	सा	ग	र	गा	भी
■	लि	■	स	र	मा	या	■	द	■	न
बे	का	बू	■	णा	■	■	व	न	वा	सी
क	■	आ	स	■	अ	द	र	क	■	ले
द	म	■	ब	हा	र	■	दा	■	ता	व
र	सा	त	ल	■	ज	ही	न	कु	श	ल

सूडोकु नवताल - 6407

कठिन

	8			6				
					5			
		9				7		3
	1			8				2
			7		4			
6				3			8	
5		7				4		
			8					
				1			6	

MANGAL SEVACHA BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6406 का हल

9	4	5	3	1	8	7	6	2
1	8	6	7	2	5	4	9	3
2	7	3	9	4	6	8	1	5
6	3	9	1	7	4	2	5	8
5	2	4	8	9	3	6	7	1
7	1	8	6	5	2	9	3	4
4	6	7	5	8	1	3	2	9
8	9	1	2	3	7	5	4	6
3	5	2	4	6	9	1	8	7



मेसी के गोल से इंटर मियामी की जीत, गोल्डन बूट की दौड़ में आगे

एजेंसी ▶▶| फॉक्सबोरो

लियोनेल मेसी ने एक बेहतरीन असिस्ट और मैच के आखिर में किए गए गोल की मदद से इंटर मियामी को न्यू इंग्लैंड रेवोल्यूशन के खिलाफ 2-1 से जीत दिलाई। इस जीत के साथ ही टीम ने अगले साल होने वाले कॉन्काकैफ चैंपियंस कप में अपनी जगह पक्की कर ली है। इस जीत से मियामी एमएलएस कप प्लेऑफ से पहले ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस में नंबर 2 सीड की स्थिति में पहुंच गई है। इस सीजन में मेसी के नाम अब 26 गोल और 16 असिस्ट हो गए हैं। इसके साथ ही वह लगातार तीसरी बार एमएलएस एमवीपी अवार्ड और लगातार दूसरी बार 'गोल्डन बूट' जीतने की रेस में सबसे आगे हो गए हैं।



पहले 45 मिनट में कड़ा मुकाबला

पहले 45 मिनट तक दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला रहा और हाफ टाइम तक कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। इस दौरान इंटर मियामी को 28वें मिनट में एक अच्छा मौका मिला, जब मेक्सिकन खिलाड़ी बर्टेरामे ने बॉक्स के बाईं ओर से बाएं पैर से शॉट मारा, जिसे न्यू इंग्लैंड के गोलकीपर मैट टर्नर ने बचा लिया।

इंटर मियामी ने दिखाया शानदार टीम वर्क

दूसरे हाफ में, 53वें मिनट में डेनियल गाजदाग के गोल की बदौलत मेजबान टीम (न्यू इंग्लैंड) ने खाता खोला। 69वें मिनट में इंटर मियामी ने शानदार टीम वर्क दिखाते हुए स्कोर को 1-1 से बराबर कर दिया। सेगोविया ने बॉक्स के अंदर एक 'लॉब' पास दिया, जिस पर मेसी ने हेडर से गेंद को बर्टेरामे की तरफ बढ़ाया। बर्टेरामे ने बॉक्स के बीच से एक जोरदार हेडर लगाकर गेंद को गोल पोस्ट में पहुंचा दिया। यह इस रेगुलर सीजन में बर्टेरामे का 10वां गोल था, जबकि मेसी का यह इस लीग सीजन का 16वां असिस्ट रहा।

इंटर मियामी ने पलटा मैच का पासा

83वें मिनट में इंटर मियामी ने मैच का पासा पूरी तरह से पलटा। एक बेहतरीन पासिंग सीक्वेंस के बाद मेसी ने निर्णायक गोल किया। सुआरेज ने बॉक्स के बाहर बीच में मेसी को गेंद दी, जहां अर्जेंटीना के इस स्टार खिलाड़ी ने तीन डिफेंडरों को छकाया। इसके बाद सेगोविया के साथ मिलकर वह बॉक्स के अंदर पहुंचे और एक सटीक शॉट के जरिए गेंद को गोल पोस्ट के निचले दाएं कोने में पहुंचा दिया।

मेसी के कुल गोल की संख्या हुई 26

इस गोल के साथ मेसी के कुल गोल की संख्या 26 हो गई है, जिससे वह एमएलएस 2026 गोल्डन बूट की रेस में सबसे आगे निकल गए हैं। वहीं, इस रेगुलर सीजन में सेगोविया के असिस्ट की संख्या 12 हो गई है। इसके बाद 1-2 की स्कोरलाइन अंतिम सीटी बजने तक कायम रहा, जिससे इंटर मियामी ने अपने घर से बाहर खेलते हुए तीन अंक हासिल किए।

खबर संक्षेप



चेक ओपन स्क्वाश के फाइनल में सेंथिलकुमार

नई दिल्ली। भारतीय स्क्वाश खिलाड़ी वेलवन सेंथिलकुमार ब्रनो में चल रहे 35,000 अमेरिकी डॉलर इनामी पीएसए चेक ओपन के फाइनल में पहुंच गए हैं। विश्व रैंकिंग में 42वें स्थान पर काबिज चौथी वरीयता प्राप्त सेंथिलकुमार ने सेमीफाइनल में विश्व रैंकिंग में 32वें स्थान पर काबिज फ्रांसीसी खिलाड़ी ऑगस्टे दुसॉर्ड को सीधे गेम में 11-7, 12-10, 11-1 से हराया। इससे पहले उन्होंने क्वार्टरफाइनल में अर्जेंटीना के आठवीं वरीयता प्राप्त जेरेमियास अज़ाना को 11-3, 11-8, 11-7 से और दूसरे दौर में ब्राजील के डिएगो गोब्बी को 11-4, 11-7, 11-2 से हराया था। उन्हें पहले दौर में बाइ मिली थी। पिछले महीने जापान में एशियाई खेलों में मिश्रित टीम वर्ग में कांस्य पदक जीतने वाले सेंथिलकुमार खिताबी मुकाबले में यहां शीर्ष वरीयता प्राप्त और विश्व रैंकिंग में 31वें स्थान पर काबिज स्कॉटलैंड के ग्रेग लोब्बन से भिड़ेंगे।

जम्मू कश्मीर ने जीती बधिर टी20 चैंपियनशिप



सूरत। जम्मू कश्मीर ने फाइनल में राजस्थान को हराकर बधिरों की आईडीसीए 10वीं टी20 राष्ट्रीय क्रिकेट चैंपियनशिप का खिताब जीता। इस चैंपियनशिप में 14 राज्यों की टीमों ने भाग लिया था, जो भारत में बधिर क्रिकेट के निरंतर विकास में महत्वपूर्ण साबित होगा। भारतीय बधिर क्रिकेट संघ बधिर क्रिकेटरों के लिए खेल पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने और उनकी प्रतिभा और उपलब्धियों को अधिक मान्यता दिलाने की दिशा में लगातार काम कर रहा है। आईडीसीए का नए क्षेत्रों तक पहुंचने का लक्ष्य है, जिससे कि बधिर क्रिकेट को पहचान मिल सके।

इंग्लैंड के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया वनडे टीम का ऐलान



ब्रिस्बेन। मैट रेनशॉ और कैमरन ग्रीन को इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली घरेलू एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम में शामिल किया गया है। ऑस्ट्रेलिया का कार्यक्रम काफी व्यस्त है और इसलिए तेज गेंदबाजी की तिकड़ी मिचेल स्टार्क, जोश हेजलवुड और पैट कमिंस को इस महीने इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली वनडे और टी20 श्रृंखला से विश्राम दिया गया है ताकि वह 9 दिसंबर से न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू होने वाली चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला की तैयारी कर सकें। ग्रीन और रेनशॉ को एलेक्स कैरी, जोश इंग्लिस, ट्रैविस हेड और कूपर कॉनॉली के साथ 13, 15 और 18 नवंबर को होने वाले तीन घरेलू वनडे मैचों के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम में चुना गया है।

रणजी ट्रॉफी मध्य प्रदेश की टीम 209 रन पर सिमटी

हर्ष की फिरकी का कहर, एक पारी में 53 रन देकर झटके शानदार 9 विकेट

एजेंसी ▶▶| नागपुर

बाएं हाथ के फिरकी ऑलराउंडर हर्ष दुबे ने रणजी ट्रॉफी के चौथे राउंड के मुकाबले में 9 विकेट लेकर धूम मचा दी। विदर्भ की ओर से खेलते हुए उन्होंने मध्यप्रदेश के सामने 53 रन देकर 9 बल्लेबाजों को आउट किया। हर्ष दुबे महज एक विकेट से मध्य प्रदेश के सभी 10 बल्लेबाजों को आउट करने से चूक गए। यह एक सफलता नचिकेत भुटे को मिला, जिन्होंने मध्य प्रदेश का पहला विकेट गिराया। इसके बाद के सभी नौ विकेटों को हर्ष दुबे ने गिराया। नागपुर में हो रहे मुकाबले के पहले दिन मध्य प्रदेश की टीम 209 रन पर सिमट गई। उसकी तरफ से अथर्व महाजन ने सबसे ज्यादा 85 रन बनाए। जवाब में विदर्भ की हालत भी खराब है। दिन की समाप्ति होने तक उसके 4 विकेट 56 रन पर गिर चुके थे।



हर्ष ने 2022 में किया था डेब्यू

हर्ष दुबे ने 2022 में विदर्भ की ओर से फर्स्ट क्लास डेब्यू किया था। उन्होंने अपने पहले ही डेब्यू रणजी सीजन में तीन मैच खेले थे और पांच विकेट निकाले थे। इसके अगले सीजन पांच मुकाबले खेले और 23 विकेट लिए थे। वे 2024-25 के सीजन में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। तब उन्होंने 10 मैच में 16.98 की औसत से 69 विकेट लिए थे। उन्होंने पिछले रणजी सीजन में तीन ही मैच खेले थे और 14 शिकार किए थे। वर्तमान सीजन में वे अभी तक 23 विकेट ले चुके हैं और सर्वाधिक विकेट वाले गेंदबाजों में तीसरे नंबर पर हैं। उनसे आगे कार्तिक त्यागी (उत्तर प्रदेश) और तनय त्यागराजन (हैदराबाद) हैं, जिनके नाम 24 विकेट हैं।

दुबे ने 4 ओवर फेंके मेडन

24 साल के हर्ष दुबे ने एमपी के सामने बॉलिंग की शुरुआत की और 23.1 ओवर फेंके. इनमें से चार मेडन रहे। उन्होंने सक्षम पुरोहित (21), चंचल राठौड़ (13), शुभम शर्मा (16), रजत पाटीदार (2), महाजन, सारांश जैन (34), अरशद खान (12), कुमार कार्तिकेय (7) और रवि किरण (1) को आउट किया। इसके जरिए हर्ष दुबे विदर्भ की ओर से रणजी ट्रॉफी में एक पारी में सबसे अच्छी बॉलिंग करने वाले बॉलर बन गए। उन्होंने अरुण ओगिराल का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 1967 में मध्य प्रदेश के सामने ही नागपुर में 39 रन देकर 8 विकेट लिए थे।

ईडन गार्डन में 45 ओवर में गिरे 12 विकेट, बंगाल ऑल आउट



कोलकाता। रणजी ट्रॉफी के चौथे राउंड में 2 नवंबर को बंगाल और महाराष्ट्र के बीच ईडन गार्डन में खेले जा रहे मुकाबले में गेंदबाजों का दबदबा देखने को मिला। 45 ओवर के अंदर 12 विकेट गिर गए। बंगाल की टीम 36.5 ओवर में 143 रन पर ऑल आउट हो गई। विकेटकीपर अभिषेक पोरेल ने सबसे ज्यादा रन बनाए। खराब रोशनी से खेल रुकने तक महाराष्ट्र के 8 ओवर में 21 रन पर 2 विकेट गिर गए। बंगाल के लिए अभिषेक पोरेल ने 67 गेंद पर 8 चौके की मदद से 54 रन बनाए। प्रदिप्त प्रमाणिक ने 43 गेंद पर 5 चौके की मदद से 31 रन बनाए। सुदीप कुमार घरामी ने 36 गेंद पर 4 चौके की मदद से 19 रन बनाए। कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन ने 12 गेंद पर 2 चौके की मदद से 10 रन बनाए। सुदीप चटर्जी ने 21 गेंद पर एक चौके की मदद से 7 रन बनाए। इसके बाद महाराष्ट्र की टीम बल्लेबाजी के लिए उतरी। कप्तान पृथ्वी शॉ 21 गेंद पर 12 और दिव्विज पाटिल बगैर खाता खोले पवेलियन लौट गए। दोनों विकेट मोहम्मद शमी ने लिए। सिद्धेश वीर 7 और अंकित बवाने ने 2 रन बनाकर क्रीज पर हैं। महाराष्ट्र ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया।

चोला शतरंज इंटरनेशनल

दस साल के सरबर्थो मणि ने किया उलटफेर, ग्रीस ग्रैंडमास्टर को दी मात



एजेंसी ▶▶| चेन्नई

पहले चोला शतरंज इंटरनेशनल ग्रैंडमास्टर्स टूर्नामेंट में 10 साल के भारतीय खिलाड़ी सरबर्थो मणि ने ऐसा कारनामा कर दिखाया, जिसने सभी को हैरान कर दिया। फिडे मास्टर सरबर्थो ने दूसरे दौर के मुकाबले में ग्रीस के ग्रैंडमास्टर दिमित्रिस एलेक्साकिस को हराकर बड़ा उलटफेर किया।

मुकाबले में एक समय ऐसा था, जब 15वीं चाल के बाद सरबर्थो मणि की लगभग हार नजर आ रही थी। सरबर्थो मणि के प्रतिद्वंद्वी को दो प्यादों की बढ़त हासिल थी। इसके बावजूद कोलकाता के इस नन्हें खिलाड़ी ने शानदार वापसी की और 58वीं चाल पर ग्रीक ग्रैंडमास्टर को हार मानने पर मजबूर कर दिया। दिलचस्प बात यह रही कि मुकाबला खत्म होने पर सरबर्थो मणि के पास घड़ी में 1 घंटा 12 मिनट का समय बचा था, जबकि दिमित्रिस एलेक्साकिस के पास महज 36 सेकंड शेष थे।

58वीं चाल में एलेक्साकिस को हराया

दिमित्रिस एलेक्साकिस के खिलाफ सरबर्थो मणि की जीत कई मायनों में खास रही। मुकाबले की 15वीं चाल तक उनकी स्थिति काफी खराब हो चुकी थी और जीत की उम्मीद भी कम नजर आ रही थी। इसके बावजूद 10 साल के सरबर्थो ने शानदार वापसी करते हुए 58वीं चाल पर ग्रीस के ग्रैंडमास्टर को हार मानने पर मजबूर कर दिया। इस जीत के साथ उन्होंने रेटिंग के बड़े अंतर को भी गलत साबित कर दिया।

शुरुआती चालों में मुश्किल में घिर थे सरबर्थो

सरबर्थो मणि शुरुआती चालों में ही मुश्किल में घिर गए थे। वह अपने प्रतिद्वंद्वी के राजा की तरफ दबाव बनाने की कोशिश कर रहे थे, जबकि एलेक्साकिस शतरंज की बिसात के बीच वाले हिस्से को खोलकर हमला करने की तैयारी में थे। 15 चालों के बाद खेल का आकलन करने वाले कंप्यूटर ने ग्रीस के ग्रैंडमास्टर को दो प्यादों के बराबर बढ़त दी थी।

युवा ओलंपिक

फाइनल में पहुंचने वाली पहली महिला तैराक बनीं धिनिधि



एजेंसी ▶▶| डकार

भारतीय तैराक धिनिधि देसिंघु सोमवार को यहां युवा ओलंपिक की महिला 100 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला तैराक बन गईं।

बेंगलुरु की 16 वर्षीय धिनिधि ने अपनी हीट में 56.80 सेकंड का समय निकालकर पहला स्थान हासिल किया। उन्होंने सभी प्रतियोगियों में तीसरे सबसे तेज तैराक के रूप में फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। उनसे आगे क्रोएशिया की एना बोबानोविच (56.22 सेकंड) और न्यूजीलैंड की एलिसा लॉसन (56.53 सेकंड) रहीं। युवा ओलंपिक के फाइनल में पहुंचने वाली धिनिधि तीसरी भारतीय तैराक हैं। उनसे पहले 2018 में दो बार ओलंपिक में हिस्सा ले चुके श्रीहरि नटराज और मौजूदा सत्र में तीर्थंक पेगू यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं। धि नि धि 2024 पेरिस ओलंपिक में भारतीय दल की सबसे युवा सदस्य थीं।

जूडो में जीतीं 15 वर्षीय खुशबू

जूडो स्पर्धा में भारत की खुशबू राजकभाई दरजादा ने महिला 63 किग्रा वर्ग के प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में गिनी की मामइस्सता कैमारा को 1-0 से शिकस्त दी। इस 15 वर्षीय खिलाड़ी ने 'युको' के जरिए यह मुकाबला अपने नाम किया। जूडो में 'युको' एक प्रभावी तकनीक के इस्तेमाल पर दिया जाने वाला कम अंक होता है। मुकाबले के दौरान कैमारा को रेफरी ने एक मामूली दंड 'एक शिदो' भी दिया। यह दंड खेल के नियमों के मामूली उल्लंघन जैसे निष्क्रियता दिखाने, गलत आक्रमण करने, निर्धारित सीमा से बाहर जाने या अवैध पकड़ बनाने पर दिया जाता है।

वनडे सीरीज : भारत के खिलाफ नहीं खेलेंगे चैपमैन और रविंद्र

ऑकलैंड। न्यूजीलैंड के सीनियर बल्लेबाज मार्क चैपमैन और रचिन रविंद्र अभी तक चोटों से नहीं उबर पाए हैं और इस कारण बुधवार से भारत के खिलाफ होने वाली 5 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों की श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे। चैपमैन अपनी हैमस्ट्रिंग (जांघ की मांसपेशियों में खिंचाव) की चोट से उबरने की प्रक्रिया से गुजर रहे हैं, जबकि रविंद्र अभी भी अपने कंधे की चोट से उबर नहीं पाए हैं। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने कहा, 'हाल में किए गए एमआरआई से पता चला है कि चैपमैन को बायीं हैमस्ट्रिंग की चोट से पूरी तरह उबरने में अभी दो सप्ताह का समय लगेगा जबकि रविंद्र दाहिने कंधे की चोट के कारण अभी अपनी पूरी क्षमता से फील्डिंग नहीं कर पा रहे हैं।' इन दोनों के बाहर होने से चौथे और पांचवें वनडे के लिए चुने गए टिम सीफर्ट अब पूरी श्रृंखला के लिए टीम में बने रहेंगे, जबकि हेनरी निकोल्स पहले तीन मैचों में खेलेंगे। डीन फॉक्सक्रॉफ्ट को श्रृंखला के चौथे और पांचवें मैच के लिए टीम में शामिल किया गया है।



न्यूजीलैंड-ए को पहली पारी में बढ़त सिराज और मुकेश ने झटके 9 विकेट

एजेंसी ▶▶| क्राइस्टचर्च

मोहम्मद सिराज ने दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले लय हासिल करते हुए भारत ए की तरफ से न्यूजीलैंड ए के खिलाफ 4 विकेट लिए लेकिन वह मेजबान टीम को दूसरे अनौपचारिक टेस्ट क्रिकेट मैच के तीसरे दिन सोमवार को यहां पहली पारी में 78 रन की बढ़त हासिल करने से नहीं रोक पाए।

न्यूजीलैंड की टीम के निचले क्रम के बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। न्यूजीलैंड का स्कोर एक समय 8 विकेट पर 338 रन था लेकिन इसके बाद उसने अंतिम दो विकेट गंवाने से पहले 86 रन जोड़े। इस तरह से उसकी टीम भारत के 346 रन के जवाब में 424 रन बनाने में सफल रही।



भारत ए 46 रन पीछे

भारत ए ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 32 रन बनाए और इस तरह से वह अभी न्यूजीलैंड की टीम से 46 रन पीछे है। स्टंप उखड़ने के समय यशस्वी जायसवाल 20 और साई सुदर्शन 11 रन पर खेल रहे थे। इससे पहले तेज गेंदबाज सिराज ने 35 ओवरों में 118 रन देकर 4 विकेट लिए, जबकि एक अन्य तेज गेंदबाज मुकेश कुमार ने 29 ओवर 87 रन देकर 5 विकेट झटके।

आज से 5 लाख डॉलर इनामी सुपर 500 टूर्नामेंट

कोरिया ओपन से हटे लक्ष्य, भारतीय चुनौती संभालेंगे प्रणय

एजेंसी ▶▶| यिओसु।

जर्मनी में हाइलो ओपन का खिताब जीतने वाले भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन कोरिया ओपन से हट गए हैं, जिसके बाद मंगलवार से शुरू होने वाले इस 5 लाख डॉलर इनामी सुपर 500 टूर्नामेंट में अनुभवी एचएस प्रणय भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे। लक्ष्य को पहले दौर में चीन के डोंग तियान याओ से भिड़ना था लेकिन उन्होंने टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया है।

प्रणय अपने अभियान की शुरुआत दक्षिण कोरिया के यू ताए बिन के खिलाफ करेंगे। 33 वर्षीय प्रणय अंतरराष्ट्रीय सर्किट में भारत के सबसे अनुभवी खिलाड़ियों में से एक हैं और लक्ष्य की गैरमौजूदगी में पुरुष एकल में उन पर बड़ी जिम्मेदारी होगी। पुरुष एकल में चीनी ताइपे के शीर्ष वरीय चोउ तिएन चेन, जापान के तीसरे वरीय कोडाई नाराओका और कनाडा के विक्टर लाई जैसे मजबूत खिलाड़ी भी चुनौती पेश करेंगे।



सोनाली और रितिका का सामना ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी से

महिला युगल में भारत की सोनाली सिंह और रितिका ठाकेर का सामना ऑस्ट्रेलिया की लौडिया चेल्सी ग्रिसेल्डा और नोजोमी शिमिजू से होगा। मिश्रित युगल में ध्रुव रावत और के मनीषा भारतीय चुनौती पेश करेंगे। पहले दौर में उनका मुकाबला झू यी जुन और ली कियान की सातवीं वरीयता प्राप्त चीन की जोड़ी से होगा।

सुइजु के खिलाफ उतरेंगी तन्वी

महिला एकल में तन्वी शर्मा अपने अभियान की शुरुआत जापान की मनामी सुइजु के खिलाफ उतरेंगी। इस साल ताइपे ओपन का खिताब जीतने वाली इस युवा भारतीय खिलाड़ी ने खुद को उभरती प्रतिभाओं में शामिल किया है। मालविका बंसोड़ को पहले दौर में कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। उनका मुकाबला दक्षिण कोरिया की चौथी वरीय सिम यू जिन से होगा। अनमोल खरब कनाडा की रेचल चान से भिड़ेंगी। 19 वर्षीय अनमोल का जर्मनी में प्रदर्शन प्रभावशाली रहा था, जहां उन्होंने दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू के खिलाफ सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। कोरिया ओपन में उनके पास एक बार फिर ऊंची रैंकिंग वाली खिलाड़ियों के खिलाफ अपनी क्षमता साबित करने का मौका होगा।

हाईकोर्ट ने राज्य सरकार और डीएमई को नोटिस जारी कर दो दिन में मांगा जवाब, पांच नवंबर को अगली सुनवाई

पीजी मेडिकल में इन-सर्विस अभ्यर्थियों को 30 प्रतिशत से अधिक सीट आवंटन को चुनौती

जबलपुर। पीजी मेडिकल काउंसलिंग की प्रथम चरण की मेरिट सूची में 30 प्रतिशत से अधिक इन-सर्विस अभ्यर्थियों को शामिल किए जाने को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है।एक याचिका में आरोप लगाया गया है कि इन-सर्विस अभ्यर्थियों को ओपन कैटेगरी में भी प्रवेश का लाभ दिया जा रहा है। चीफ जस्टिस अल्पेश यशवंत कोगजे व जस्टिस विशाल जैन की डिवीजन बेंच ने मामले में राज्य सरकार और संचालक चिकित्सा शिक्षा (डीएमई) को नोटिस जारी कर दो दिन में जवाब मांगा है।

भोपाल निवासी डा. जे बतरा व डा. एस. सिंह की ओर से दायर याचिका में कहा गया कि डीएमई ने पीजी मेडिकल काउंसलिंग के प्रथम चरण की मेरिट सूची जारी कर दी है। फिलहाल अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन किया जा रहा है। प्रथम चरण की काउंसलिंग 10 नवंबर तक निर्धारित है। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि मेरिट सूची में बड़ी संख्या में इन-सर्विस अभ्यर्थियों को स्थान दिया गया है और उन्हें पसंदीदा विभाग भी आवंटित किए गए हैं। जबकि नियमानुसार इन-सर्विस अभ्यर्थियों के लिए केवल 30 प्रतिशत सीटों का प्रावधान है। आरोप है कि इन-सर्विस श्रेणी



में परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों को ओपन कैटेगरी में भी शामिल कर लिया गया है। याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता आदित्य संघी ने दलील दी कि इन-सर्विस अभ्यर्थियों को ओपन कैटेगरी का अभ्यर्थी नहीं माना जा सकता, क्योंकि उन्होंने परीक्षा इन-सर्विस श्रेणी के तहत दी है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने निर्देश दिया कि इन-सर्विस अभ्यर्थियों को 30 प्रतिशत आरक्षित सीटों के दायरे में ही प्रवेश दिया जाए। साथ ही राज्य सरकार और डीएमई को नोटिस जारी कर दो दिन में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। मामले की अगली सुनवाई पांच नवंबर को निर्धारित की गई है।

हाईकोर्ट ने एनसीएल प्रबंधन को नोटिस जारी कर दो सप्ताह में मांगा जवाब

एनसीएल की सहायक फोरमैन भर्ती निरस्त करने को चुनौती

जबलपुर। नार्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) की सहायक फोरमैन (प्रशिक्षु) ग्रेड-सी भर्ती परीक्षा निरस्त कर दोबारा परीक्षा कराने के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। जस्टिस विशाल धगट की सिंगल बेंच ने याचिका पर सुनवाई करते हुए एनसीएल प्रबंधन को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। साथ ही अंतरिम राहत के संबंध में भी दो सप्ताह में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। अगली सुनवाई 23 नवंबर को होगी।

विवेक कुमार तिवारी सहित बिहार, राजस्थान, झारखंड, उत्तराखंड और तेलंगाना के सात अभ्यर्थियों ने संयुक्त याचिका दायर की है। उनकी ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर व अधिवक्ता काजल विश्वकर्मा ने पक्ष रखा। याचिका के अनुसार एनसीएल ने नौ फरवरी, 2026 को इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल एवं ईएंडटी संवर्ग में 270 पदों पर भर्ती का विज्ञापन जारी किया था। आठ अगस्त को परीक्षा परिणाम घोषित हुआ, जिसमें याचिकाकर्ताओं का चयन कर दस्तावेज सत्यापन के लिए सूचीबद्ध किया गया। हालांकि, कुछ परीक्षा केंद्रों पर अनियमितताओं की शिकायत मिलने के बाद 13 अगस्त को दस्तावेज सत्यापन स्थगित कर दिया गया। इसके बाद 10 अक्टूबर 2026 को एनसीएल ने पूरी चयन परीक्षा निरस्त कर पुनः परीक्षा कराने का आदेश जारी कर दिया। याचिकाकर्ताओं का तर्क है कि एनसीएल ने अपने आदेश में स्वयं स्वीकार किया है कि अनुचित साधनों का उपयोग करने वाले अभ्यर्थियों की पहचान कर ली गई है। ऐसे में दोषी अभ्यर्थियों को चयन प्रक्रिया से बाहर करने के बजाय पूरी परीक्षा निरस्त करना निर्दोष और सफल अभ्यर्थियों के साथ अन्याय है। याचिका में संविधान के अनुच्छेद 14, 16, 19 एवं 21 व सर्वोच्च न्यायालय के सचिन कुमार और वंशिका यादव प्रकरणों में प्रतिपादित सिद्धांतों का हवाला दिया गया है। तर्क दिया गया कि दागी और निर्दोष अभ्यर्थियों को अलग-अलग करके कार्रवाई की जानी चाहिए। पूरी परीक्षा निरस्त करना अनुपातहीन और प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के विपरीत है।

आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर कोतवाली थाने के घेराव की चेतावनी

अधिवक्ता पर जानलेवा हमला, धारदार हथियार और बेसबॉल बैट से बेरहमी से पीटा

जबलपुर। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट जबलपुर में वकालत करने वाले शिव नगर निवासी अधिवक्ता राबिन जैन पर रविवार देर रात करीब 12:30 बजे जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि विजय ठाकुर नामक युवक ने फोन कर उन्हें कार्यालय के बाहर बुलाया, जहां पहले से मौजूद चार अन्य साथियों के साथ मिलकर उन पर हमला कर दिया। हमलावरों ने अधिवक्ता से जबरन रुपयों की मांग की और इनकार करने पर धारदार हथियार, बेसबॉल बैट एवं लाठियों से उनकी जमकर पिटाई की। हमले में गंभीर रूप से घायल अधिवक्ता को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना के समय अधिवक्ता राबिन जैन अपने कार्यालय में बैठकर कामकाज निपटा रहे थे। इसी दौरान विजय ठाकुर का फोन आया और उसने उन्हें बाहर मिलने के लिए बुलाया। जैसे ही राबिन कार्यालय से बाहर पहुंचे, वहां पहले से मौजूद विजय ठाकुर, बिरजू, बिट्टू पांडे और दो अन्य अज्ञात युवकों ने उन्हें घेर लिया। आरोप है कि पांचों ने उनसे रुपयों की मांग की। अधिवक्ता द्वारा रकम देने से इनकार करने पर आरोपियों ने धारदार हथियार से उनके सिर पर वार कर दिया। इसके बाद उन्हें जमीन पर गिराकर बेसबॉल बैट और लाठियों से बेरहमी से पीटा। मारपीट में लहूलुहान होकर अधिवक्ता के अचेत होते ही सभी आरोपी मौके से फरार हो गए।

साथी अधिवक्ताओं में आक्रोश, थाने के घेराव की चेतावनी

घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग और साथी अधिवक्ता मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायल राबिन जैन को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है। अधिवक्ता पर हुए हमले की खबर से वकीलों में आक्रोश व्याप्त है। साथी अधिवक्ता रोहित कुरैल ने घटना पर नाराजगी जताते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सभी नामजद और अज्ञात हमलावरों को तत्काल गिरफ्तार नहीं किया गया, तो अधिवक्ता एकजुट होकर कोतवाली थाने का घेराव करेंगे।

कोतवाली पुलिस ने दर्ज किया मामला, आरोपियों की तलाश जारी

पीड़ित पक्ष के बयानों के आधार पर कोतवाली थाना पुलिस ने नामजद एवं अन्य अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। घायल अधिवक्ता ने जांच अधिकारियों को बताया कि हमले में शामिल आरोपी कथित तौर पर आदतन अपराधी हैं और उनके विरुद्ध पूर्व में भी विभिन्न थानों में आपराधिक मामले दर्ज हैं। उन्होंने आरोपियों को स्थानीय स्तर पर राजनीतिक संरक्षण मिलने की आशंका भी जताई है। फिलहाल पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर आरोपियों के संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है और मामले की जांच जारी है।

गूगल पर बस का वजन देखकर हाईकोर्ट ने निरस्त की बीमा कंपनी की अपील

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने बस चालक के ड्राइविंग लाइसेंस को लेकर दायर न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी की अपील निरस्त करते हुए 20 हजार रुपये मुकदमा खर्च देने का निर्देश दिया है। जस्टिस विवेक अग्रवाल की सिंगल बेंच ने सुनवाई के दौरान बस का वास्तविक वजन पूछा, लेकिन बीमा कंपनी के पास इसका प्रमाण नहीं था। इस पर जस्टिस अग्रवाल ने स्वयं गूगल पर टाटा स्टारबस मार्कोपोलो का वजन देखा, जो लगभग 4960 किलोग्राम निकला। कोर्ट ने कहा कि निर्धारित वजन सीमा के भीतर आने वाले वाहन के लिए केवल बस होने के आधार पर भारी मोटर वाहन का लाइसेंस अनिवार्य नहीं माना जा सकता। यह मामला पनागर में 26 अगस्त 2022 को बस की टक्कर से घायल हुए शुभम पटेल से जुड़ा है। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण ने पीड़ित को 3.17 लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश दिया था। बीमा कंपनी ने तर्क दिया कि चालक के पास हल्के मोटर वाहन का लाइसेंस था, जबकि बस चलाने के लिए भारी मोटर वाहन का लाइसेंस जरूरी था। हाईकोर्ट ने पाया कि कंपनी वाहन का वजन निर्धारित सीमा से अधिक होने का प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर सकी। अधिकरण के समक्ष भी कंपनी ने कोई गवाह पेश नहीं किया था। कोर्ट ने पर्याप्त तथ्यों और कानूनी शोध के बिना अपील दायर करने पर नाराजगी जताते हुए 20 हजार रुपये मुकदमा खर्च दावेदारों को देने तथा इसकी वसूली जिम्मेदार अधिकारियों से करने के निर्देश दिए। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट के फैसले के आधार पर अधिकरण द्वारा लगाया गया 12 प्रतिशत दंडात्मक ब्याज निरस्त कर दिया गया।

लापरवाह अधिकारियों से वसूला जाएगा 20 हजार रुपये मुकदमा खर्च, 12 प्रतिशत दंडात्मक ब्याज का आदेश निरस्त

विधि विद्यार्थियों ने किया हाई कोर्ट बार का शैक्षणिक भ्रमण

युवा आयु का नाम नहीं, संभावना का दूसरा नाम

जबलपुर । युवा केवल आयु का नाम नहीं, वह संभावना का दूसरा नाम है। उसकी आंखों में प्रश्न, मस्तिष्क में जिज्ञासा और हृदय में अपनी पहचान गढ़ने की आकांक्षा होती है। इतिहास उन्हीं के संकल्पों से आकार लेता है, जो भविष्य के सपने देखते हैं। ये विचार हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के सचिव असीम त्रिवेदी ने 60 विधि विद्यार्थियों के शैक्षणिक भ्रमण के दौरान व्यक्त किए। राज्य अधिवक्ता परिषद के सभाकक्ष में आयोजित विधि संवाद में अनुभवी अधिवक्ताओं और भावी कानूनविदों का आत्मीय मिलन हुआ। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष सत्येन्द्र ज्योतिषी ने कहा कि काला कोट पहनना ही अधिवक्ता बन जाना नहीं है। इसके लिए धैर्य, निरंतर अध्ययन, अनुभव और आजीवन विद्यार्थी बने रहने की विनम्रता आवश्यक है। राज्य अधिवक्ता परिषद के सदस्य मनीष तिवारी ने कहा कि न्यायालय में सफलता वर्षों के अध्ययन, तैयारी और संघर्ष से मिलती है। ज्ञान अधिवक्ता का सबसे बड़ा अस्त्र, तर्क उसकी शक्ति और चरित्र उसकी पूंजी है। परिषद सदस्य नवीन शुक्ला ने विद्यार्थियों से ज्ञान की ऐसी ज्योति प्रज्वलित करने का आह्वान किया, जो कठिनाइयों के बीच भी बुझने न पाए। कार्यक्रम में हाईकोर्ट बार के सहसचिव रुपेश पटेल, कोषाध्यक्ष सुशीला पालीवाल, कार्यकारिणी सदस्य आशीष तिवारी, वरुण दुबे एवं शांति तिवारी व अधिवक्ता विक्रम उपस्थित रहे।

प्रेमसागर में नशीले इंजेक्शन बेचते पकड़ा गया आरोपी

जबलपुर। हनुमानताल पुलिस ने गत रात प्रेमसागर इलाके में नशीले इंजेक्शन के कारोबार में लिप्त आरोपी को दबोचते हुए उसके कब्जे से 10 नशीले इंजेक्शन बरामद किए हैं। इस संबंध में हनुमानताल से मिली जानकारी के मुताबिक रविवार 1 नवंबर की रात मुखबिर की सूचना पर प्रेमसागर बाबाजी की बगिया के पास पुलिस ने दबिश दी, जहां प्रेमसागर न्यू बंगाली कालोनी बेलबाग निवासी 50 वर्षीय संतोष उर्फ बटन वंशकार नाम का व्यक्ति अपने पास प्रतिबंधित नशीली इंजेक्शन की बिक्री करते पकड़ा गया। तलाशी लेने पर आरोपी के पहने हुए लोअर के दाहिने जेब में कपड़े के थैले के अंदर फैनरामाइन मेलेट इंजेक्शन एवं 1 पैकेट में 5 नग ब्यूप्रेनोर्फिन इंजेक्शन रखे मिले। पूछताछ में आरोपी ने नशा करने वालों को उक्त इंजेक्शन बेचने की बात स्वीकार की। आरोपी के कब्जे से कुल 10 नशीले इंजेक्शन जप्त करते हुए आरोपी के विरुद्ध धारा 5/13 एम.पी. ड्रग्स कंट्रोल अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई।



हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No. : MPHIN/2008/24240

लोकतंत्र बचाने की बात करने वाली कांग्रेस का इतिहास आपातकाल से जुड़ा : मोहन यादव

लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ यात्रा में पदयात्रा करने पहुंचे मुख्यमंत्री ने कांग्रेस और गांधी परिवार पर साधा निशाना



लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ यात्रा के तहत जबलपुर पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पदयात्रा के दौरान कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कांग्रेस की लोकतंत्र और संविधान बचाने की मुहिम पर सवाल उठाते हुए कहा कि आज लोकतंत्र की दुहाई देने वाली कांग्रेस को अपने अतीत में झांकना चाहिए। मुख्यमंत्री ने आपातकाल का जिक्र करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और गांधी परिवार पर तीखे राजनीतिक आरोप लगाए।

हरिभूमि, जबलपुर।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस न्यायपालिका पर देश के लोकतंत्र की सुरक्षा की जिम्मेदारी है, उसी न्यायपालिका के फैसलों के बाद देश ने आपातकाल का दौर देखा। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के शासनकाल में लोकतांत्रिक संस्थाओं पर दबाव बनाने के प्रयास किए गए। इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले और उसके बाद लगाए गए आपातकाल का उल्लेख करते हुए उन्होंने कांग्रेस के इतिहास पर सवाल उठाए। उन्होंने चुनाव आयोग की संरचना और चुनाव आयुक्तों के साथ कांग्रेस के व्यवहार को लेकर भी निशाना साधा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस आज संवैधानिक संस्थाओं की स्वतंत्रता की बात करती है, लेकिन उसके अपने कार्यकाल में इन संस्थाओं के साथ कैसा व्यवहार हुआ, यह देश जानता है।

परिवारवाद पर भी किया हमला

मुख्यमंत्री ने गांधी परिवार पर परिवारवाद की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस में सत्ता को परिवार तक सीमित रखने की सोच रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक गरीब परिवार से निकलकर देश के सर्वोच्च पद तक पहुंचे हैं। एक चाय बेचने वाले परिवार का बेटा प्रधानमंत्री बन सकता है, यही भारतीय लोकतंत्र की ताकत है। उन्होंने कहा कि देश की जनता अब परिवार आधारित राजनीति के बजाय लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपनी भागीदारी को महत्व दे रही है। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि जबलपुर में समाज के हर वर्ग के लोगों ने पदयात्रा में भागीदारी की और लोकतंत्र तथा संवैधानिक व्यवस्था को लेकर अपना संकल्प व्यक्त किया। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने कांग्रेस की लगातार चुनावी पराजयों का उल्लेख करते हुए पार्टी के नेतृत्व पर भी कटाक्ष किया।

,'मोदी कहीं नहीं जाएंगे, विपक्ष अपनी साख खो चुका है- अर्जुन मेघवाल

जबलपुर पहुंचे केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी और विपक्षी सांसद चुनाव आयुक्त से मुलाकात के मामले को बेवजह विवादित बना रहे हैं। चुनाव आयुक्त ने केवल यह पूछा था कि कितने लोग मिलना चाहते हैं और उनका ज्ञापन क्या है, फिर 12 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट जाने की बात क्यों की गई? मेघवाल ने दो टूक कहा कि सुप्रीम कोर्ट को कोई धमका नहीं सकता। उन्होंने राहुल गांधी और उनके साथियों पर अराजकता फैलाने का प्रयास करने का आरोप लगाते हुए गीत के जरिए भी कांग्रेस पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि मोदी कहीं नहीं जाएंगे, जबकि विपक्ष अपनी साख खो चुका है। पदयात्रा को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने भी सम्बोधित किया।

पोस्टर पहनकर आये विधायक अभिलाष

मुख्यमंत्री के भाषण के दौरान उत्तर मध्य क्षेत्र के भाजपा विधायक अभिलाष पांडे एक पोस्टर पहनकर आए इस पोस्टर पर लिखा था कि मोदी कहीं नहीं जाएंगे ब्रो , भाजपा विधायक अभिलाष पांडे के पोस्टर ने सभी का ध्यान आकर्षित किया।

लगभग 4 किमी की पैदल यात्रा

मुख्यमंत्री मोहन यादव केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल, सांसद आशीष दुबे, राज्यसभा सांसद सुमित्रा बाल्मीकि, महापौर जगत बहादुर सिंह अनु सहित अनेक नेताओं ने भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ यात्रा में लगभग 4 किलोमीटर पदयात्रा की गोल बाजार से शुरू हुई यात्रा मालवी चौक पहुंची इसके पश्चात सुपरमार्केट होते हुए फवारा चौक अंधेर देव करमचंद चौक मालवीय चौक से हो कर गोल बाजार में समाप्त हुई।

झलकियां

- देश व प्रदेश की जनता जानती है कि कांग्रेस पार्टी देश की सत्ता संभालने लायक नहीं बची : डॉ. मोहन यादव।
- जो नेताजी सुभाषचंद्र बोस के नहीं हुए, वह कांग्रेस नेता किसी के भी सगे नहीं हो सकते।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दो बार किया मंत्री राकेश सिंह का उल्लेख, पदयात्रा की ऐतिहासिक सफलता का दिया श्रेय।
- राहुल गांधी लोकतांत्रिक संस्थाओं को धमकाकर देश में अराजकता फैलाने का प्रयास कर रहे हैं।
- कांग्रेस पार्टी और उसके नेता अपनी साख खो चुके, इसलिए संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठा रहे।
- लोकतंत्र को बचाने और अराजकता फैलाने वालों को सबक सिखाने आगे आए जनता - अर्जुनराम मेघवाल।
- सैकड़ो सामाजिक, व्यापारिक के साथ विभिन्न संगठनों ने की सहभागिता।
- विदेशी ताकतों से धन लेकर भारत को अस्थिर करने की कोशिश करने वालों को बेनकाब करें - हेमंत खण्डेलवाल।

ढाई किलोमीटर के मार्ग पर 55 मंचों से हुआ ऐतिहासिक स्वागत

'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा का एक अत्यंत आकर्षक और उल्लेखनीय पक्ष यह रहा कि ढाई किलोमीटर लंबे मार्ग पर विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक एवं व्यापारिक संगठनों द्वारा कुल 55 स्वागत मंच स्थापित किए गए। इन मंचों के माध्यम से पदयात्रा में शामिल अतिथियों, जनप्रतिनिधियों और सहभागियों का पुष्पवर्षा, माल्यार्पण, अभिनंदन एवं आत्मीय स्वागत किया गया। पूरे मार्ग पर उत्साह और उल्लास का वातावरण दिखाई दिया। समाज के विभिन्न वर्गों ने अपने-अपने मंचों के माध्यम से आयोजन के प्रति समर्थन और सहभागिता व्यक्त की। व्यापारिक क्षेत्रों में विशेष उत्साह रहा, वहीं सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों ने भी बढ़-चढ़कर स्वागत किया। यह दृश्य जबलपुर की सामाजिक एकता, आपसी सद्भाव और सामूहिक सहभागिता का जीवंत उदाहरण बना। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का विरोध करने वाले राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी को यह मालूम होना चाहिए कि कांग्रेस के शासनकाल में कई बार एसआईआर हुआ है। भाजपा के शासनकाल में एक बार श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी और दूसरी बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के कार्यकाल में ही एसआईआर हुआ है। इसके अलावा आजादी के बाद जितने भी एसआईआर देश में हुए हैं, सभी कांग्रेस के शासनकाल में हुए हैं। बैलेट से चुनाव हारने वाली कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी सबसे अधिक चुनाव हारने के मामले में विश्व के सबसे बड़े नेता बन गए हैं। विदेशी ताकतों से धन से लेकर भारत को अस्थित करने की कोशिश करने वालों को जनता बेनकाब करे। केंद्रीय मंत्री श्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा कि राहुल गांधी लोकतांत्रिक संस्थाओं को धमकाकर देश में अराजकता फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी और उसके नेता अपनी साख खो चुके हैं, इसलिए संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठा रहे हैं। लोकतंत्र को बचाने और अराजकता फैलाने वालों को सबक सिखाने के लिए जनता आगे आए।

ट्रिपल आईटीडीएम में हड़कंप, तृतीय वर्ष की कंप्यूटर साइंस की छात्रा थी वैष्णवी, आत्महत्या की वजह अब भी अनसुलझी, रैगिंग और प्रताड़ना सहित सभी पहलुओं पर पुलिस की जांच

हॉस्टल में छात्रा ने लगाई फांसी, मौत

हरिभूमि, जबलपुर।

खमरिया थाना क्षेत्र में डुमना एयरपोर्ट मार्ग स्थित पंडित द्वारका प्रसाद मिश्र भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी अभिकल्पन एवं विनिर्माण संस्थान (ट्रिपल आईटीडीएम) के हॉस्टल में उस समय हड़कंप मच गया, जब संस्थान में अध्ययनरत तृतीय वर्ष की एक छात्रा ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही कॉलेज प्रबंधन और हॉस्टल में रहने वाले विद्यार्थियों के बीच अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया। मृत छात्रा की पहचान वैष्णवी (21) के रूप में हुई है, जो मूलतः तेलंगाना की रहने वाली थी। फिलहाल छात्रा के इस आत्मघाती कदम के पीछे की वजह सामने नहीं आई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

ढाई बजे प्रबंधन ने दी पुलिस को सूचना

टीआई राजकुमार खटीक से प्राप्त जानकारी के अनुसार वैष्णवी ट्रिपल आईटीडीएम में कंप्यूटर साइंस की तृतीय वर्ष की छात्रा थी और संस्थान के हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रही थी। उसने हॉस्टल स्थित अपने कमरे में रस्सी से फंदा बनाकर फांसी लगा ली। कॉलेज प्रशासन की ओर से दोपहर करीब ढाई बजे पुलिस को छात्रा द्वारा आत्महत्या किए जाने की सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक पंचनामा कार्रवाई की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया। पुलिस ने छात्रा के परिजनों को घटना की सूचना दे दी है।

पढ़ाई में अच्छी थी छात्रा, वजह की तलाश

प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक वैष्णवी पढ़ाई में अच्छी थी। ऐसे में उसके द्वारा अचानक उठाए गए इस कदम ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। आखिर ऐसी कौन-सी परिस्थितियां बनीं, जिनके चलते 21 वर्षीय छात्रा ने अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली? क्या वह किसी व्यक्तिगत परेशानी से गुजर रही थी अथवा पढ़ाई, पारिवारिक परिस्थितियों या संस्थान से जुड़ा कोई दबाव था? फिलहाल इन सवालों के जवाब सामने नहीं आए हैं। पुलिस हॉस्टल में रहने वाली छात्राओं, वैष्णवी के साथ पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं और कॉलेज प्रबंधन से पूछताछ कर रही है। जांच में रैगिंग, किसी प्रकार की प्रताड़ना अथवा मानसिक दबाव की आशंका को भी शामिल किया गया है। हालांकि अभी तक इस संबंध में कोई तथ्य सामने नहीं आया है। पुलिस का कहना है कि सभी संभावित पहलुओं की जांच के बाद ही आत्महत्या के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

पिछले साल भी छात्र की मौत से उठे थे सवाल

गौरतलब है कि ट्रिपल आईटीडीएम में पिछले वर्ष भी एक छात्र की मौत का मामला सामने आया था। उस समय संस्थान की चौथी मंजिल से गिरने के कारण छात्र की जान चली गई थी। घटना के बाद मृतक छात्र के परिजनों ने उसकी हत्या किए जाने के आरोप लगाए थे। अब एक बार फिर संस्थान के हॉस्टल में छात्रा की मौत की घटना ने परिसर के माहौल को झकझोर दिया है। लगातार सामने आ रही ऐसी घटनाओं के बीच संस्थान में विद्यार्थियों की सुरक्षा, उनकी मानसिक स्थिति और समस्याओं के समाधान के लिए उपलब्ध व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठना स्वाभाविक है। फिलहाल पुलिस की जांच इस बात पर केंद्रित है कि वैष्णवी ने किन परिस्थितियों में यह कदम उठाया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट, परिजनों के बयान और सहपाठियों से पूछताछ के बाद मामले में आगे की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

नाबालिग और गुमशुदा युवती को सुरक्षित पहुंचाया

जबलपुर। पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने 26 अक्टूबर से 1 नवंबर के बीच तीन अलग-अलग कार्रवाइयां कीं। इस दौरान दमोह स्टेशन पर मिली नाबालिग बालिका को बाल कल्याण समिति के सुपुर्द किया गया, जबकि ब्योहारी स्टेशन से मिली गुमशुदा युवती को उसके परिजनों तक पहुंचाया गया। वहीं, संयुक्त कार्रवाई में 1.30 लाख रुपए कीमत का आईफोन बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। दमोह रेलवे स्टेशन पर ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत करीब 17 वर्षीय नाबालिग बालिका मिली। आरपीएफ ने उसे सुरक्षित पोस्ट पर पहुंचाया और जिला अस्पताल में चिकित्सकीय परीक्षण कराने के बाद आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर बाल कल्याण समिति दमोह के प्रतिनिधि दीपक कुमार तिवारी को सौंप दिया। बालिका के पिता उमेश बर्मन को भी इसकी सूचना दी गई। इसी दिन रेल मदद पर मिली शिकायत के आधार पर ब्योहारी स्टेशन से गुमशुदा युवती रूबी गुप्ता को तलाश किया गया।

घमापुर में सोने की चेन तो सिविल लाइन में मोबाइल लूटा

जबलपुर। दीपावली के त्योहार से पहले शहर में लुटेरे सक्रिय हो गए हैं। बदमाश भीड़भाड़ और सुनसान रास्तों का फायदा उठाकर लूट की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। घमापुर में तीन बदमाशों ने एक अधेड़ व्यक्ति को धक्का देकर गिराया और उसके गले से सोने की चेन लूटकर फरार हो गए। वहीं सिविल लाइन में बाइक सवार दो बदमाशों ने प्रधान डाकघर के कर्मचारी का एप्पल मोबाइल फोन छीन लिया। दोनों घटनाओं में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार पूर्वी करिया पाथर, बाई का बगीचा घमापुर निवासी 52 वर्षीय प्रभाकर गायकवाड़ निजी काम करते हैं। बीती रात करीब 9:45 बजे वे काम से पैदल घर लौट रहे थे। जब वे कल्लू साहू के घर के सामने से गुजर रहे थे, तभी तीन बदमाशों ने उन्हें धक्का देकर गिरा दिया। प्रभाकर संभल पाते, इससे पहले ही एक बदमाश ने उनके गले से सोने की चेन झपट ली। वारदात के बाद तीनों बदमाश भाग निकले। प्रभाकर ने शोर मचाते हुए उनका पीछा भी किया, लेकिन वे हाथ नहीं आए।

तीन घंटे तक चला हाईवोल्टेज ड्रामा, पुलिस पर किया पथराव, पांच हजार का इनामी राहुल दुबे गिरफ्तार, निकाला जुलूस

पुलिस को देख छत पर चढ़ा इनामी बदमाश

हरिभूमि, जबलपुर।

पुलिस को सामने देखते ही फरार इनामी बदमाश ने ऐसा हंगामा खड़ा किया कि उसे पकड़ने में पुलिस को करीब तीन घंटे तक मशक्कत करनी पड़ी। गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी घर की छत पर चढ़ गया और पुलिस पर पथराव शुरू कर दिया। इतना ही नहीं, छत से कूदकर आत्महत्या करने की धमकी देकर पुलिस को चुनौती देता रहा। आखिरकार बरेला पुलिस ने घेराबंदी कर पांच हजार रुपए के इनामी बदमाश राहुल दुबे को दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी का क्षेत्र में जुलूस निकाला और न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

चार महीने से पुलिस को दे रहा था चकमा

पुलिस के अनुसार राहुल दुबे हत्या के प्रयास, लूट और मारपीट जैसी गंभीर आपराधिक वारदातों में शामिल रहा है। उसके लगातार फरार रहने के कारण उस पर पांच हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस पिछले करीब चार महीनों से उसकी तलाश में जुटी थी। इसी बीच पुलिस को सूचना मिली कि राहुल दीपावली के अवसर पर अपने घर आया हुआ है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए बरेला थाना प्रभारी संगीता सिंह पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचीं।

छत से बरसाने लगा पत्थर, कूदने की धमकी



पुलिस को देखते ही राहुल ने भागने का प्रयास किया और घर के अंदर पहुंचकर सीधे छत पर चढ़ गया। पुलिस टीम ने जब उसे नीचे उतरने के लिए कहा तो वह उल्टा पुलिस को धमकाने लगा। इसके बाद उसने छत से पुलिसकर्मियों पर पथराव शुरू कर दिया। हालात उस समय और तनावपूर्ण हो गए, जब आरोपी छत से कूदकर आत्महत्या करने की धमकी देने लगा। पुलिसकर्मियों ने संयम बरतते हुए घेराबंदी जारी रखी और पथराव के बीच उसे काबू में करने की रणनीति बनाई। करीब तीन घंटे तक चले इस घटनाक्रम के बाद पुलिस ने आखिरकार राहुल को छत से ही पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस आरोपी को नीचे लेकर आई और क्षेत्र में उसका जुलूस निकाला। इसके बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

कई आपराधिक मामलों में है आरोपी

टीआई संगीता सिंह के मुताबिक राहुल दुबे शातिर किस्म का बदमाश है और उसके खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। हत्या के प्रयास, लूट और मारपीट जैसी गंभीर वारदातों में उसकी संलिप्तता के चलते पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। इनामी बदमाश की गिरफ्तारी के बाद क्षेत्र में सुबह से ही घटनाक्रम की चर्चा बनी रही।

घर के सामने खुले कमरे में अवैध रूप से जमा कर रखा था 100 लीटर डीजल, युवक गिरफ्तार

जबलपुर। शहर के तिलवारा थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध रूप से डीजल का भंडारण करने वाले एक 20 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी अपने घर के सामने स्थित खुले कमरे में प्लास्टिक की केनों में करीब 100 लीटर डीजल रखे हुए था। पुलिस ने मौके से डीजल सहित अन्य सामग्री जब्त कर आवश्यक वस्तु अधिनियम एवं भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई की है।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 1 नवंबर 2026 को थाना तिलवारा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम परासिया में एक युवक पिछले कुछ दिनों से अपने घर के सामने बने खुले कमरे में अवैध रूप से डीजल का भंडारण कर रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर दबिश दी। वहां खुले कमरे में प्लास्टिक की केन रखी दिखाई दीं। इसी दौरान पुलिस को देखकर एक युवक दीवार की आड़ में छिपने का प्रयास करने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम रोहित कुशराम, उम्र 20 वर्ष, निवासी ग्राम परासिया बताया।

हार्वेस्टर में स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम लगाना अनिवार्य : कलेक्टर

जिला स्तरीय पराली प्रबंधन समिति की हुई बैठक



जबलपुर। कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पराली प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर नीता राठौर, शैलेंद्र सिंह, रविशंकर राय, उप संचालक कृषि उमेश कटहरे, इंदिरा त्रिपाठी तथा संबंधित विभागों के अधिकारी एवं हार्वेस्टर संचालक उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने कहा कि धान की कटाई शुरू होने के साथ ही पराली जलाने की घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। जबलपुर जिला प्रदेश के उन पांच जिलों में शामिल है, जहां पराली जलाने की घटनाएं सर्वाधिक दर्ज की जाती हैं। पिछले वर्ष पूरे संभाग में भी ऐसी घटनाओं की संख्या तीन हजार से अधिक रही। उन्होंने कहा कि इस स्थिति में बदलाव लाने के लिए सभी संबंधित विभागों, किसानों और कृषक संगठनों को मिलकर प्रयास करने होंगे।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले में संचालित होने वाले सभी हार्वेस्टर में स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम (एसएमएस) लगाना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी एवं राजस्व अधिकारियों के बीच समन्वय स्थापित कर हार्वेस्टरों की जांच और निगरानी की जाए। बिना एसएमएस के संचालित होने वाले हार्वेस्टरों की जानकारी तत्काल संबंधित अधिकारियों को उपलब्ध कराने तथा पराली प्रबंधन के लिए जारी प्रतिबंधात्मक आदेश का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।उन्होंने कहा कि जिले में उपलब्ध बेलर्स का अधिकतम उपयोग कर खेतों से पराली एकत्रित की जाए। साथ ही आगामी फसल की बुवाई के लिए हैप्पी सीडर, सुपर सीडर व रीपर कम्बाइंडर जैसे कृषि उपकरणों के उपयोग को बढ़ावा दिया जाए। पंजाब और हरियाणा जैसे राज्यों में पराली प्रबंधन के बेहतर विकल्प अपनाकर घटनाओं पर काफी हद तक नियंत्रण किया गया है। जबलपुर में भी किसानों को इन विकल्पों के प्रति जागरूक और प्रेरित करने की आवश्यकता है।कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि इस सप्ताह किसान संगठनों एवं आरएमएस सदस्यों के साथ बैठक कर पराली प्रबंधन पर कृषक संगोष्ठियां आयोजित करें। उन्होंने हार्वेस्टर संचालकों के नाम, मोबाइल नंबर, कार्यालय एवं यार्ड का पता अनुविभागीय अधिकारियों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, ताकि आवश्यकता पड़ने पर उनसे तत्काल संपर्क किया जा सके।

शासकीय कर्मचारियों और पेंशनर्स के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना शीघ्र लागू करने की मांग

जबलपुर। मध्यप्रदेश अधिकारी-कर्मचारी संगठन के प्रांताध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने प्रदेश सरकार से शासकीय कर्मचारियों एवं पेंशनर्स के लिए घोषित कैशलेस मेडिक्लेम योजना शीघ्र लागू करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि योजना का लाभ नहीं मिलने से गंभीर बीमारियों से पीड़ित कर्मचारी और उनके परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं।मार्टिन ने बताया कि हृदय रोग, किडनी, कैंसर, मधुमेह एवं लकवा जैसी गंभीर बीमारियों के उपचार में लाखों रुपये खर्च हो रहे हैं। कर्मचारी अपनी जीपीएफ, एनपीएस और जीवनभर की बचत खर्च करने के बाद भी कर्ज लेने को मजबूर हैं। वित्त विभाग द्वारा बीमा राशि निर्धारित किए जाने की प्रक्रिया पूरी नहीं होने और शासन के अंतिम आदेश जारी नहीं होने से योजना लंबित है। उन्होंने कहा कि कैशलेस उपचार सुविधा से अस्पतालों का भुगतान सीधे शासन और बीमा व्यवस्था के माध्यम से हो सकेगा, जिससे कर्मचारियों को इलाज के समय आर्थिक परेशानी नहीं होगी। संगठन ने सेवारत कर्मचारियों के साथ सेवानिवृत्त कर्मचारियों एवं पेंशनर्स को भी योजना में शामिल करने की मांग की है। संगठन ने मुख्यमंत्री से शीघ्र योजना लागू करने की मांग की है।



55 पालकियों के साथ निकली अघोरी बाबा की भव्य झंडा पालकी यात्रा

जबलपुर। गोहलपुर स्थित अमखेरा रोड, बस्ती नंबर-2 में 1 नवंबर 2026, रविवार की रात्रि गंगाराम मंसाराम अघोरी बाबा की विशाल झंडा पालकी यात्रा श्रद्धा एवं भक्ति के साथ निकाली गई। दशी पंडा के आशीर्वाद से आयोजित इस धार्मिक आयोजन में 55 पालकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। यात्रा में काली माई, दुर्गा, भगवान शंकर एवं माता पार्वती की झांकियों के साथ शहनाई, भजन-कीर्तन, बैंड-बाजा, ढोल, घोड़ी एवं डिस्को लाइट सहित विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल रहे। भक्तिमय वातावरण में निकली यात्रा अघोरी बाबा के निवास स्थान पर पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। आयोजन में सुरेंद्र सिंह चौहान (गन्नू), कमलेश गुप्ता, सुनील पटेल, बंटू ठाकुर, प्रमोद पटेल, रूपेश, पिंटू पटेल, नर्मदा प्रसाद पटेल, सौरभ कनौजिया एवं विजय पटेल सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, बुजुर्गों एवं मातृशक्ति ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। पूर्व विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 97 के चितरंजन दास वार्ड क्रमांक 39 में आयोजित इस धार्मिक आयोजन में श्रद्धालुओं की सहभागिता से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया।

पांच दिवसीय विकासखंड स्तरीय शिक्षक प्रशिक्षण आयोजित

शासकीय यशोदा बाई स्कूल में कार्यक्रम

सिहोरा। शासकीय यशोदा बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खितौला बाजार में माध्यमिक शिक्षकों के लिए आयोजित पांच दिवसीय विकासखंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिसका मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को नवीन पाठ्यपुस्तकों और आधुनिक शिक्षण पद्धतियों से दक्ष बनाना था।पांच दिवसीय इस कार्यशाला में गणित,विज्ञान और सामाजिक विज्ञान विषय के शिक्षकों को नवीन पाठ्यपुस्तकों की विषय-वस्तु, शिक्षण रणनीतियों और शैक्षणिक सुधारों का गहन अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षण को अधिक प्रभावी व आधुनिक बनाने के लिए प्रोजेक्टर और डिजिटल संसाधनों का उपयोग किया गया। मास्टर ट्रेनर्स मनीष विश्वकर्मा, रामकिशोर हल्दकार,रमेश पटेल,देवेंद्र परौहा और जसवन्त उपाध्याय ने शिक्षकों को रोचक व नवाचारी तरीकों से अध्यापन के गुर सिखाए। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं और शिक्षण गुणवत्ता का जायजा लिया। निरीक्षण दल में डाइट प्राचार्य एस.एन. द्विवेदी,डाइट व्याख्याता केशव दुबे व घनश्याम सिंह ठाकुर, विकासखंड शिक्षा अधिकारी अशोक उपाध्याय, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक बृजेश कुमार श्रीवास्तव, सहायक शिक्षा अधिकारी जे.एल.खांडे, बीएसी अश्विनी उपाध्याय, राकेश मिश्रा, रामशरण बागरी, प्रदीप गुप्ता और जनशिक्षक श्यामराव मांडलेकर शामिल रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में विकासखंड के 116 शिक्षकों ने सक्रिय भागीदारी दर्ज कराई प्रशिक्षण के अंतिम दिन शिक्षकों ने साझा किया कि प्रोजेक्टर आधारित सत्रों और नवीन पाठ्यपुस्तकों की समझ से उन्हें कक्षा में अध्यापन कार्य को अधिक प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी।

महंगाई राहत पर पेंशनरों में आक्रोश सरकार के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित

जबलपुर। प्रदेश सरकार द्वारा जुलाई 2026 से पेंशनरों को 2 प्रतिशत महंगाई राहत देने के आदेश जारी किए जाने पर पेंशनरों में भारी नाराजगी है। प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन जबलपुर ने शासन के निर्णय के विरोध में निंदा प्रस्ताव पारित कर जनवरी 2026 से संशोधित आदेश जारी करने की मांग की है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. अरुण पाण्डेय एवं संभागीय अध्यक्ष व्ही.पी. शुक्ला ने संयुक्त विज्ञप्ति में बताया कि प्रदेश के करीब 5 लाख पेंशनर्स एवं परिवार पेंशनर्स को उम्मीद थी कि जनवरी 2026 से 2 प्रतिशत तथा जुलाई 2026 से 3 प्रतिशत महंगाई राहत प्रदान की जाएगी। लेकिन जुलाई से केवल 2 प्रतिशत राहत देने के आदेश से पेंशनरों में निराशा और आक्रोश है। उन्होंने सरकार के निर्णय को पेंशनरों के साथ छलावा बताया। निंदा प्रस्ताव पारित कर शासन से जनवरी 2026 से महंगाई राहत के संशोधित आदेश जारी करने की मांग करने वालों में डॉ. अरुण पाण्डेय, व्ही.पी. शुक्ला, अशोक शिवहरे, आर.एन. मिश्रा, के.के. शुक्ला, के.के. गर्ग, अशोक दुबे, प्रफुल्ल तिवारी, रजनी राठौर, पुष्पलता त्रिपाठी, अमिता बैधा, सुशीला पटेल, डॉ. भारती पाठक, डॉ. आर.के. कुर्मी, डॉ. अविनाश श्रीवास्तव, डॉ. विनोद बाजपेई, डॉ. एम.एल.व्ही. राव, डॉ. अनिल गौर, डॉ. ओ.पी. श्रीवास्तव, डॉ. के.के. द्विवेदी, डॉ. पी.के. दुबे, डॉ. पी.के. तिवारी, डॉ. हरीश पाठक एवं डॉ. दीप्ति सिंह सलूजा शामिल हैं।

हाईटेंशन लाइनों के नीचे बने 3610 निर्माणों को हटाने की तैयारी

प्रतिबंधित गलियारे के निर्माणों पर हाईकोर्ट सख्त

जबलपुर। हाईटेंशन बिजली लाइनों के नीचे और निर्धारित सुरक्षा गलियारे में बने भवनों को हटाने की कार्रवाई की तैयारी शुरू हो गई है। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा और न्यायमूर्ति विनय सराफ की युगलपीठ ने जबलपुर में प्रतिबंधित क्षेत्र में हुए निर्माणों के मामले में सख्त रुख अपनाते हुए ऊर्जा और नगरीय विकास विभाग के प्रमुख सचिवों सहित 10 वरिष्ठ अधिकारियों से जवाब मांगा है। न्यायालय के आदेश के बाद मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी ने प्रदेशभर में 3610 निर्माणकर्ताओं को नोटिस जारी किए हैं। इनमें भोपाल के 132 केवी की तीन प्रमुख लाइनों के गलियारे में बने 853 निर्माण भी शामिल हैं।कंपनी के अधीक्षण अभियंता सुधीर नेमा के अनुसार भोपाल-गोविंदपुरा से बैरागढ़ टैप-लालघाटी, भोपाल-आईटी पार्क और भोपाल-अमरावती खुर्द मार्ग पर सुरक्षा मानकों का उल्लंघन कर निर्माण किए गए हैं। गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र, करोंद, नारियलखेड़ा, देवकीनंदन नगर, बैरागढ़, आनंद नगर, जैन कॉलोनी, कलियासोत और रतनपुर में ऐसे भवन चिह्नित किए गए हैं। कंपनी नगर निगम और जिला प्रशासन के सहयोग से लोगों को जागरूक करने के साथ कार्रवाई की तैयारी कर रही है। इसके लिए स्थानीय क्षेत्रों में मुनादी भी कराई जा रही है।

132 केवी लाइन से 27 और 220 केवी से 35 मीटर दूरी जरूरी

तकनीकी सुरक्षा मानकों के अनुसार 132 केवी बिजली लाइन के दोनों ओर 27 मीटर और 220 केवी लाइन के दोनों ओर 35 मीटर का गलियारा खाली रखना अनिवार्य है। इस दायरे में पक्के या कच्चे निर्माण की अनुमति नहीं है। नियमों का उल्लंघन होने से करंट और स्पार्किंग के कारण जनहानि का खतरा बना रहता है। साथ ही रखरखाव और तकनीकी खराबी के दौरान बिजली आपूर्ति भी प्रभावित हो सकती है।

विकसित भारत 2047 के निर्माण में विद्यार्थी निभाएं भूमिका : अजय विश्नोई

पाटन। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 'विकसित भारत 2047' विषय पर पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाटन में विकासखंड स्तरीय भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। विधायक अजय विश्नोई ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि विकसित भारत का सपना आज के विद्यार्थियों के संकल्प, परिश्रम और नवाचार से साकार होगा। भाषण प्रतियोगिता में संकुल स्तर पर चयनित 17 तथा चित्रकला प्रतियोगिता में 45 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। विधायक की पहल पर संकुल स्तर के भाषण विजेताओं को 5100, 2100 एवं 1100 रुपये के पुरस्कार दिए गए। विकासखंड स्तरीय दोनों प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को क्रमशः 21 हजार, 15 हजार एवं 11 हजार रुपये तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। जिला शिक्षा अधिकारी गौतम बर्वे एवं एसडीएम सृष्टि प्रजापति ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में रचनात्मकता, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास विकसित करती हैं। कार्यक्रम में ठाकुर उदयभान सिंह, नगर परिषद पाटन अध्यक्ष जगेंद्र सिंह, देवेंद्र यादव, बालचंद्र जैन, राघवेंद्र शुक्ला, दिनेश चौरसिया, मझौली नगर परिषद अध्यक्ष राजेंद्र चौरसिया, कटंगी नगर परिषद अध्यक्ष अमिताभ साहू, राजकुमार सिंह, राकेश सिंह, वकील पटेल एवं राघवेंद्र यादव सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

दीपावली-छठ पर पश्चिम मध्य रेल चलाएगा 36 ट्रिप स्पेशल ट्रेनें

जबलपुर। दीपावली एवं छठ महापर्व पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए पश्चिम मध्य रेल द्वारा 36 ट्रिप विशेष ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। इन ट्रेनों से मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, बिहार एवं राजस्थान के यात्रियों को राहत मिलेगी और नियमित ट्रेनों में भीड़ का दबाव कम होगा। रेलवे द्वारा चार प्रमुख स्पेशल ट्रेन सेवाएं संचालित की जा रही हैं। इनमें सोगरिया-मथुरा सुपरफास्ट अनारक्षित स्पेशल, रानी कमलापति-रीवा सुपरफास्ट स्पेशल, रानी कमलापति-गोरखपुर एक्सप्रेस स्पेशल तथा रानी कमलापति-दानापुर एक्सप्रेस स्पेशल शामिल हैं। सोगरिया-मथुरा स्पेशल 6 से 20 नवंबर तक प्रतिदिन दोनों दिशाओं में 15-15 ट्रिप चलेगी। रानी कमलापति-रीवा स्पेशल 5 एवं 6 नवंबर को एक-एक ट्रिप संचालित होगी। रानी कमलापति-गोरखपुर स्पेशल 7 नवंबर को रवाना होकर 9 नवंबर को वापसी करेगी। वहीं रानी कमलापति-दानापुर स्पेशल 11 नवंबर को रवाना होकर 12 नवंबर को वापसी करेगी। दानापुर स्पेशल का जबलपुर, नरसिंहपुर, सिहोरा रोड, कटनी, मैहर, सतना सहित प्रमुख स्टेशनों पर ठहराव रहेगा। अन्य स्पेशल ट्रेनों के भी निर्धारित मार्गों पर प्रमुख स्टेशनों में ठहराव दिए गए हैं। इन ट्रेनों में वातानुकूलित, शयनयान एवं सामान्य श्रेणी के कोच उपलब्ध रहेंगे, जबकि सोगरिया-मथुरा स्पेशल में सामान्य श्रेणी के कोच होंगे।पश्चिम मध्य रेल की इस पहल से त्योहारों पर घर जाने वाले यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा मिलेगी तथा यात्रा अधिक सुगम हो सकेगी।

दीवाली की खरीदारी के बीच बाजारों से फुटपाथ गायब

त्योहारी सीजन में अतिक्रमण पर निगम की कार्रवाई नदारद, दुकानदारों ने सड़कों तक फैलाया कारोबार

जबलपुर। दीपावली की खरीदारी के लिए बाजारों में बढ़ रही भीड़ के बीच फुटपाथों पर अतिक्रमण ने पैदल चलने वालों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। फल, फूल, मिठाई, मेवा और पूजन सामग्री बेचने वालों ने फुटपाथों के साथ सड़कों के बड़े हिस्से पर भी अस्थायी दुकानें सजा ली हैं। इसके चलते बाजारों में आवागमन के लिए जगह कम पड़ रही है और वाहन चालकों को जाम का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी उन लोगों को हो रही है, जिन्हें पैदल चलने के लिए फुटपाथ की जगह सड़क पर उतरना पड़ रहा है।

दुकानों के बाहर तक फैला कारोबार

प्रमुख बाजारों में दुकानदारों ने अपने प्रतिष्ठानों के बाहर टेबल, काउंटर और सामान रखकर सार्वजनिक रास्तों पर कब्जा कर लिया है। वहीं, अस्थायी स्टॉल और तिरपाल लगाकर भी कारोबार किया जा रहा है। फुटपाथ पर सामान रखे होने से बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को वाहनों के बीच से निकलना पड़ रहा है। इससे दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है। मिठाई और फल की दुकानों के बाहर भीड़ जुटने से सड़कें और संकरी हो रही हैं।



जिम्मेदारी निगम की

बाजारों में बिगड़ती व्यवस्था के बीच नगर निगम के अतिक्रमण निरोधी दस्ते की सक्रियता नजर नहीं आ रही है। सामान्य दिनों में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करने वाला अमला त्योहार के दौरान फुटपाथों और सड़कों पर हो रहे कब्जों को लेकर प्रभावी कदम नहीं उठा पा रहा है। न दुकानों के बाहर सामान रखने की सीमा तय हो रही है और न ही अस्थायी स्टॉल पर नियंत्रण दिखाई दे रहा है। बाजारों में नियमित निगरानी और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई नहीं होने से परेशानी बढ़ती जा रही है। त्योहारी भीड़ को देखते हुए बाजारों में विशेष अतिक्रमण दल तैनात करने और फुटपाथ खाली कराने की जरूरत है, ताकि खरीदारी के दौरान लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन मिल सके।

पाटन सेक्टर का एकदिवसीय प्रशिक्षण संपन्न, समितियों को दिए मार्गदर्शन



पाटन। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के पाटन विकासखंड अंतर्गत पाटन सेक्टर का एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें सेक्टर की समितियों के अध्यक्ष, सदस्य, नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि, सखियों एवं समाजसेवियों ने सहभागिता की। मुख्य अतिथि नंदकिशोर पटेल ने प्रशिक्षण के महत्व एवं सामाजिक कार्यों पर प्रकाश डाला। अध्यक्षता कर रहे सत्यम मेहरा ने कहा कि समय-समय पर समितियों के कार्यों का अवलोकन, नवीन योजनाओं का निर्माण एवं उन्हें धरातल पर उतारना ही प्रशिक्षण की सार्थकता है। पत्रकार कुलदीप बबेले ने इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के महत्व पर विचार रखे। विकासखंड समन्वयक नूपुर खरे ने जन अभियान परिषद की अवधारणा एवं उद्देश्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन नवांकुर संस्था स्वर्गीय को शंकर से जनकल्याण संस्था के अध्यक्ष ठाकुर राम नारायण सिंह ने किया तथा आभार परामर्शदाता कामता प्रसाद सेन ने व्यक्त किया। इस अवसर पर पवन बर्मन, राज ठाकुर, यशवंत सेन, केशव प्रसाद केवट, दीपराज, कीरत सिंह, धर्मेंद्र ठाकुर, विजेंद्र राठौर, यशोदा ठाकुर, कीर्ति ठाकुर, वर्षा माझी, अनीता विश्वकर्मा, राधाबाई पटेल, गुड्डी बाई बर्मन, दुर्गा पटेल, सुधा कुशवाहा, बृजेश कोटवार, सचिन, जितेंद्र, प्रभा, टी. राजू ठाकुर, भारत नामदेव, आशीष, रोहित, सुखचैन एवं विवेकानंद राठौर सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

श्री राकेश कुमार सोंधिया- झिंझरी कटनी निवासी श्री राकेश कुमार सोंधिया (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती पुष्पा नेमा- एकता विहार प्रेमनगर मदनमहल निवासी श्री मुरारी लाल नेमा की धर्मपत्नी श्रीमती पुष्पा नेमा (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

डॉ. श्रीमती अंजू सिंह- गुप्तेश्वर वार्ड निवासी डॉ. श्री सुनील कुमार सिंह की धर्मपत्नी डॉ. श्रीमती अंजू सिंह (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती सुरेख सप्रे- खटीक मोहल्ला खेरमाई वार्ड निवासी श्री राजकुमार सप्रे की धर्मपत्नी श्रीमती सुरेखा सप्रे (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री मनोहर पाठक- एसएफआरआई गौरीघाट रोड बादशाह हलवाई मंदिर मोड़ के पास निवासी श्री मनोहर पाठक (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती देवी बाई मोटवानी- दशमेश द्वार मदनमहल गुरूद्वारा के पीछे निवासी श्री परसराम मोटवानी की धर्मपत्नी श्रीमती देवी बाई मोटवानी (91) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्रीमती लालमति देवी- पंजाब बैंक कॉलोनी चेरीताल निवासी श्री रामदेव जायसवाल की धर्मपत्नी श्रीमती लालमति देवी (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती राधा श्रीवास्तव- नेपियर टाउन निवासी श्री अजय श्रीवास्तव की धर्मपत्नी श्रीमती राधा श्रीवास्तव का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती बीना बाई कुरील- राजीव नगर सदर निवासी श्री बिंदा कुरील की धर्मपत्नी श्रीमती बीना बाई कुरील (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री विक्रम सिंह सेंगर- बड़ी खेरमाई निवासी श्री विक्रम सिंह सेंगर (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती ज्ञानवती बाई तिवारी- आजाद नगर गोकलपुर निवासी श्री क्षीरसागर तिवारी की धर्मपत्नी श्रीमती ज्ञानवती बाई तिवारी (95) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री ज्ञान प्रकाश नामदेव- त्रिमूर्ति नगर निवासी श्री ज्ञान प्रकाश नामदेव (70) का निधन हो गया।



अंतिम संस्कार रानीताल मोक्षधाम में किया गया।

श्रीमती निर्मला सिंह- राजीव नगर चेरीताल निवासी श्री पंजाब सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती निर्मला सिंह (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री दुर्गा प्रसाद बर्मन- बढ़ई मोहल्ला फूटाताल निवासी श्री दुर्गा प्रसाद बर्मन (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री राकेश मोंगरे- कजरवारा नई बस्ती निवासी श्री जालिम प्रसाद मोंगरे के पुत्र श्री राकेश मोंगरे (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती छुट्टन बाई बेन- बड़ी मदार टेकरी निवासी श्री मगन लाल बेन की धर्मपत्नी श्रीमती छुट्टन बाई बेन (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती रूपमति शिवहरे- साईं विहार कॉलोनी सुहागी निवासी श्री बल्देव प्रसाद शिवहरे की धर्मपत्नी श्रीमती रूपमति शिवहरे (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री रोहित उईके- फेस 1 तिलहरी निवासी श्री प्रेमसुख उईके के पुत्र श्री रोहित उईके (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

श्री कल्लू राम नामदेव- ग्राम खैरो (पन्ना) निवासी श्री कल्लू राम नामदेव (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री रामलाल पासी- बगीचा नं. 69, सदर निवासी श्री रामलाल पासी (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

श्रीमती विद्या जायसवाल- दीक्षितपुरा निवासी श्री रामेश्वर प्रसाद जायसयवाल की धर्मपत्नी श्रीमती विद्या जायसवाल (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती रूक्मणी स्वामी- यशंवत नगर अधारताल निवासी श्री रतन स्वामी की धर्मपत्नी श्रीमती रूक्मणी स्वामी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।



खबर संक्षेप

प्रिज्म का लाभ 17 प्रतिशत बढ़कर 353 करोड़ रुपए



नई दिल्ली। आतिथ्य सेवा प्रदाता ओयो की मूल कंपनी प्रिज्म का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 17 प्रतिशत बढ़कर 353 करोड़ रुपये हो गया। अपना आईपीओ लाने की तैयारी में जुटी कंपनी ने वित्त वर्ष 2025-26 की समान तिमाही में 301 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।

यूरेका फोर्ब्स का लाभ 17.8% बढ़कर 74 करोड़ रुपए

नई दिल्ली। स्वास्थ्य और स्वच्छता उत्पाद क्षेत्र में काम करने वाली कंपनी यूरेका फोर्ब्स लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की जुलाई-सितंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 17.76 प्रतिशत बढ़कर 74.09 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी के जल शुद्धिकरण कारोबार के बेहतर प्रदर्शन से लाभ में वृद्धि हुई।

बजाज ऑटो की अक्टूबर में बिक्री 14 प्रतिशत बढ़ी



नई दिल्ली। बजाज ऑटो की अक्टूबर में कुल बिक्री सालाना आधार पर 14 प्रतिशत बढ़ी। दोपहिया और वाणिज्यिक वाहन दोनों खंडों में दोहरे अंकों की वृद्धि दर्ज की गई। वाहन विमान विनिर्माता कंपनी ने सोमवार को शेयर बाजार को दी गई सूचना में बताया कि उसकी कुल थोक बिक्री 5,91,876 इकाई रही।

यूपीएल का लाभ 26 फीसदी घटकर 452 करोड़ रुपए



नई दिल्ली। वैश्विक कृषि क्षेत्र की कंपनी यूपीएल लिमिटेड का चालू वित्तवर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध मुनाफा 26.14 प्रतिशत घटकर 452 करोड़ रुपये रह गया। बिक्री में आई गिरावट इसका प्रमुख कारण रही। कंपनी ने शेयर बाजारों को यह जानकारी दी। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 612 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा कमाया था।

ईएएए इंडिया अल्टरनेटिव्स के शेयर की फीकी शुरुआत

नई दिल्ली। एडलवाइस फाइनेंशियल सर्विसेज की अनुषंगी कंपनी ईएएए इंडिया अल्टरनेटिव्स लिमिटेड का शेयर अपने निर्गम मूल्य 1,665 रुपये से करीब एक प्रतिशत की बढ़त के साथ सोमवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर ने 1,673 रुपये पर कारोबार शुरू किया जो निर्गम मूल्य से 0.48 प्रतिशत अधिक है।

भारत में पैदा हो रहे रोजगार पर नहीं मिल रही अच्छी नौकरियां

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रसिद्ध अर्थशास्त्री द्रेज ने कहा, कम वेतन वाली नौकरी से करना पड़ रहा संतोष

प्रसिद्ध अर्थशास्त्री ज्यां द्रेज ने सोमवार को कहा कि भारत की आर्थिक वृद्धि से रोजगार के अवसर तो पैदा हो रहे हैं, लेकिन लोगों को अच्छी नौकरियां नहीं मिल रही हैं।

- लोगों के सामने तनावपूर्ण, असुरक्षित और उबाऊ नौकरियां

बड़ी संख्या में लोगों को तनावपूर्ण, असुरक्षित, उबाऊ या कम वेतन वाली नौकरियों से संतोष करना पड़ रहा है। पूर्ववर्ती संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के दौरान राष्ट्रीय सलाहकार परिषद (एनएसी) के सदस्य रहे द्रेज ने कहा, ''आर्थिक वृद्धि से बहुत सारे काम तो पैदा हो रहे हैं, लेकिन रोजगार का सृजन कम हो रहा है। मेरे कहने का मतलब है कि लोगों को अच्छी नौकरियां नहीं मिल रही हैं। आदर्श रूप से अच्छी नौकरी सुरक्षित, संतोषजनक, रचनात्मक, ईमानदारीपूर्ण, सामाजिक रूप से उपयोगी और अच्छा वेतन देने वाली होनी चाहिए।''

खाताधारकों को ई-केवाईसी के लिए परेशान होना पड़ा

अर्थशास्त्री ने 2024 के ई-केवाईसी संकट का उल्लेख करते हुए कहा कि करोड़ों खाताधारकों को पहचान सत्यापन के लिए परेशान होना पड़ा और इस दौरान कई लोग अपने बैंक खातों का इस्तेमाल नहीं कर पाए। इनमें अपनी छोटी पेंशन पर निर्भर लाखों बुजुर्ग भी शामिल थे। उन्होंने कहा कि किसी का बैंक खाता बंद करना गंभीर मामला है और ऐसा हल्के में नहीं किया जाना चाहिए।



अधिक आयु के लोगों की बेरोजगारी दर पांच फीसदी : राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आवधिक श्रमबल सर्वेक्षण के मुताबिक, सितंबर, 2026 में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों की कुल बेरोजगारी दर पांच प्रतिशत रही। यह अगस्त, 2026 के बराबर और सितंबर, 2025 के 5.2 प्रतिशत से कम थी।

रोजगार के पर्याप्त अवसर नहीं बनना

द्रेज के मुताबिक, रोजगार के पर्याप्त अवसर नहीं बनने की एक वजह यह भी है कि आर्थिक नीतियां श्रम आधारित क्षेत्रों के मुकाबले पूंजी आधारित क्षेत्रों को अधिक बढ़ावा देती हैं। इसके अलावा, कार्यबल में औपचारिक शिक्षा और कौशल की कमी भी एक बड़ी समस्या है। उन्होंने झारखंड का उदाहरण देते हुए कहा, ''वहां 40 प्रतिशत सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में केवल एक शिक्षक है। ऐसे में बच्चों को मिलने वाली शिक्षा की गुणवत्ता का अंदाजा लगाया जा सकता है। इसी वजह से बड़ी संख्या में लोग प्रवासी श्रमिकों के रूप में असंगठित क्षेत्र में दिहाड़ी मजदूरी करने को मजबूर होते हैं।''

बेरोजगारी घटना सरकार की नीति का उद्देश्य नहीं

बेल्जियम मूल के विकास गतिविधियों पर केंद्रित कार्य के लिए चर्चित अर्थशास्त्री ने कहा कि बेरोजगारी घटाना सरकार की आर्थिक नीति का प्रमुख उद्देश्य नहीं दिखता। उन्होंने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के पिछले दो बजट भाषण का उदाहरण देते हुए कहा कि इनमें बेरोजगारी का उल्लेख तक नहीं था। उन्होंने कहा, पिछले 12 वर्षों से वेतन वृद्धि की धीमी रफ्तार का संकट है, लेकिन बजट भाषण में मजदूरी का भी जिक्र नहीं होता।

केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण ने एचएसबीसी के कार्यक्रम में कहा

निजी निवेश बढ़ने तक पूंजीगत व्यय के जरिए वृद्धि को समर्थन देती रहेगी सरकार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सरकार राजकोषीय अनुशासन को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है

खर्च के मामले में सरकार संतुलन बनाए रखेगी

निजी क्षेत्र विस्तार पर जब तक निवेश नहीं करते सरकार पूंजीगत व्यय जारी रखेगी

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि निजी क्षेत्र का निवेश बढ़ने तक सरकार पूंजीगत व्यय के जरिये आर्थिक वृद्धि को समर्थन देना जारी रखेगी।

सीतारमण ने यहां एचएसबीसी की तरफ से आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि सरकार राजकोषीय अनुशासन को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है और आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए पूंजीगत व्यय जारी रखने के साथ खर्च के मामले में संतुलन बनाए रखेगी। सीतारमण ने कहा, ''पूंजीगत व्यय हमारी वृद्धि रणनीति का बहुत महत्वपूर्ण हिस्सा है। जब तक निजी क्षेत्र क्षमता विस्तार या नई क्षमता स्थापित करने के लिए निवेश नहीं करता, तब तक सरकार के लिए पूंजीगत व्यय को जारी रखना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पिछले चार-पांच वर्षों में इस रणनीति के अच्छे नतीजे देखने को मिले हैं और इससे अर्थव्यवस्था को लाभ हुआ है।

देश में निराशावाद कम होना चाहिए

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कभी-कभी जानकार लोग भी संदेह जताते हैं, लेकिन देश को इस भाषा में बदलाव लाने की जरूरत है। उन्होंने कहा, ''भारत को बहुत आशावाद की जरूरत है। देश में आशावादी बातचीत बढ़नी चाहिए और निराशावाद कम होना चाहिए। हमें यह जताना होगा कि हमें खुद पर भरोसा है।'



वृद्धि दर सात फीसदी से अधिक रहने का उल्लेख

सीतारमण ने अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर सात प्रतिशत से अधिक बने रहने का उल्लेख करते हुए भारतीयों से देश के बारे में पूरे भरोसे के साथ बात करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था में कोई कमजोरी नहीं है और जमीनी स्तर पर गतिविधियां मजबूत हैं। सीतारमण ने कहा कि मजबूत जीएसटी संग्रह और भारतीय बैंकों की स्थिति अर्थव्यवस्था की बुनियादी मजबूती को दर्शाती है।

वृद्धि दर की रफ्तार कमजोर नहीं पड़नी चाहिए

सरकार इस दिशा में आगे भी काम करती रहेगी, क्योंकि भारत की वृद्धि की रफ्तार किसी भी सूरत में कमजोर नहीं पड़नी चाहिए। वित्त मंत्री ने राजकोषीय अनुशासन को सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए कहा कि वृद्धि को प्रोत्साहित करने और खर्च जारी रखने के लिए विवेकपूर्ण होने के साथ नए तरीके भी अपनाने होंगे।

हाईवेयर का प्रशिक्षण देने का सुझाव

सीतारमण ने एआई और सूचना प्रौद्योगिकी के साथ हार्डवेयर का प्रशिक्षण देने वाली प्रयोगशालाएं स्थापित करने का सुझाव दिया। उन्होंने दो साल पहले आईटीआई के पुनरुद्धार के लिए बजट में की गई पहल का जिक्र करते हुए कहा कि इसे अपनाने वाले राज्यों को काफी लाभ हुआ है। उन्होंने बताया कि असम और ओडिशा ने सिंगापुर सरकार के साथ मिलकर वहां की सरकार से प्रमाणित प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किए हैं। इन कार्यक्रमों के तहत एक बैच सिंगापुर भी जा चुका है।

चालू चीनी सत्र के पहले महीने में उत्पादन 8.45 लाख टन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में आठ अक्टूबर से शुरू हुए 2026-27 के चीनी सत्र के पहले महीने में 8.45 लाख टन चीनी का उत्पादन हुआ है। इससे त्योहारी मौसम के दौरान घरेलू आपूर्ति बढ़ने में मदद मिली है। राष्ट्रीय सहकारी चीनी कारखाना महासंघ (एनएफसीएसएफ) ने सोमवार को यह जानकारी दी।

एक साल पहले की समान अवधि में चीनी का उत्पादन एक लाख टन था। वर्ष 2025-26 के पूरे चीनी सत्र (अक्टूबर-सितंबर) में कुल 279.60 लाख टन चीनी का उत्पादन हुआ था। महासंघ के मुताबिक, 31 अक्टूबर तक देश में 152 चीनी मिलें चालू थीं, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में 31 मिलें परिचालन में थीं। देश के सबसे बड़े चीनी उत्पादक राज्य महाराष्ट्र में सबसे अधिक 7.20 लाख टन चीनी का उत्पादन हुआ, जबकि पिछले साल इसी अवधि में उत्पादन शून्य था। राज्य में करीब 123 मिलें चालू थीं। महाराष्ट्र में आमतौर पर गन्ने की पेराई 15 नवंबर से शुरू होती है, लेकिन इस साल करीब एक महीने पहले ही पेराई शुरू कर दी गई। तीसरे सबसे बड़े चीनी उत्पादक राज्य कर्नाटक में 31 अक्टूबर तक सात मिलों ने 80,000 टन चीनी का उत्पादन किया। पिछले साल इसी अवधि में 17 मिलों ने 70,000 टन चीनी का उत्पादन किया था। इस दौरान मिलों ने करीब 8.33 लाख टन गन्ने की पेराई की।



- पिछले साल के एक लाख टन से अधिक
- त्योहारी मौसम में घरेलू आपूर्ति बढ़ाने में मदद मिली

त्योहारी मौसम में चीनी की उपलब्धता बढ़ी

देश के दूसरे सबसे बड़े चीनी उत्पादक राज्य उत्तर प्रदेश में तीन मिलों ने परिचालन शुरू कर दिया है, हालांकि अभी तक उत्पादन के आंकड़े उपलब्ध नहीं हुए हैं। एनएफसीएसएफ के प्रबंध निदेशक प्रकाश नाइकनवारे ने कहा, ''जल्दी पेराई शुरू होने से महाराष्ट्र के किसानों को पानी की कमी के कारण गन्ने की फसल सूखने से बचाने में मदद मिली है। साथ ही, त्योहारी मौसम में चीनी की उपलब्धता भी बढ़ी है।'

भारत के विनिर्माण क्षेत्र की रफ्तार अक्टूबर में घटी

- मुख्य वजह उत्पादन एवं नए ऑर्डर में धीमी वृद्धि रही
- लागत का दबाव मध्यम रहने से असर सीमित रहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



अक्टूबर में भारत के विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियों में वृद्धि की रफ्तार धीमी पड़ गई। उत्पादन एवं नए ऑर्डर में अपेक्षाकृत धीमी वृद्धि इसकी मुख्य वजह रही। वहीं, लागत का दबाव मध्यम रहने से गतिविधियों की रफ्तार धीमी होने का असर सीमित रहा। सोमवार को जारी मासिक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) सितंबर के 55.1 से घटकर अक्टूबर में 54.7 पर आ गया। हालांकि, यह अब भी अपने दीर्घकालिक औसत से ऊपर और 50 के तटस्थ स्तर से काफी अधिक रहा। क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) में 50 से ऊपर का अंक विस्तार को दर्शाता है, जबकि 50 से नीचे का अंक संकुचन का संकेत देता है। मांग में लगातार सुधार से नए कारोबार में एक बार फिर तेज वृद्धि दर्ज की गई। वृद्धि की रफ्तार सितंबर के सात महीने के उच्च स्तर से मामूली ही धीमी हुई और ऐतिहासिक मानकों के लिहाज से मजबूत बनी रही।

अशोक लेलैंड की अक्टूबर में बिक्री 23 प्रतिशत बढ़ी...



नई दिल्ली। वाणिज्यिक वाहन बनाने वाली प्रमुख कंपनी अशोक लेलैंड की अक्टूबर में कुल बिक्री सालाना आधार पर 23 प्रतिशत बढ़ी। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि चेन्नई स्थित वाहन विनिर्माता की कुल बिक्री निर्यात सहित 21,888 इकाई रही, जो एक साल पहले की समान अवधि में 17,820 इकाई थी। मध्यम एवं भारी वाणिज्यिक वाहन (एमएंडएचसीवी) खंड में बिक्री 28 प्रतिशत बढ़कर 13,927 इकाई हो गई, जो एक साल पहले 10,865 इकाई थी। वहीं, हल्के वाणिज्यिक वाहन (एलसीवी) खंड में बिक्री 14 प्रतिशत बढ़कर 7,961 इकाई रही।

वेतन के अलावा भारतीय अन्य स्रोतों से भी कर रहे हैं कमाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारतीय अब पारंपरिक वेतन के अलावा अतिरिक्त काम, 'फ्रीलांसिंग', शेयर कारोबार और व्यावसायिक गतिविधियों से भी तेजी से आमदनी के स्रोत बढ़ा रहे हैं। वित्तीय प्रौद्योगिकी मंच 'क्लियरटैक्स' ने सोमवार को एक रिपोर्ट में कहा कि आकलन वर्ष 2026-27 में उसके मंच पर खुद आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करने वालों के एक बड़े हिस्से ने वेतन के अलावा अन्य स्रोतों से आय की जानकारी दी है। आकलन वर्ष 2026-27 के लिए आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करने के आंकड़ों से यह बदलती प्रवृत्ति सामने आई है। आकलन वर्ष 2026-27 में क्लियरटैक्स पर दाखिल कुल रिटर्न में आईटीआर-1 के अलावा अन्य श्रेणियों के रिटर्न की हिस्सेदारी 62 प्रतिशत रही, जो आकलन वर्ष 2025-26 में 53 प्रतिशत और 2024-25 में 40 प्रतिशत थी। आईटीआर-2 और आईटीआर-3 श्रेणियों के रिटर्न की संयुक्त हिस्सेदारी 57.2 प्रतिशत रही, जो दो साल पहले 36.2 प्रतिशत थी।

- वित्तीय प्रौद्योगिकी मंच 'क्लियरटैक्स' ने जारी की रिपोर्ट
- आईटीआर में वेतन के अलावा अन्य स्रोतों से आय की जानकारी

50 लाख से अधिक आय वाली महिलाओं की हिस्सेदारी 5.1 फीसदी

क्लियरटैक्स पोर्टल पर रिटर्न दाखिल करने वाली महिलाओं में से 30.5 प्रतिशत ने आकलन वर्ष 2026-27 में पूंजीगत लाभ की जानकारी दी, जो आकलन वर्ष 2025-26 में 26.1 प्रतिशत थी। इसी अवधि में 50 लाख रुपये से अधिक आय वाली महिलाओं की हिस्सेदारी भी 3.7 प्रतिशत से बढ़कर 5.1 प्रतिशत हो गई। यह अधिक आय वर्ग में महिलाओं की बढ़ती मौजूदगी को दर्शाता है।

एसईसीएल ने आईपीओ के लिए दस्तावेज किए जमा

नई दिल्ली। कोल इंडिया लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास शुरुआती दस्तावेज जमा कराए हैं। एक नवंबर को प्रस्तावित आईपीओ पूरी तरह बिक्री पेशकश (ओएफएस) पर आधारित होगा। इसके तहत कंपनी की प्रवर्तक कोल इंडिया 66.81 करोड़ तक इक्विटी शेयर बेचेगी। इसमें नए शेयर जारी नहीं किए जाएंगे।



- सोना बढ़कर 1,42,500 रुपए प्रति 10 ग्राम

दिवाली से पहले सोने की कीमतों में 500 रुपए की तेजी, चांदी रही स्थिर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिवाली से पहले आभूषण विक्रेताओं और खुदरा कारोबारियों की ओर से खरीदारी बढ़ने से राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को सोने की कीमत 500 रुपये बढ़कर 1,42,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई।

अक्टूबर में भारी गिरावट के बाद दिवाली की मांग से सोने की कीमतों में मामूली सुधार हुआ है। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव शनिवार को 1.42 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमत 1.86 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही। इसमें सभी कर शामिल हैं।



कारोबारियों ने कहा कि त्योहार से पहले आभूषण विक्रेताओं और खुदरा कारोबारियों की खरीदारी बढ़ने से कीमती धातुओं की घरेलू कीमतों को समर्थन मिला। डॉलर के मुकाबले रुपये में कमजोरी से भी डॉलर मूल्यवर्ग वाले सोने-चांदी की लागत बढ़ी। अक्टूबर में आई भारी गिरावट के बाद सोने की कीमतों में यह सुधार हुआ है। 30 सितंबर को सोने का भाव 1,49,300 रुपये प्रति 10 ग्राम था, जिसमें अब तक 7,300 रुपये की गिरावट आ चुकी है।

रिलायंस के शेयर में 11.64 फीसदी का रहा जोरदार उछाल

मुकेश अंबानी की संपत्ति 6 अरब डॉलर से अधिक बढ़ी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी एक दिन में छह अरब डॉलर से अधिक की संपत्ति बढ़ने के साथ दुनिया में सबसे ज्यादा संपत्ति अर्जित करने वाले अरबपति बन गए हैं। उनकी प्रमुख कंपनी के बेहतर तिमाही नतीजों के बाद शेयर में आई जोरदार तेजी से उनकी संपत्ति बढ़ी है। फोर्ब्स की वास्तविक समय में अरबपतियों की सूची के मुताबिक, दो नवंबर को जारी ताजा आंकड़ों में अंबानी की संपत्ति 7.85 प्रतिशत यानी 6.3 अरब डॉलर बढ़ी। इस तरह वह दुनिया में एक दिन में सबसे अधिक संपत्ति बढ़ाने वाले अरबपति बन गए।

- अंबानी दुनिया के अरबपतियों की सूची में 23वें स्थान पर पहुंच गए

अदाणी सूची में 26वें स्थान पर: फोर्ब्स के अनुसार, संपत्ति में इस बढ़ोतरी के साथ अंबानी दुनिया के अरबपतियों की सूची में 23वें स्थान पर पहुंच गए। वह सबसे अमीर भारतीय बन गए हैं। इस सूची में गौतम अदाणी 79.12 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ 26वें स्थान पर हैं। अंबानी की संपत्ति 88.8 अरब डॉलर आंकी गई है।



- एक दिन में सबसे अधिक संपत्ति बढ़ाने वाले दुनिया के अरबपति बने

शेयर में तेजी तिमाही नतीजों के बाद आई

कंपनी का शेयर सोमवार को बीएसई में 11.64 प्रतिशत चढ़कर 1,299 रुपये पर बंद हुआ। यह छह साल से अधिक समय में शेयर का सबसे अच्छा प्रदर्शन रहा। यह निफ्टी-50 सूचकांक में सबसे अधिक बढ़त दर्ज करने वाला शेयर रहा। यह तेजी रिलायंस के सितंबर तिमाही के नतीजों के बाद आई।

कंपनी का कारोबार इन क्षेत्रों में फैला है

फोर्ब्स ने कहा, ''मुकेश अंबानी 1,250 अरब डॉलर (राजस्व) वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन हैं और इसका संचालन करते हैं। कंपनी का कारोबार पेट्रोरसायन, तेल एवं गैस, दूरसंचार, खुदरा, मीडिया और वित्तीय सेवाओं के क्षेत्रों में फैला है।

दूसरे स्थान पर स्पेन के ओर्टेगा रहे

सूची में संपत्ति बढ़ने के मामले में दूसरे स्थान पर स्पेन के खुदरा क्षेत्र के अरबपति अमानसियो ओर्टेगा रहे। उनकी संपत्ति में 1.7 अरब डॉलर का इजाफा हुआ। इसके बाद चीन के झोंग शांशान का स्थान रहा, जिनकी संपत्ति 1.5 अरब डॉलर बढ़ी। रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में आई तेजी के साथ अंबानी की संपत्ति यह वृद्धि हुई है।

लाभ सालाना आधार पर 33.8 फीसदी बढ़ा

रिलायंस इंडस्ट्रीज का चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 33.8 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 29,550 करोड़ रुपये रहा। कंपनी के तेल से रसायन (ओ2सी) कारोबार में मजबूत प्रदर्शन और दूरसंचार कारोबार में वृद्धि ने खुदरा कारोबार की अपेक्षाकृत कमजोर स्थिति की भरपाई कर दी।

कार्यालय नगर परिषद डिण्डौरी, जिला डिण्डौरी (म.प्र.)
Email : cmodindori@mpurban.gov.in Contact No.
एनआईटी क्र. / लो. नि. शा. / 2026-27/2912 डिण्डौरी, दिनांक 02/11/2026

/ /ई- निविदा आमत्रंण सूचना //

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित कार्य हेतु म.प्र. शासन UADD ISSR w.e.f. 02 August 2021 से प्रभावशील ISSR पर कम / अधिक प्रतिशत के आधार पर केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली या सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा दिनांक 19-11-2026 समय 17:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

टेंडर क्रमांक एवं जारी दिनांक	कार्य का नाम	अनुमानित लागत एवं ISSR (रुपए में)	अमानत राशि (रुपए में)	निविदा प्रपत्र मूल्य (रुपए में)	सक्षम पंजी श्रेणी	कार्यावधि
2026_UAD_547036_1	वार्ड क्रमांक 08 में कांसकार के घर से अरविन्द सोनी के घर तक सीसी रोड (टॉप लेयर) निर्माण कार्य	570398.00 UADD ISSR w.e. f. 02 August 2021	11408.00	2000.00	Centralized Registration system on PWD	03 माह
2026_UAD_547048_1	वार्ड क्रमांक 07 अम्बेडकर मोहल्ला में रंगमंच निर्माण कार्य।	213697.00 UADD ISSR w.e. f. 02 August 2021	4274.00	2000.00	Centralized Registration system on PWD	03 माह

शर्ते- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://www.mptenders.gov.in वेबसाईट पर किया जावेगा पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद डिण्डौरी
जिला डिण्डौरी (म.प्र.)

चिंतन

उत्सव और पर्यावरण में संतुलन रखना जरूरी

दीपावली रोशनी, उल्लास और खुशियों का पर्व है। यह अंधकार पर प्रकाश और निराशा पर आशा की जीत का प्रतीक है, लेकिन उत्सव की उमंग जब दूसरों की सांसों पर भारी पड़ने लगे तो आत्ममंथन जरूरी हो जाता है। पटाखों को लेकर सुप्रीम कोर्ट का ताजा फैसला इसी संतुलन की आवश्यकता को रेखांकित करता है। अदालत ने दिल्ली-एनसीआर में 7 और 8 नवंबर को निर्धारित समय में केवल ग्रीन पटाखे जलाने की ही अनुमति दी है। अस्पतालों, वृद्धाश्रमों और शैक्षणिक संस्थानों के आसपास नो-क्रैकर जोन बनाने के निर्देश भी दिए हैं। यह फैसला उत्सव पर रोक नहीं, बल्कि उसे जिम्मेदारी के दायरे में रखने का प्रयास है। सवाल है कि हर साल दीपावली पर पटाखों को लेकर अदालत को हस्तक्षेप क्यों करना पड़ता है? क्या त्योहार मनाने के लिए नागरिक जिम्मेदारी का भाव इतना कमजोर हो गया है कि न्यायिक आदेशों की जरूरत पड़ने लगी है? दिल्ली-एनसीआर पहले ही वायु प्रदूषण के गंभीर संकट से जूझ रहा है। वाहनों का धुआं, औद्योगिक उत्सर्जन, निर्माण कार्यों की धूल और पराली का धुआं हवा की गुणवत्ता बिगाड़ते हैं। ऐसे में पटाखों का अतिरिक्त धुआं स्थिति को और भयावह बना सकता है। इसका सबसे अधिक खामियाजा बच्चों, बुजुर्गों और सांस संबंधी बीमारियों से जूझ रहे लोगों को भुगतना पड़ता है। प्रदूषण किसी एक घर या मोहल्ले तक सीमित नहीं रहता, उसका असर पूरे समाज पर पड़ता है। स्टेट ऑफ ग्लोबल एयर 2025 की रिपोर्ट के हवाले से अदालत में बताया गया कि भारत में वायु प्रदूषण के कारण 20.1 लाख से अधिक मौतें हुईं। यह आंकड़ा समाज को झकझोरने के लिए पर्याप्त है। धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक परंपराओं का सम्मान जरूरी है, लेकिन किसी की सेहत और जीवन की कीमत पर नहीं। इसलिए उत्सव और पर्यावरण में संतुलन रखना बेहद जरूरी है। ग्रीन पटाखे भी पूरी तरह प्रदूषण मुक्त नहीं होते। इसलिए इनके नाम पर असीमित आतिशबाजी की छूट नहीं होनी चाहिए। असली और नकली ग्रीन पटाखों की पहचान, प्रमाणित उत्पादों की बिक्री और नियमों का पालन सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। अदालत ने सुबह 6 से 7 बजे और रात 8 से 10 बजे तक ही पटाखे चलाने की अनुमति दी है। अस्पतालों, स्वास्थ्य केंद्रों, वृद्धाश्रमों और अधिसूचित साइलेंस जोन के 300 मीटर के दायरे में रोक तथा शैक्षणिक संस्थानों को नो-क्रैकर जोन घोषित करने का निर्देश महत्वपूर्ण है। प्रशासन को इन क्षेत्रों की स्पष्ट पहचान करनी होगी और पुलिस व प्रदूषण नियंत्रण एजेंसियों को निगरानी रखनी होगी। नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई भी जरूरी है। विराट कोहली जैसी लोकप्रिय हस्तियों से प्रदूषण रहित दीपावली की अपील करवाने का सुझाव भी सराहनीय है। खिलाड़ियों, कलाकारों, सामाजिक संगठनों और शिक्षण संस्थानों को जागरूकता अभियान से जोड़ना चाहिए। हालांकि प्रदूषण के खिलाफ लड़ाई केवल दीपावली तक सीमित नहीं रह सकती। वाहनों, उद्योगों, निर्माण स्थलों और कचरा जलाने से होने वाले प्रदूषण पर सालभर प्रभावी नियंत्रण जरूरी है। दीपावली पर दीप जलाना हमारी परंपरा है और खुशियां मनाना हमारा अधिकार। मगर दूसरों की सांसों की सुरक्षा भी हमारी जिम्मेदारी है। पटाखों का शोर कुछ क्षणों का आनंद देता है, जबकि उसका धुआं लंबे समय तक परेशानी पैदा कर सकता है। इस बार संकल्प होना चाहिए कि घरों में दीपों की रोशनी बढ़े, लेकिन हवा में जहर नहीं।

इजराइल में जनादेश का गतिरोध



सत्ता संघर्ष

ओमकार चौधरी

इजराइल के संसदीय चुनाव ने एक बार फिर देश को राजनीतिक अनिश्चितता के मुहाने पर खड़ा कर दिया है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की लिकुड सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी, लेकिन बहुमत के आंकड़े से दूर रह गई। दूसरी ओर, नेतन्याहू विरोधी दलों के पास संयुक्त रूप से 67 सीटें हैं, मगर वैचारिक मतभेदों के कारण वे भी सरकार बनाने की स्थिति में नहीं दिख रहे। इस चुनाव में अरब राजनीतिक दलों की सीटें 10 से बढ़कर 19 हो गई हैं, जिससे उनका महत्व बढ़ा है। सैन्य सेवा, न्यायिक सुधार, गाजा युद्ध और फलस्तीनी प्रश्न पर गहरे मतभेद गठबंधन की राह रोक रहे हैं। राष्ट्रपति की पहल के बाद ही स्पष्ट होगा कि नई सरकार बनेगी या इजराइल फिर चुनाव में जाएगा।

इजराइल में राजनीतिक अस्थिरता का समाधान केवल चुनाव प्रणाली बदलने या किसी एक दल के अधिक सीटें जीतने से नहीं जुड़ा है। मूल चुनौती विभिन्न धार्मिक, सामाजिक और राजनीतिक समूहों के बीच ऐसी सहमति विकसित करने की है, जिससे सरकार अपना कार्यकाल पूरा कर सके। फिलहाल 27 अक्टूबर के जनादेश ने किसी को स्पष्ट सत्ता नहीं सौंपी है। राष्ट्रपति की पहल और दलों के बीच होने वाली बातचीत तय करेगी कि इजराइल को नई गठबंधन सरकार मिलती है या देश एक बार फिर चुनाव की ओर बढ़ता है। इजराइल में 27 अक्टूबर 2026 को हुए संसदीय चुनावों ने एक बार फिर राजनीतिक गतिरोध पैदा कर दिया है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की लिकुड सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है, लेकिन सरकार बनाने के लिए आवश्यक बहुमत उनके पास नहीं है। दूसरी ओर विपक्षी दलों की संयुक्त ताकत नेतन्याहू को सत्ता से बाहर रखने के लिए पर्याप्त है, लेकिन उनके बीच वैचारिक सहमति का अभाव है। इस चुनाव में अरब राजनीतिक दलों की ताकत लगभग दोगुनी होने से सत्ता का समीकरण और जटिल हो गया है। वे सरकार गठन में निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं, लेकिन विपक्ष के कई प्रमुख नेता उनका समर्थन लेने के लिए तैयार नहीं हैं। इजराइल की 120 सदस्यीय संसद नेसेट में सरकार बनाने के लिए 61 सांसदों का समर्थन चाहिए। इस चुनाव में लिकुड को 27, पूर्व सेना प्रमुख गादी आइज़नकोट की याशार पार्टी को 21 और पूर्व प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट के ब'याखाद गठबंधन को 12 सीटें मिली हैं। अरब दलों की जॉइंट लिस्ट ने 11 और मंसूर अब्बास की राआम ने आठ सीटें जीती हैं। द डेमोक्रेट्स को आठ, अविग्दोर लिबरमैन की इस्राइल बेतेनु को सात, यूनाइटेड तोराह जूडाइज्म को सात, इतामार बेन-गवीर की ओत्ज़मा येहुदित को सात, शास को छह और रिलिजियस ज़ायोनिज़्म–ज़ेहुत गठबंधन को छह सीटें मिली हैं।

नेतन्याहू के दक्षिणपंथी और धार्मिक सहयोगियों के पास कुल 53 सीटें हैं। आइज़नकोट और उनके संभावित सहयोगियों की संख्या 48 है, जबकि अरब नेतृत्व वाले दलों के पास 19 सीटें हैं। अर्थात नेतन्याहू के विरोध में 67 सांसद हैं, लेकिन उनमें से सभी एक साझा सरकार के लिए तैयार नहीं हैं। यही वर्तमान गतिरोध का मूल कारण है। किसी दल को संसद में प्रतिनिधित्व पाने के लिए कम से कम 3.25 प्रतिशत वोट प्राप्त करने होते हैं। इस व्यवस्था में धार्मिक, राष्ट्रवादी, उदारवादी, धर्मनिरपेक्ष और अरब समुदायों के छोटे दल भी संसद में पहुंचते हैं। इजराइल के इतिहास में किसी एक राजनीतिक दल को अपने बूते 61 सीटें नहीं मिली हैं। इसलिए गठबंधन सरकार वहां राजनीतिक अनिवार्यता है। कई बार पांच-सात सीटों वाला छोटा दल भी सरकार बनाने या गिराने की स्थिति में आ जाता है, लेकिन धार्मिक परंपराओं, राष्ट्रीय सुरक्षा, न्यायपालिका, सैन्य सेवा और फलस्तीनी प्रश्न पर दलों के बीच इतने गहरे मतभेद हैं कि गठबंधन स्थायी नहीं रह पाते। वर्ष 2019 से 2022 के बीच इजराइल में पांच संसदीय चुनाव हुए। जून 2021 में नफ्ताली बेनेट और याइर लापिद ने नेतन्याहू-विरोधी दलों को एकजुट करके सरकार बनाई। इसमें पहली बार



मंसूर अब्बास की राआम जैसी स्वतंत्र अरब पार्टी भी औपचारिक रूप से शामिल हुई। लेकिन वैचारिक मतभेदों के कारण यह सरकार लगभग एक वर्ष में गिर गई। उसके बाद नेतन्याहू फिर सत्ता में लौट आए। इस चुनाव का सबसे उल्लेखनीय घटनाक्रम अरब राजनीतिक दलों की सफलता है। वर्ष 2022 में इन्हें कुल दस सीटें मिली थीं, जबकि इस बार 19 सीटें मिली हैं। जॉइंट लिस्ट और राआम ने मिलकर लगभग आठ लाख चालीस हजार वोट प्राप्त किए, जो पिछले चुनाव से करीब 64 प्रतिशत अधिक हैं। इजराइल की आबादी में अरब नागरिकों की हिस्सेदारी लगभग पांचवां हिस्सा है। हालांकि सभी अरब दलों की राजनीति एक जैसी नहीं है। मंसूर अब्बास की राआम पहले भी यहूदी नेतृत्व वाली सरकार में शामिल हो चुकी है। जॉइंट लिस्ट के विभिन्न घटकों की इजराइल की राष्ट्रीय पहचान और फलस्तीनी प्रश्न पर अलग राजनीतिक स्थितियाँ हैं। इसलिए उनकी 19 सीटों को किसी एक गठबंधन का सुनिश्चित समर्थन मानना सही नहीं होगा। नेतन्याहू के लिए इस बार चुनावी परिणाम झटका हैं। वर्ष 2022 में उनकी लिकुड ने 32 सीटें जीती थीं। इस बार वह 27 पर सिमट गई। उनके सहयोगी गठबंधन की संख्या भी पिछली संसद में एक समय 68 तक पहुंचने के बाद अब 53 रह गई है। इसके कई कारण रहे। सबसे बड़ा मुद्दा 7 अक्टूबर 2023 को हमास द्वारा किया गया हमला था, जिसने इजराइल की सुरक्षा और खुफिया व्यवस्था की गंभीर कमियां उजागर की थीं। अब सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न है कि क्या पूर्व सेना प्रमुख गादी आइज़नकोट और नेतन्याहू मिलकर राष्ट्रीय एकता सरकार बना सकते हैं? आइज़नकोट ने चुनाव में नेतन्याहू को सत्ता से हटाने को प्रमुख उद्देश्य बनाया था। चुनाव के बाद भी उन्होंने स्पष्ट किया है कि वह नेतन्याहू के अधीन सरकार में शामिल नहीं होंगे। यहां तक कि बारी-बारी से प्रधानमंत्री बनने की व्यवस्था को भी उन्होंने स्वीकार नहीं किया है। नफ्ताली बेनेट और अविग्दोर लिबरमैन भी नेतन्याहू के साथ सरकार बनाने का विरोध कर चुके हैं। आइज़नकोट ने संभावित सहयोगियों के लिए चार सिद्धांत निर्धारित किए हैं। पहला, इजराइल को यहूदी, लोकतांत्रिक, उदार और समानतापूर्ण राज्य के रूप में स्वीकार करना होगा। दूसरा, स्वतंत्रता की घोषणा में व्यक्त मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता आवश्यक होगी। तीसरा, सभी नागरिकों के लिए सैन्य, राष्ट्रीय अथवा नागरिक सेवा का दायित्व स्वीकार करना होगा। चौथा, हमास को आतंकवादी संगठन मानते हुए गाजा में उसकी सैन्य और शासन-संचालन क्षमता समाप्त करने के उद्देश्य का समर्थन करना होगा। गठबंधन के तीन प्रमुख विकल्प हैं। पहला, आइज़नकोट 19 अरब सांसदों का समर्थन लेकर 67 की संख्या तक पहुंचें। इसके लिए बेनेट और लिबरमैन जैसे नेताओं को सहमत करना होगा। दूसरा, शास और यूनाइटेड तोराह जूडाइज्म के 13 सांसदों को साथ लेकर 61 का बहुमत बनाया जाए। लेकिन सैन्य भर्ती के प्रश्न पर समझौता आवश्यक होगा। तीसरा, नेतन्याहू और विपक्ष के कुछ दल राष्ट्रीय एकता सरकार बनाएं। इसके लिए प्रधानमंत्री पद, न्यायिक सुधार, सुरक्षा नीति और 7 अक्टूबर के हमले की जांच जैसे विषयों पर सहमति बनानी पड़ेगी। चुनाव परिणामों का औपचारिक प्रमाणन 4 नवंबर तक निर्धारित है। इसके बाद राष्ट्रपति दलों से परामर्श करके किसी सांसद को सरकार बनाने का अवसर देंगे। पहले उम्मीदवार को सामान्यतः 28 दिन मिलते हैं और आवश्यकता पड़ने पर 14 दिन का विस्तार संभव है। असफल होने पर दूसरे नेता को अवसर दिया जा सकता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

विडंबना

योगेश कुमार सोनी



वर्चस्व की लड़ाई में उलझते जा रहे वकील और पुलिस के पेशे

दिल्ली की कानून व्यवस्था में पुलिस और वकीलों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। पुलिस का दायित्व कानून का पालन कराना, अपराधों पर अंकुश लगाना और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है, जबकि वकील न्याय व्यवस्था के महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करते हैं। दोनों पेशों का उद्देश्य अलग-अलग जिम्मेदारियों के माध्यम से एक ही लक्ष्य को हासिल करना है। कानून का शासन और जनता को न्याय, लेकिन जब इन दोनों पेशों के बीच आपसी सम्मान, संवाद और कार्यक्षेत्र की मर्यादा को लेकर विवाद खड़ा होने लगे, तब यह केवल दो पक्षों का टकराव नहीं रह जाता, बल्कि पूरी न्याय एवं कानून व्यवस्था की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगते हैं। शाहदरा में एसीपी मनस्वी वशिष्ठ और शाहदरा थानाध्यक्ष के तबादले के बाद सामने आए घटनाक्रम ने इसी व्यापक बहस को जन्म दिया है। शाहदरा में पुलिस अधिकारियों के तबादलों के बाद एसीपी मनस्वी वशिष्ठ द्वारा मोर्चा खोले जाने के घटनाक्रम ने पुलिस और वकीलों के संबंधों को लेकर चर्चा तेज कर दी है। हालांकि, इस पूरे मामले में संबंधित पक्षों के आधिकारिक वक्तव्यों, विभागीय आदेशों और विवाद की परिस्थितियों की स्वतंत्र पुष्टि के बिना किसी व्यक्ति को दोषी ठहराना उचित नहीं होगा। लोकतांत्रिक व्यवस्था में प्रत्येक अधिकारी और नागरिक को अपना पक्ष रखने का अधिकार है। साथ ही, किसी भी विवाद की वास्तविकता सामने लाने के लिए तथ्यों, साक्ष्यों और निष्पक्ष जांच को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। यदि किसी अधिकारी को लगता है कि उसके साथ अन्याय हुआ है या किसी कार्रवाई में नियमों का पालन नहीं किया गया, तो उसके पास अपनी बात रखने के लिए विभागीय और कानूनी मंच उपलब्ध हैं। इसी प्रकार, यदि किसी वकील को पुलिस की किसी कार्रवाई से आपत्ति है, तो वह भी कानून के दायरे में रहकर शिकायत दर्ज करा सकता है। लेकिन जब किसी विवाद में व्यक्तिगत प्रतिष्ठा, पेशेवर पहचान या वर्चस्व का प्रश्न हावी होने लगता है, तो समाधान की संभावनाएं कमजोर पड़ने लगती है। पुलिस अधिकारी को कानून के अनुसार कार्रवाई करनी होती है। उसे शिकायतकर्ता, आरोपी, गवाह और अन्य संबंधित व्यक्तियों के साथ निष्पक्ष व्यवहार करना चाहिए। किसी व्यक्ति की सामाजिक हैसियत, पेशा या प्रभाव कानून से ऊपर नहीं हो सकता। यदि कोई वकील किसी मामले में पक्षकार है या किसी पक्ष का प्रतिनिधित्व कर रहा है, तो उसके पेशे के कारण उसे कानून से अलग कोई विशेष छूट नहीं मिलती। दूसरी ओर, वकील न्याय व्यवस्था के अभिन्न अंग हैं। उन्हें अपने मुवक्किलों के अधिकारों की रक्षा करने, कानूनी प्रक्रियाओं पर सवाल उठाने और किसी अनुचित कार्रवाई के खिलाफ आवाज उठाने का अधिकार है। लेकिन यह अधिकार भी कानून और पेशेवर आचरण की सीमाओं के भीतर ही प्रभावी होता है। पुलिस के काम में वैधानिक हस्तक्षेप और पुलिस की किसी कार्रवाई पर कानूनी आपत्ति जताना दो अलग-अलग बातें हैं। इसी प्रकार, पुलिस की वर्दी किसी अधिकारी को मनमानी करने का अधिकार नहीं देती। पुलिस और वकीलों के बीच मतभेद होना अस्वाभाविक नहीं है। कानून के अलग-अलग पक्षों की व्याख्या करते समय असहमति हो सकती है, लेकिन असहमति और टकराव में अंतर है। असहमति व्यवस्था को बेहतर बना सकती है, जबकि व्यक्तिगत संघर्ष व्यवस्था की ऊर्जा और संसाधनों को नष्ट करता है। कानून के सामने सभी समान हैं। न पुलिस का पद कानून से ऊपर है और न वकील का पेशा। दोनों को अपने अधिकारों का इस्तेमाल जिम्मेदारी के साथ करना चाहिए। किसी भी पक्ष के साथ अन्याय होने पर निष्पक्ष जांच और कानूनी प्रक्रिया के माध्यम से समाधान होना चाहिए। अंततः, सवाल यह नहीं है कि शाहदरा में किसका वर्चस्व स्थापित होगा, बल्कि यह है कि कानून, निष्पक्षता और जनता के विश्वास की जीत कैसे सुनिश्चित होगी। यदि पुलिस और वकील अपनी-अपनी पेशेवर मर्यादा को प्राथमिकता देते हुए संवाद और संवैधानिक प्रक्रिया का रास्ता अपनाते हैं, तो विवादों का समाधान संभव है। लेकिन यदि हर मतभेद प्रतिष्ठा की लड़ाई बनता रहा, तो नुकसान किसी एक अधिकारी, वकील या विभाग का नहीं, बल्कि उस व्यवस्था का होगा जिससे आम नागरिक न्याय और सुरक्षा की उम्मीद करता है।लोकतंत्र में संस्थाओं की मजबूती किसी व्यक्ति के प्रभाव से नहीं, बल्कि उनके निष्पक्ष कामकाज से तय होती है। इसलिए समय की मांग है कि वर्चस्व की लड़ाई के बजाय कानून के सम्मान, जवाबदेही और संस्थागत समन्वय को प्राथमिकता दी जाए। यही पुलिस और वकील, दोनों के पेशे की गरिमा और जनता के विश्वास को बनाए रखने का सबसे प्रभावी रास्ता है।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

चेतना का मूल आधार है अस्तित्व का ज्ञान



संकलित

दर्शन

जब हम दर्शनशास्त्र का अध्ययन करते हैं, तो हमें यह ज्ञान होता है कि संपूर्ण विश्व एक है। आध्यात्मिक, भौतिक, मानसिक तथा प्राण-जगत भिन्न-भिन्न नहीं हैं। समस्त विश्व, यहां से वहां तक, एक है। बात इतनी ही है कि अलग-अलग दृष्टिकोण से देखे जाने के कारण वह विभिन्न प्रतीत होता है। 'मैं शरीर हूं, इस भावना से जब तुम अपनी ओर देखते हो तो यह भूल जाते हो कि मैं मन भी हूं'। और, जब तुम अपने को मनोरूप में देखने लगते हो, तो तुम्हें अपने शरीरत्व की विस्मृति हो जाती है। विद्यमान वस्तु केवल एक है और वह तुम हो। वह तुम्हें जड़ या शरीर के रूप में अथवा मन या आत्मा के रूप में दिख सकती है। जन्म, जीवन, मरण ये सब भ्रम मात्र हैं। न कोई कभी मरता है और ना कोई कभी जन्म लेता है। होता इतना ही है कि मनुष्य एक स्थिति से दूसरी स्थिति में चला जाता है। लोगों को मृत्यु से इतना भय पाते देख मुझे बहुत दुख होता है। वे मानो जीवन को पकड़ कर रखने की सतत चेष्टा करते रहते हैं। वे कहते हैं कि मृत्यु के बाद हमें जीवन दो। हमें मरणोत्तर जीवन दो। यदि कोई आए और उन्हें बताए कि मृत्यु के बाद भी वे विद्यमान रखेंगे, तो वे कितने आनंदित होते हैं? वस्तुतः मनुष्य के अमरत्व में मैं अविश्वास ही किस तरह कर सकता हूं? मैं मृत हूं, यह कल्पना ही मैं किस प्रकार कर सकता हूं? तुम यदि अपने को मृत सोचने की कोशिश करो तो देखोगे कि तुम अपने मृत शरीर को देखने के लिए वर्तमान हो ही। जीवन का अस्तित्व एक ऐसा आश्चर्यमय सत्य है कि तुम एक क्षण भी उसका विस्मरण नहीं कर सकते।

ब्राह्मण का सपना



संकलित

प्रेरणा

एक नगर में कोई कंजूस ब्राह्मण रहता था। उसने भिक्षा से प्राप्त सत्तुओं में से थोड़े से खाकर शेष से एक घड़ा भर लिया था। उस घड़े को उसने रस्सी से बांधकर खूंटी पर लटका दिया और उसके नीचे पास ही खटिया डालकर उसपर लेटे-लेटे विचित्र सपने लेने लगा, और कल्पना के हवाई घोड़े दौड़ाने लगा। उसने सोचा कि जब देश में अकाल पड़ेगा तो इन सत्तुओं का मूल्य 100 रुपए हो जाएगा। उन सौ रुपयों से मैं दो बकरियां लूँगा। छः महीने में उन दो बकरियों से कई बकरियां बन जाएंगी। उन्हें बेचकर एक गाय लूंगा। गौओं के बाद भैंसे लूंगा और फिर घोड़े ले लूंगा। घोड़ों को महंगे दामों में बेचकर मेरे पास बहुत सा सोना हो जाएगा। सोना बेचकर मैं बहुत बड़ा घर बनाऊँगा। मेरी सम्पत्ति को देखकर कोई भी ब्राह्मण अपनी सुरुपवती कन्या का विवाह मुझसे कर देगा। वह मेरी पत्नी बनेगी। उससे जो पुत्र होगा उसका नाम मैं सोमशर्मा रखूंगा। जब वह घुटनों के बल चलना सीख जाएगा तो मैं पुस्तक लेकर घुड़शाला के पीछे की दीवार पर बैठा हुआ उसकी बाल-लीलाएं देखूंगा। उसके बाद सोमशर्मा मुझे देखकर मां की गोद से उतरेगा और मेरी ओर आएगा तो मैं उसकी मां को क्रोध से कहूँगा- 'अपने बच्चे को संभाल।' वह गृह-कार्य में व्यग्र होगी, इसलिए मेरा वचन न सुन सकेगी। तब मैं उठकर उसे पैर की ठोकर से मारुंगा। यह सोचते ही उसका पैर ठोकर मारने के लिए ऊपर उठा। वह ठोकर सत्तु-भरे घड़े को लगी। घड़ा चकनाचूर हो गया। कंजूस ब्राह्मण के स्वप्न भी साथ ही चकनाचूर हो गए।

अंतर्मन



आज की पाती

मानसिक स्वास्थ्य में एआई की भूमिका

आधारित चैटबॉट लोगों के लिए तेजी से संपर्क का पहला माध्यम बनते जा रहे हैं। अकेलापन, चिंता, तनाव, अवसाद, रिश्तों की उलझन या भावनात्मक संकट के क्षणों में कई लोग पहले किसी चिकित्सक के पास जाने के बजाय एआई से बातचीत करना पसंद कर रहे हैं। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में, जहां मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच अभी भी असमान है, एआई तकनीक एक नई संभावना प्रस्तुत करती है। हालांकि, यह समझना आवश्यक है कि एआई मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करने का माध्यम हो सकता है, उनका विकल्प नहीं। मानसिक स्वास्थ्य में एआई की भूमिका बढ़ने वाली है। - *प्रकाश शर्मा, गन्नौर*

ट्रेंड

टूलकिट बने राहुल



राहुल गांधी उन ताकतों की एक टूलकिट हैं, जिन्होंने नेपाल और अन्य पड़ोसी देशों में अशांति पैदा की। वह उन ताकतों का नेतृत्व कर रहे है, जो पूरे देश में अराजकता लाना चाहता है। उनके पास कोई विजन नहीं है। -**नितिन नवीन,** भाजपा अध्यक्ष

मोदीजी झूठ बोलना बंद करें



मोदीजी इस देश से झूठ बोलना बंद कीजिए आप विदेशी मदद से प्रधानमंत्री बने हुए हैं। मै आपको इस मुद्दे पर खुली बहस की चुनौती देता हू। कोई भी मंच किसी भी समय हिम्मत है तो सामने आइये।
-**राहुल गांधी,** नेता विपक्ष

'डबल इंजन' ने धोखा दिया



उत्तराखंड में भाजपा की डबल इंजन सरकार के प्रदेश की जनता की उम्मीदों और आकांक्षाओं को छलने का काम किया है। ध्वस्त कानून-व्यवस्था, महिलाओं की सुरक्षा पर गंभीर सवाल, सत्ता का अहंकार और जवाबदेही से लगातार पल्ला झाड़ने की प्रवृत्ति ने प्रदेश की जनता को निराश किया है। -**मल्लिकार्जुन खड़गे,** कांग्रेस अध्यक्ष

एक्सपोज हुई आप



आम आदमी पार्टी जनता के सामने एक्सपोज हो चुकी है। पंजाब में भाजपा के पक्ष में एक अंडरकरंट है और आम आदमी पार्टी के खिलाफ बहुत मजबूत सत्ता विरोधी लहर (एंटी इनकंबेंसी) है। इसी वजह से आप के नेता भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर हमारी पार्टी से जुड़ रहे हैं।
-**सतीश पूनिया,** भाजपा के पंजाब प्रभारी

करंट अफेयर

पाक में पोलियो टीकाकरण के लिए 8 हजार पुलिसकर्मी तैनात



पाकिस्तान के कराची शहर में एक सप्ताह तक चलने वाले पोलियो रोधी अभियान के दौरान टीकाकरण दलों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए 8,000 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। दो से आठ नवंबर तक चलने वाला यह अभियान पाकिस्तान के अन्य हिस्सों में भी शुरू किया गया है। इनमें बलूचिस्तान प्रांत भी शामिल है, जहां 31 जिलों में टीकाकरण दल कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच काम कर रहे हैं। यह घटनाक्रम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के खैबर जिले में पोलियो का एक नया मामला सामने आने की राष्ट्रीय पोलियो उन्मूलन आपातकालीन संचालन केंद्र द्वारा पुष्टि किए जाने के एक दिन बाद हुआ है। कराची के आयुक्त सैयद हसन नकवी ने कहा कि टीकाकरण दलों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है, क्योंकि पूर्व में टीकाकरण अभियानों के दौरान सुरक्षा संबंधी घटनाएं और हमले हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं तथा सुरक्षा मजबूत करने के लिए औचक जांच के साथ मोटरसाइकिल से गश्त भी बढ़ा दी गई है। पाकिस्तान में पोलियो रोधी टीकाकरण अभियान अक्सर हिंसा की घटनाओं से प्रभावित होते रहे हैं।

ऑफ बीट

मंगल के 4.1 अरब साल पुराने उल्कापिंड का रहस्य किया उजागर



नासा ने मंगल ग्रह पर 13 ऐसी जगहों का पता लगाया है, जहां से तेघाजा 001 उल्कापिंड आया हो सकता है। यह पत्थर माली के सहारा रेगिस्तान में 2022 में मिला था और यह करीब 4.1 अरब साल पुराना है। इसी वजह से यह पृथ्वी पर मिले मंगल के सबसे पुराने उल्कापिंडों में से एक है। वैज्ञानिकों ने मंगल ऑर्बिटर से मिले डाटा की मदद से इसके खनिजों का मिलान मंगल ग्रह के उन क्षेत्रों से किया है, जो ज्यादातर प्राचीन दक्षिणी उच्चभूमि (हाइलैंड्स) में आते हैं। मंगल की दक्षिणी उच्चभूमि सबसे पुरानी जमीनों में से एक है, जिसमें ग्रह के शुरुआती दिनों के अहम सुराग छिपे हैं। तेघाजा 001 में मिले अजीब ज्वालामुखी खनिज ये संकेत देते हैं कि यह मंगल के ऐसे हिस्से से आया है, जिसके नमूने हमने पहले कभी नहीं लिए हैं। शोधकर्ताओं का मानना है कि एक एस्ट्रोयड के टकराने से यह मंगल से उछलकर पृथ्वी तक अपनी लंबी यात्रा पर आया होगा। हालांकि, यह किस खास क्षेत्र से आया था, यह अभी भी एक रहस्य है, जिसे वे सुलझाने की उम्मीद कर रहे हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर 8,500 विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा, आदित्य और रिया रहे प्रथम

एमएलबी ग्राउंड में ऐतिहासिक निबंध प्रतियोगिता का भव्य आयोजन, 10 हजार लोगों की मौजूदगी में विजेताओं को मिला सम्मान; विद्यार्थियों ने लिया स्वच्छता का संकल्प

जबलपुर। मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर मित्र संघ परिवार एवं नगर निगम के सहयोग से एमएलबी ग्राउंड में ऐतिहासिक निबंध प्रतियोगिता एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। इसमें 8,500 विद्यार्थियों ने शहर का विकास, स्वच्छता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्षों की उपलब्धियों विषय पर निबंध लिखे। कार्यक्रम में करीब 10 हजार लोग शामिल हुए। मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने विजेता विद्यार्थियों के निबंध प्रकाशित कराने का सुझाव दिया, वहीं लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने आयोजन को अद्भुत एवं ऐतिहासिक बताया। महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' ने सभी प्रतिभागियों को उपहार स्वरूप कार्डबोर्ड भेंट किए।

ग्रुप ए में आदित्य मिश्रा प्रथम, भावना पटेल द्वितीय एवं जयवर्धन खुरासिया तृतीय रहे। ग्रुप बी में रिया सिंह प्रथम, अंजलि जैन द्वितीय एवं चंचल जैन तृतीय रहीं। दोनों वर्गों के प्रथम विजेताओं को 26-26 हजार रुपये प्रदान किए गए।



प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता में राबिया फातिमा और तनिष्क राय ने साइकिल जीती।

इस अवसर पर मंत्री राकेश सिंह ने विद्यार्थियों एवं उपस्थित जनसमूह को स्वच्छता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में सांसद आशीष दुबे, विधायक अजय विश्नोई, अशोक ईश्वरदास रोहाणी, डॉ. अभिलाष पांडे, जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, वरिष्ठ पत्रकार एवं संयोजक एस.बी. शेकट्कर, पत्रकार परितोष वर्मा एवं शुभम शुक्ला सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



मूल्यनिष्ठता ही पत्रकारिता का आधार : ब्रह्माकुमारी विमला दीदी

जबलपुर। प्रेमनगर स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के शिव उपहार भवन में मीडिया एवं पब्लिक रिलेशन प्रभाग द्वारा 'मूल्यनिष्ठ मीडिया : समय की आवश्यकता' विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया। ब्रह्माकुमारी विमला दीदी ने कहा कि मीडिया समाज की वाणी और मस्तिष्क है। पत्रकारिता में सत्य, शुद्धता एवं सामाजिक सरोकारों का विशेष महत्व है। माउंट आबू से आए मीडिया विंग के नेशनल कोऑर्डिनेटर ब्रह्माकुमार डॉ. शांतनु भाई ने कहा कि सूचना की तेज गति के साथ सत्य, संवेदना और सामाजिक जिम्मेदारी को भी महत्व देना आवश्यक है। वरिष्ठ पत्रकार प्रेमशंकर तिवारी ने पत्रकारिता को वंचितों को न्याय दिलाने और समाज में सकारात्मक बदलाव का माध्यम बताया।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व कुलपति प्रो. (डॉ.) मानसिंह परमार ने देवर्षि नारद एवं संजय के उदाहरण देते हुए निष्पक्ष और सत्यनिष्ठ पत्रकारिता पर प्रकाश डाला। वरिष्ठ पत्रकार उज्जवल शुक्ला, शुभम बघेल एवं पवन पाण्डे ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ पत्रकार श्याम टहलानी एवं राजेन्द्र मिश्रा ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इस अवसर पर पत्रकार, पत्रकारिता के विद्यार्थी, प्राध्यापक एवं सोशल मीडिया क्रिएटर्स उपस्थित रहे। महर्षि नारद के संवादों पर आधारित नृत्य-संगीतमय नाटिका ने सभी का मन मोह लिया। कुमारी अविका ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। संचालन ब्रह्माकुमार विजय भाई ने किया।



दो कॉलेजों के बीच एमओयू, विद्यार्थियों को मिलेंगे रोजगार के अवसर

जबलपुर। विद्यार्थियों के कौशल विकास एवं रोजगार के अवसर बढ़ाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल महाविद्यालय जबलपुर और शासकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज जबलपुर के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) संपन्न हुआ। इस समझौते के तहत विद्यार्थियों को इंटर्नशिप, प्लेसमेंट सहायता, व्यावसायिक प्रशिक्षण एवं तकनीकी दक्षता विकसित करने के अवसर मिलेंगे। साथ ही शिक्षकों के लिए फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा जबलपुर संभाग, प्राचार्य प्रो. अलकेश चतुर्वेदी, संभागीय सलाहकार प्रो. अरुण शुक्ल, डॉ. महेन्द्र कुशवाहा, डॉ. धीरेन्द्र त्रिपाठी, प्राचार्य डॉ. राजीव जैन, टीपीओ प्रभारी रश्मि चौरसिया एवं डॉ. मोना जायसवाल उपस्थित रहे। यह पहल दोनों संस्थानों के बीच शैक्षणिक सहयोग और रोजगारोन्मुखी शिक्षा को बढ़ावा देगी।



विधि विद्यार्थियों ने जाना वकालत का व्यावहारिक ज्ञान

जबलपुर। महात्मा गांधी महाविद्यालय, सतना के विधि छात्र-छात्राओं ने मध्यप्रदेश हाईकोर्ट बार एसोसिएशन का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने राज्य अधिवक्ता परिषद के सभाकक्ष में आयोजित विधि संवाद कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम में हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के सचिव असीम त्रिवेदी, उपाध्यक्ष सत्येन्द्र ज्योतिषी, राज्य अधिवक्ता परिषद के सदस्य मनीष तिवारी एवं नवीन शुक्ला, सहसचिव रुपेश पटेल, कोषाध्यक्ष सुशीला पालीवाल तथा कार्यकारिणी सदस्य आशीष तिवारी, वरुण दुबे एवं शांति तिवारी ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। वक्ताओं ने वकालत के व्यावहारिक पहलुओं, न्यायालयीन कार्यप्रणाली एवं विधि क्षेत्र में करियर की संभावनाओं की जानकारी देते हुए सफल अधिवक्ता बनने के गुर बताए।

अकेलेपन का सहारा बनेगा जय जगन्नाथ मिशन

जबलपुर। अकेलेपन से जूझ रहे और मानसिक रूप से परेशान लोगों को भावनात्मक एवं आध्यात्मिक सहयोग देने के लिए जय जगन्नाथ मिशन अन्तर्राष्ट्रीय ने 'बातचीत सबसे अच्छी दवा' अभियान शुरू किया है। मिशन के संस्थापक एवं आध्यात्मिक मार्गदर्शक डॉ. पुरुषोत्तम तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में यह निर्णय लिया गया। इसके साथ ही धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं की प्रार्थनाओं एवं मनोकामनाओं के लिए 'श्री जगन्नाथ अर्जी पात्र' स्थापित किए जाएंगे।बैठक में संगठनात्मक दायित्वों की घोषणा करते हुए शरद काबरा, रामजी अग्रवाल, बृजबिहारी शर्मा, सन्तोष पटैल, मुकेश साहू, सन्तोष नेमा, राजीव तिवारी (बंटी), विनय उपाध्याय, मोहित तिवारी, सोनिया वाक्लकर, सचिन यादव, अरविन्द खरे एवं हरिओम हजारी को प्रदेश एवं जिला स्तर की जिम्मेदारियां सौंपी गईं। शहर स्तर पर कार्तिक पाण्डेय, चन्द्रभान अनाड़ी, अभय तिवारी, राजेश साहू एवं मनोहर सोनी को दायित्व सौंपे गए।डॉ. पुरुषोत्तम तिवारी ने कहा कि मिशन का उद्देश्य मानव सेवा, सामाजिक समरसता और मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देना है, ताकि कोई भी व्यक्ति स्वयं को अकेला महसूस न करे।

रेलवे ने मनाया राष्ट्रीय एकता दिवस, सफाई मित्रों का किया सम्मान

जबलपुर। भारतीय रेल द्वारा 30 अक्टूबर को रेल भवन, नई दिल्ली में सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस एवं स्वच्छता ही सेवा 2026 के तहत विशेष अभियान 6.0 आयोजित किया गया। इस अवसर पर रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं सीईओ सतीश कुमार ने अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में स्वच्छता एवं स्वस्थ वातावरण को बढ़ावा देने के लिए सफाई मित्रों के स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किए गए। साथ ही रेल भवन में स्वच्छता बनाए रखने में योगदान देने वाले सफाई मित्रों, हाउसकीपिंग एवं बागवानी कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। भारतीय रेल की सेवा में समर्पित रहे सेवानिवृत्त 11 कर्मचारियों को भी सम्मान प्रदान किया गया। इस अवसर पर रेलवे बोर्ड के सदस्यों, महानिदेशकों एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने कर्मचारियों के योगदान की सराहना की। कार्यक्रम में स्वच्छता, आपसी सम्मान, टीम भावना और सामूहिक जिम्मेदारी का संदेश दिया गया। भारतीय रेल ने राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता को मजबूत करने और देश के विभिन्न क्षेत्रों को जोड़ने में अपनी भूमिका के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई।

जेएनकेविवि में पुनर्योजी कृषि नीतियों पर हितधारकों की परामर्श बैठक आयोजित

खाद्य तेल उत्पादन बढ़ाने बनेगा नीति रोडमैप : डॉ. धीरेन्द्र खरे

जबलपुर। खाद्य तेल के आयात पर निर्भरता कम करने और घरेलू उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य से जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय में खाद्य तेल आपूर्ति श्रृंखला एवं पुनर्योजी कृषि नीतियों पर हितधारकों की परामर्श बैठक आयोजित की गई। कृषि व्यवसाय प्रबंधन संस्थान के कौटिल्य सभागार में आयोजित बैठक में अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे ने कहा कि खाद्य तेल उत्पादन बढ़ाने के लिए नीति रोडमैप तैयार कर उसे धरातल पर लागू करना आवश्यक है। इससे देश की खाद्य तेल सुरक्षा मजबूत होगी और आयात पर निर्भरता घटेगी। डॉ. खरे ने सरसों एवं सोयाबीन जैसी तिलहनी फसलों में रासायनिक खादों का उपयोग चरणबद्ध तरीके से



कम करने तथा मिट्टी की गुणवत्ता सुधारने पर जोर दिया। संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉ. ए.के. जैन ने विश्वविद्यालय द्वारा विकसित तिलहनी फसलों की उन्नत किस्मों एवं बेहतर उत्पादन प्रबंधन की जानकारी दी। संचालक विस्तार सेवाएं डॉ. टी.आर. शर्मा ने किसानों को आधुनिक तकनीक, उचित बाजार एवं उपज का सही मूल्य दिलाने की आवश्यकता बताई।

सॉलिडैरिडाड संस्था के सहयोग से आयोजित कार्यशाला में बीपीडी इकाई एवं जवाहर राबी के सीईओ डॉ. अनिल मिश्रा ने स्वागत किया। डॉ. सुरेश मोटवानी ने कार्यशाला के उद्देश्य एवं रूपरेखा प्रस्तुत की। इस अवसर पर संचालक डॉ. विजय यादव, डॉ. संजीव गर्ग, कुलसचिव रचना शर्मा, डॉ. आर.के. भटनागर, डॉ. अनुपमा वर्मा, डॉ. दीपक राठी, डॉ. अमित शर्मा, डॉ. आनंद विश्वकर्मा, डॉ. रश्मि शुक्ला, डॉ. एस.बी. नाहटकर, डॉ. मोनी थॉमस, डॉ. एच.के. राय, डॉ. लवीना शर्मा, लक्ष्मी सिंह एवं दीपांशु पटेल सहित वैज्ञानिक, कृषि अधिकारी, किसान उत्पादक संगठनों, एनजीओ एवं तेल कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की बैठक में संगठन विस्तार पर चर्चा

जबलपुर। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की बैठक में महाकौशल प्रांत के विभिन्न जिलों के पदाधिकारियों ने सहभागिता की। तीन सत्रों में आयोजित बैठक में संगठन को तहसील स्तर तक मजबूत बनाने और ग्राहक जागरण अभियान चलाने पर चर्चा हुई। बैठक में दिसंबर माह में अभ्यास वर्ग आयोजित करने, महिला आयाम को मजबूत बनाने, मातृशक्ति की भागीदारी बढ़ाने, नए सदस्यों को जोड़ने तथा आम नागरिकों को ग्राहक अधिकारों के प्रति जागरूक करने के निर्णय लिए गए। बैठक में आगामी संगठनात्मक गतिविधियों की रूपरेखा भी तय की गई।

जरूरतमंद परिवारों की दीपावली रोशन करेगी ज्ञानोदय संस्था

जबलपुर। दीपावली 2026 के अवसर पर जरूरतमंद परिवारों के चेहरों पर खुशियां लाने के उद्देश्य से ज्ञानोदय संस्था द्वारा एक सराहनीय पहल की जा रही है। मुकेश साहू एवं अंशुल साहू के प्रयासों से संस्था जरूरतमंद परिवारों को दीपोत्सव किट वितरित करेगी। किट में कपड़े, शॉल, कंबल, मिठाई, खाद्य सामग्री, पटाखे, फुलझड़ी, दीपक, पूजन सामग्री, तेल, बाती, लाई-बताशा सहित अन्य आवश्यक सामग्री आकर्षक गिफ्ट पैक में उपलब्ध कराई जाएगी। वितरण अभियान 6 जुलाई 2026 से प्रारंभ करने की जानकारी दी गई है। संस्था ने 5 नवंबर 2026 तक जरूरतमंद परिवारों की जानकारी उपलब्ध कराने एवं सहयोग करने की अपील की है। उल्लेखनीय है कि मुकेश साहू द्वारा कई वर्षों से जरूरतमंदों की सहायता के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

छठ पूजा की बेदी के टोकन अधारताल जोन कार्यालय से मिलेंगे निःशुल्क

जबलपुर। अधारताल तालाब में छठ पूजा करने वाले श्रद्धालुओं को बेदी स्थल आरक्षित कराने के लिए नगर निगम द्वारा आज मंगलवार दोपहर 12 बजे से अधारताल जोन कार्यालय में निःशुल्क टोकन वितरित किए जाएंगे। टोकन के आधार पर पूजा स्थल आवंटित होगा। उत्तर प्रदेश-बिहार महासंघ की मांग पर महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' के निर्देशानुसार नगर निगम ने यह व्यवस्था की है। एक व्यक्ति को केवल एक टोकन दिया जाएगा।

पर्यावरण संरक्षण एवं जनजागरूकता के उत्कृष्ट कार्यों के लिए डॉ. विजयकांत तिवारी सम्मानित

जबलपुर। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स तथा यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में संचालित प्रोजेक्ट CLAP के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता अभियान, सामाजिक जागरूकता एवं सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति जनजागरूकता फैलाने के उत्कृष्ट कार्यों के लिए भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ जबलपुर के जिला मुख्य आयुक्त डॉ. विजयकांत तिवारी को सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान जबलपुर विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी द्वारा



प्रदान किया गया। प्रोजेक्ट CLAP के तहत जिले के विद्यालयों में विद्यार्थियों के माध्यम से नवाचार, व्यवहार परिवर्तन, स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण संबंधी गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। अधारताल तालाब सहित नगर के विभिन्न क्षेत्रों में इन गतिविधियों के प्रभावी क्रियान्वयन में डॉ. तिवारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इनके माध्यम से विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी एवं पर्यावरण संरक्षण की भावना विकसित करने के साथ नागरिकों को भी जागरूक किया जा रहा है। इस उपलब्धि पर सहायक राज्य संगठन आयुक्त ललित कुमार मिश्रा, जिला संरक्षक अजय तिवारी एवं भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ जबलपुर के समस्त पदाधिकारियों ने डॉ. विजयकांत तिवारी को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

रादुविवि में सजा दीपावली महोत्सव, विद्यार्थियों ने सीखी हस्तकला

जबलपुर। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के व्यावसायिक अध्ययन एवं कौशल विकास संस्थान द्वारा चार दिवसीय 'दीपावली महोत्सव– कार्यशाला एवं प्रदर्शनी' का आयोजन किया जा रहा है। प्रथम दिवस 2 नवंबर को विद्यार्थियों को दीप सज्जा, पूजा की थाली डेकोरेशन, मेहंदी, रंगोली, वंदनवार निर्माण एवं वेस्ट टू बेस्ट हस्तशिल्प का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण रिया ओबेरॉय एवं मौसमी गौतम ने प्रदान किया।

कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों की कलात्मक प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि पारंपरिक भारतीय कला एवं संस्कृति से जुड़ी



हस्तनिर्मित वस्तुएं आकर्षक हैं। इन उत्पादों को प्रदर्शनी के माध्यम से उचित मूल्य पर लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। विशिष्ट अतिथि प्रो. राकेश बाजपेयी ने भी कौशल विकास संस्थान के प्रयासों को सराहनीय बताया। निदेशक प्रो. अलका नायक के मार्गदर्शन में आयोजित यह कार्यशाला विश्वविद्यालय एवं संबद्ध महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क है। संयोजक डॉ. अजय मिश्रा ने बताया कि 3 नवंबर को भी प्रशिक्षण दिया जाएगा तथा प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे। विद्यार्थियों द्वारा निर्मित कलाकृतियों की प्रदर्शनी 4 एवं 5 नवंबर को पंडित कुंजीलाल दुबे प्रेक्षागृह में लगेगी। इस अवसर पर डॉ. मीनल दुबे, जोफिजा मनसब, रविता सिंह, आर्किटेक्ट गुणित वैद्य, सविता पहारिया सहित पंजीकृत विद्यार्थी उपस्थित रहे।

कबाड़ निस्तारण से पश्चिम मध्य रेल को मिले 51 करोड़

जबलपुर। पश्चिम मध्य रेल ने विशेष अभियान 6.0 के तहत 31 अक्टूबर 2026 तक कबाड़ की बिक्री से 51.01 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया है। इसमें जबलपुर मंडल का सर्वाधिक 21.24 करोड़ रुपये का योगदान रहा। वहीं डब्ल्यूआरएस ने 15.35 करोड़, कोटा मंडल ने 8 करोड़, सीआरडब्ल्यूएस ने 3.70 करोड़ तथा भोपाल मंडल ने 2.72 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया। अभियान के तहत ई-वेस्ट के निस्तारण से भी 3.33 लाख रुपये प्राप्त हुए। अनुपयोगी सामग्री के निस्तारण से रेलवे परिसरों में स्वच्छता, व्यवस्थित कार्यस्थल एवं संसाधनों के बेहतर उपयोग को बढ़ावा मिला है। पश्चिम मध्य रेल की इस उपलब्धि में विभिन्न मंडलों एवं कार्यशालाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

निर्मला हायर सेकेंडरी स्कूल में दो दिवसीय 'वार्षिक खेल उत्सव' आयोजित

जबलपुर। निर्मला हाई सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक खेल उत्सव का आयोजन हर्षोल्लास एवं खेल भावना के साथ किया गया। रंग-बिरंगे वातावरण, उत्साह से भरे विद्यार्थियों और तालियों की गूँज ने पूरे मैदान को ऊर्जा से भर दिया। दो दिवसीय इस खेल आयोजन में विद्यालय के सभी सदनों के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी खेल प्रतिभा, अनुशासन एवं खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सिस्टर (मिशनरी ऑफ चैरिटी) प्राचार्य महोदया एवं उपप्राचार्या महोदया द्वारा रंग-बिरंगे गुब्बारों को आकाश में छोड़कर किया गया। उत्सव के दौरान विभिन्न प्रकार की खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, दौड़ में गति का रोमांच जिनमें (100 मी., 200 मी., दौड़), खो-खो में फुर्ती का शानदार प्रदर्शन गोला फेक ,भाला फेंक,



बैडमिंटन, बास्केटबॉल और वॉलीबॉल भी शामिल थीं।

प्राथमिक वर्ग के छोटे बच्चों के लिए 'बैलून बैलेंसिंग रेस', 'कैटरपिलर रेस,' बनाना रेस, और कलर मैच रेस जैसी अनेक मनोरंजक प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि और प्राचार्य महोदय के द्वारा पदक, पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में ब्लू हाउस ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि ग्रीन हाउस द्वितीय स्थान पर रहा। वहीं, अनुशासन एवं खेल भावना का उत्कृष्ट परिचय देने के लिए रेड हाउस को अनुशासन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। ब्लू हाउस को इस वर्ष की ओवरऑल विजेता ट्रॉफी प्रदान की गई। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य महोदय फादर फ्रांसिस जेवियर द्वारा मुख्य अतिथि, शिक्षक शिक्षिकाओं प्रतिभागियों तथा सभी सहायक कर्मचारी को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्राचार्य ने कहा कि खेल न केवल हमारे शरीर को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि जीवन में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना भी सिखाते हैं।

रेलवे ने जीता वालीबाल का खिताब संस्कारधानी क्लब उपविजेता

जबलपुर। रानीताल खेल परिसर में आयोजित जिला स्तरीय वालीबाल प्रतियोगिता के फाइनल में रेलवे की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए संस्कारधानी क्लब को सीधे दो सेटों में पराजित कर खिताब अपने नाम किया। रोमांचक मुकाबले में दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने बेहतरीन तालमेल और आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया, लेकिन अंतिम क्षणों में रेलवे ने बाजी मार ली। समापन समारोह में सांसद आशीष दुबे एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. वाणी अहलूवालिया ने विजेता रेलवे टीम को ट्रॉफी प्रदान की, जबकि संस्कारधानी क्लब को उपविजेता ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। सांसद आशीष दुबे ने कहा कि संस्कारधानी के युवाओं में खेल प्रतिभा की कमी नहीं है। ऐसे आयोजन राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने दोनों टीमों के प्रदर्शन की सराहना की। इस अवसर पर पूर्व बार सचिव एडवोकेट निखिल तिवारी, प्रशांत गुप्ता, सुदीप सैनी एवं शैलेंद्र सोनी सहित खेलप्रेमी उपस्थित रहे।

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं. /स. क्रं.11/191/2026-27
दिनांक :- 02/11/2026

भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि काबिज श्री सचिन कुमार जैन पिता प्रकाश चंद्र जैन ने वार्ड क्रमांक 79 वार्ड का नाम ईश्वरदास रोहाणी के भवन क्रमांक 1368 का भाग, यूनिवर्सिटी चौराहा समपत्ति के पिन क्रमांक 1000397292 से नया पिन पर दर्ज भूतल 180 वर्गफुट (सीमेंट शीट) शपथ पत्र, विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री/ श्रीमति मनोरमा बाई सेन पिता/पति राम आसरे सेन का नाम हटाये जाने एवं आवेदक का नाम परिवर्तन किये जाने जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11,
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं. /स. क्रं.11/192/2026-27
दिनांक :- 02/11/2026

भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सौरभ कुमार जैन पिता प्रकाश चंद्र जैन ने वार्ड क्रमांक 79 वार्ड का नाम ईश्वरदास रोहाणी के भवन क्रमांक 1368 का भाग, यूनिवर्सिटी चौराहा समपत्ति के पिन क्रमांक 1000397292 से नया पिन पर दर्ज भूतल 144 वर्गफुट (सीमेंट शीट) शपथ पत्र, विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री/ श्रीमति मनोरमा बाई सेन पिता/पति राम आसरे सेन का नाम हटाये जाने एवं आवेदक का नाम परिवर्तन किये जाने जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11,
नगर निगम, जबलपुर

राहुल ने पीएम मोदी को दी खुली बहस की चुनौती

बोले- विदेशी मदद से पीएम बने, मैं जानता हूं आप डरते हो

राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि आपकी आर्थिक व्यवस्था पूरी तरह विदेशियों के नियंत्रण में और समर्थन से है।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली।

कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर पीएम मोदी को सीधे निशाने पर लिया। उन्होंने पीएम मोदी पर विदेशी मदद के सहारे सत्ता में बने रहने का आरोप लगाकर राजनीतिक विवाद तेज कर दिया। राहुल ने कहा कि पीएम मोदी विदेशी मदद से पीएम बने और अब भी इसी मदद के सहारे इस पद पर बने हुए हैं। उन्होंने देश की आर्थिक व्यवस्था और विदेशी सोशल मीडिया को लेकर भी सवाल उठाए। राहुल गांधी ने पीएम को खुली बहस की चुनौती देते हुए कहा कि वह किसी भी मंच पर आ जाए।

विदेशी मदद से सत्ता में बने रहने का लगाया आरोप



सांसद राहुल गांधी — पीएम नरेंद्र मोदी

देश से झूठ बोलना बंद करें

राहुल गांधी ने 'एक्स' पर लिखा कि मोदी जी, इस देश से झूठ बोलना बंद कीजिए। आप विदेशी मदद से पीएम बने। और विदेशी मदद से ही पीएम बने हुए हैं। आपकी आर्थिक व्यवस्था पूरी तरह विदेशियों के नियंत्रण में और समर्थन से है। विदेशी सोशल मीडिया पूरी तरह आपके साथ खड़ा है। मैं आपको इस मुद्दे पर खुली बहस की चुनौती देता हूं। कोई भी मंच, किसी भी समय। हिम्मत है तो आइए। आप नहीं आएंगे, क्योंकि जो मैं आपके बारे में जानता हूं आप उससे डरते हैं।

राहुल ने पोस्ट के साथ साझा की तस्वीरें

राहुल ने अपनी पोस्ट के साथ पीएम नरेंद्र मोदी के एक पुराने बयान से जुड़ी दो तस्वीरें भी साझा की हैं। पहली तस्वीर में पीएम के बयान का अंग्रेजी अंश दिखाया गया। इसमें कहा गया है कि कुछ ताकतें लगातार देश को बांटने की साजिश में लगी हैं। एक दशक से ज्यादा समय की निराशा और असंतोष के बाद ये ताकतें अब खुलकर सामने आ गई हैं।

सोनिया गांधी की लालू-तेजस्वी से मुलाकात

दिल्ली में कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने सोमवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव से मुलाकात की।



इंडिया ब्लॉक की रामलीला मैदान में हुई रैली के बाद इस मुलाकात को विपक्षी एकजुटता के लिहाज से अहम माना जा रहा है।

भाजपा का प्रोपेगेंडा पंक्चर जमकर हुई खरीदारीः रमेश

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने सोमवार को दिल्ली में इंडिया ब्लॉक की रैली को लेकर भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने दावा किया कि रैली को बदनाम करने और लोगों को दिल्ली आने से रोकने के लिए व्यापारियों को नुकसान होने और बाजार बंद रहने का डर फैलाया गया था। हालांकि, उनके मुताबिक भाजपा का यह दुष्प्रचार पूरी तरह नाकाम रहा।

फर्जी तस्वीर भी ठीक से नहीं बना पाए

रिजिजू का दावा- इंडिया ब्लॉक की रैली में भीड़ की एआई तस्वीर

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने रविवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में हुई विपक्षी दलों के इंडिया ब्लॉक की रैली में भीड़ दिखाने के लिए कथित कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से तैयार तस्वीर साझा करने को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस को रैली में भीड़ दिखाने के लिए एआई से बनी तस्वीरों का सहारा लेना पड़ा। रिजिजू ने कांग्रेस सांसद वामसी गड्डम और पार्टी के अन्य नेताओं की ओर से सोशल मीडिया पर साझा की गई तस्वीर को अपनी पोस्ट के साथ लगाया। उन्होंने एक्स पर लिखा कि रामलीला मैदान भरा हुआ दिखाने के लिए कांग्रेस पार्टी की फर्जी नैरेटिव टीम एआई से बनी फर्जी तस्वीर भी ठीक से नहीं बना पाई!



खबर संक्षेप

आप विधायक कुंवर प्रताप ने छोड़ी विधायकी

चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी (आप) से निलंबित विधायक और पूर्व आईपीएस अधिकारी कुंवर विजय प्रताप सिंह ने सोमवार को कहा कि उन्होंने पंजाब विधानसभा के विधायक पद से इस्तीफा दे दिया है। अमृतसर उत्तर सीट से विधायक सिंह ने अपना इस्तीफा विधानसभा अध्यक्ष कुलतार सिंह संधवान को भेज दिया है।



उनियाल बोले- इस्तीफा दूंगा, माफी नहीं मांगूंगा

देहरादून। दलेर मेहंदी विवाद को लेकर मंत्री सुबोध उनियाल बयान को लेकर एक बार फिर चर्चा में है। एक कार्यक्रम के दौरान मंत्री के बयान का वीडियो वायरल हो रहा है। उसमें उन्होंने मंच से कहा कि मैं इस्तीफा देना पसंद करूंगा, माफी नहीं मांगूंगा। जीवन में आत्मसम्मान बहुत बड़ी चीज है। उन्होंने कहा था कि मुझे लगा दलेर मेहंदी नशे में हैं।



गैस पाइपलाइन में ब्लास्ट, युवक की मौत

मुजफ्फरपुर। मुजफ्फरपुर में पीएनजी गैस पाइपलाइन में रिसाव के कारण ब्लास्ट हो गया। शहर के सदर थाना क्षेत्र के गोबरसही-डुमरी इलाके में सोमवार को करीब 12 बजे हादसा हुआ। जिसमें एक युवक के सिर के चिथड़े उड़ गए, जबकि 4 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं। मृतक की पहचान निवास सिंह के रूप में हुई है।



निकाय चुनाव लड़ने से पीछे हटे टीएमसी पार्षद

कोलकाता। कोलकाता नगर निगम (केएमसी) के दिसंबर में होने वाले चुनाव से पहले तृणमूल कांग्रेस पार्टी के कई दिग्गज पूर्व पार्षदों ने चुनाव लड़ने से दूरी बना ली है। इनमें कोलकाता के पूर्व मेयर फिरहाद हकीम, शोभन चटर्जी, मेयर-इन-काउंसिल के कई पूर्व सदस्य और बोरो चेयरमैन भी शामिल हैं।



तेलगांना में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा में बोले शाह

भारतीय नागरिकों को ही मतदान करने का होगा अधिकार, 3 करोड़ घुसपैठियों को नहीं

एजेंसी ⏭ हैदराबाद

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह लगातार चुनावी हार का सामना करने के बाद 'अराजकता' के जरिये सत्ता हासिल करने और 'लोकतंत्र को कमजोर करने' की कोशिश कर रही है। उन्होंने यहां अपनी 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा से पहले 'एक्स' पर एक पोस्ट में यह बात कही। उन्होंने कहा कि नागरिकों ने इन हमलों से अपने लोकतंत्र की रक्षा करने के लिए कमर कस ली है'।

अमित शाह ने जनता से पूछते हुए कहा कि क्या घुसपैठियों को देश से बाहर निकालना चाहिए या नहीं निकालना चाहिए? एसआईआर करना चाहिए या नहीं करना चाहिए? पूरी की पूरी कांग्रेस एंड कंपनी एसआईआर को रोकने पर लगी है, क्योंकि ये जो घुसपैठिए हैं, उनकी वोट बैंक हैं। मगर हम भाजपा के कार्यकर्ता मजबूती के साथ एसआईआर के साथ खड़े हैं। इस देश में वही वोट डाल पाएगा जो इस देश का नागरिक है। उन्होंने कहा कि देश में 3 करोड़ घुसपैठिए हैं, उन्हें वोट नहीं डालने दिया जाएगा।

अराजकता से सत्ता हासिल करना चाहती है कांग्रेस

कांग्रेस घुसपैठियों को बचा रही, वही उनका वोट बैंक



पदयात्रा के बाद रैली को मंच से संबोधित करते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

हर घुसपैठिया मतदाता सूची से बाहर होगा

अमित शाह ने कहा कि कल दिल्ली में भी एक रैली हुई थी। राहुल जी की रैली हुई थी। इन्होंने कहा वोट बचाओ रैली है। ये वोट बचाओ रैली नहीं थी, घुसपैठिया बचाओ रैली थी। कांग्रेस पार्टी एसआईआर को रोककर देश की मतदाता सूची से बांग्लादेशी घुसपैठियों को बचाना चाहती है। भाजपा पार्टी एक-एक घुसपैठिए को मतदाता सूची और देश से बाहर निकालकर ही दम लेगी।

राहुल झूठ बोल रहे कि 13 करोड़ मतदाता के नाम काटे

अमित शाह ने कहा कि राहुल (गांधी) बाबा कहते हैं कि 13 करोड़ वोट काट दिए हैं। ये झूठ बोल रहे हैं। 13 करोड़ वोट में से 6 करोड़ ऐसे है,जो दूसरी जगह रहने चले गए हैं। मुझे बताओ भाई, जो दूसरी जगह रहने चला गया हो, उसे दो जगह वोट देने का अधिकार है क्या? करीब 3 करोड़ लोग ऐसे हैं, जिनकी मृत्यु हो गई है। अब जिनकी मृत्यु हो गई है, उन्हें हटाना चाहिए या नहीं हटाना चाहिए? राहुल जी, जो है ही नहीं, उनका वोट कौन आकर देगा। कांग्रेस पार्टी बोगस वोटिंग करके चुनाव हथियाना चाहती है। भाइयों-बहनों, एक करोड़ वोट ऐसे हैं, जिनकी डुप्लीकेट प्रविष्टि (एंट्री) है। अगर एक व्यक्ति के दो वोट हों, तो एक रद्द करना चाहिए या नहीं करना चाहिए?

शाह ने भाग्यलक्ष्मी मंदिर में पूजा-अर्चना की

अमित शाह के नेतृत्व में यह पदयात्रा बशीरबाग स्थित बाबू जगजीवन राम की प्रतिमा से शुरू हुई और मोअज्जम जही मार्केट पर समापन हुआ। तक जाएगी। शाह सोमवार दोपहर को यहां बेगमपेट हवाई अड्डे पहुंचे। उसके बाद शाह ने चारमीनार स्थित देवी भाग्यलक्ष्मी मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस दौरान केंद्रीय कोयला मंत्री जी. किशन रेड्डी उपस्थित थे।



बिहार में कांग्रेस पर गरजे भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन

राहुल विदेशी ताकतों के इशारे पर अस्थिरता पैदा कर रहे

भागलपुर। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने सोमवार को आरोप लगाया कि विदेशी ताकतों के समर्थन से संचालित टूलकिट कांग्रेस नेता राहुल गांधी का इस्तेमाल भारत में अस्थिरता पैदा करने के लिए कर रहा है। वे बिहार के भागलपुर में आयोजित एनडीए की 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा और रैली में शामिल हुए थे। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का इस्तेमाल, विदेशी ताकतों के समर्थन से संचालित टूलकिट भारत में अस्थिरता पैदा करने के लिए कर रहा है। वह देश में अराजकता फैलाने के लिए विदेशी ताकतों के इशारे पर काम कर रहे हैं। उन्हें याद रखना चाहिए कि हमारा देश संविधान से चलता है। जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं की कमी के कारण कांग्रेस मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान अपनी शिकायतें उठाने में विफल रहे।



भागलपुर में नितिन नवीन

सुधांशु का इंडिया गठबंधन पर हमला

राहुल लोकतंत्र के लिए चुनौती भारत की तरक्की से खुश नहीं



सुधांशु त्रिवेदी

एजेंसी ⏭ भुवनेश्वर

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने भुवनेश्वर में विपक्ष पर निशाना साधे हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी और विपक्ष के नेता राहुल गांधी, भारत के लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन गए हैं। राहुल गांधी ने एक गलत नैरेटिव फैलाने की कोशिश की है, जिसमें वे दावा करते हैं कि 'सत्ता-विरोधी लहर' चल रही है और उनकी पार्टी सत्ता में वापसी नहीं कर पा रही है। मैं उन्हें याद दिलाना चाहूंगा राहुल, आप केवल अराजकता फैला रहे हैं, लेकिन ठोस और वास्तविक तथ्य क्या कहते हैं? पिछले पच्चीस वर्षों से ओडिशा में कांग्रेस का एक भी सीएम नहीं रहा है। 1995 से आप गुजरात से नदारद हैं।

मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा

सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि इस समय पूरी दुनिया उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है। लेकिन पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, भाजपा और एनडीए सरकार के साथ, भारत इन विपरीत परिस्थितियों के बावजूद सबसे बेहतर स्थिति में आगे बढ़ रहा है। हम दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के बीच सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में उभर रहे हैं। परसों ही, विश्व बैंक ने अपनी 2025 की रिपोर्ट में भारत की तारीफ करते हुए कहा कि भारत सरकार ने पिछले 12-13 वर्षों में लोगों को गरीबी से बाहर निकालने में सफलता हासिल की है। 2011-12 में जहां 27 प्रतिशत लोग अत्यधिक गरीबी रेखा के नीचे थे। अब यह घटकर केवल 2.6 प्रतिशत रह गया है। 2011-12 में जहां 57% लोग प्रतिदिन 4.2 डॉलर से कम कमाते थे आज केवल 16 प्रतिशत लोग हैं।

कांग्रेस अपने कर्मों के कारण हारीः पात्रा

वाराणसी। भाजपा के सांसद और राष्ट्रीय प्रवक्ता ने एसआइआर और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को लेकर कांग्रेस के आरोपों का जवाब दिया। कांग्रेस के 2014 से 19 फरवरी 2025 तक कांग्रेस 56 चुनाव हार चुकी है। हम इसे 56 टिकुली कहते हैं। यही 56 टिकुली माथे पर लगा कर राहुल गांधी और कांग्रेस घूम रही है। उन्होंने देश के विभिन्न राज्यों में पिछले 10 से 40 वर्ष से सत्ता में नहीं होने का उदाहरण देते हुए कहा कि कांग्रेस एसआइआर के कारण नहीं अपने कर्मों और कुकर्मों के कारण हार रही है।



दिल्ली में वायु प्रदूषण पर सख्त एक्शन!

ग्रैप के तहत पहले दिन 68 लाख का जुर्माना, 1,500 गाड़ियां बाहर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में सर्दियों के साथ बढ़ते वायु प्रदूषण को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने सख्ती बढ़ा दी है। ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रैप) के तहत 1 नवंबर को प्रशासन ने सख्ती दिखाई है। पहले ही दिन कुल 68.4 लाख रुपए का जुर्माना और पर्यावरण मुआवजा लगाया गया है। इस दौरान जांच टीमों ने लगभग 15 हजार वाहनों की जांच की। इनमें से 1539 वाहनों को बॉर्डर से ही वापस भेज दिया गया। जबकि प्रदूषण जांच प्रमाण पत्र के नियम तोड़ने पर 566 चालान काटे गए। रविवार शाम 5 बजे तक के आंकड़े के मुताबिक, पीयूसीसी नियमों को तोड़ने पर 56.6 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया। वहीं, प्रतिबंध के बावजूद दिल्ली में एंट्री करने वाले वाहनों पर 2 लाख रुपए और निर्माण और तोड़फोड़ वाली जगहों पर धूल रोकने के नियमों का पालन नहीं करने पर 9.8 लाख रुपए का मुआवजा लगाया।



गुजरात के स्कूलों में लागू होंगे नए

परीक्षा के तनाव और आत्महत्या रोकने के लिए सरकार की पहल

एजेंसी ⏭ अहमदाबाद

गुजरात सरकार ने विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य की निगरानी और आत्महत्या की घटनाओं को रोकने के लिए राज्य के माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्कूलों में नए नियम लागू किए हैं। यह फैसला सीएम भूपेंद्र पटेल, शिक्षा मंत्री प्रद्युम्न वाजा और शिक्षा राज्य मंत्री रीवाबा जडेजा के मार्गदर्शन में लिया गया है। इसके तहत 100 या उससे अधिक विद्यार्थियों वाले स्कूलों में कम से कम एक योग्य काउंसलर नियुक्त करना अनिवार्य होगा। सभी स्कूलों को विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण के लिए विशेष टीमें गठित करनी होंगी। ये प्रावधान कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों पर लागू होंगे। इनका उद्देश्य पढ़ाई के दबाव, परीक्षा संबंधी चिंता, सोशल मीडिया के इस्तेमाल और विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाले कारणों से निपटना है।



बंगाल की खाड़ी में उठा चक्रवात मुरासु हुआ खतरनाक

21 उड़ानें रद्द, आंध्र से ओडिशा तक आंधी बारिश का अलर्ट, बचाव टीमें तैनात कीं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बंगाल की खाड़ी में उठा चक्रवात मुरासु आंध्र प्रदेश के तट की ओर बढ़ रहा है। इसके प्रभाव से आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा और तमिलनाडु में भारी बारिश होने की आशंका है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने आंध्र प्रदेश और उत्तरी तमिलनाडु के तटीय इलाकों के लिए चक्रवात की चेतावनी जारी की है। आंध्र प्रदेश के पांच जिलों में अत्यंत भारी बारिश की आशंका को देखते हुए रेड अलर्ट जारी किया गया है।



चेन्नई में मछुआरों की नावों को बांध कर रखा

गंभीर चक्रवाती तूफान में तब्दील

मरासु पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर गंभीर चक्रवाती तूफान में तब्दील हो गया। सोमवार तड़के 2:30 बजे यह करीब 20 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ रहा था।

आज भारी बारिश होने का अनुमान

आईएमडी के अनुसार तट से टकराते समय चक्रवात की रफ्तार 100 से 110 किलोमीटर प्रति घंटा रह सकती है। तूफान के कारण आंध्र प्रदेश के तटीय इलाकों में समुद्र में दो मीटर तक ऊंची लहरें उठने की आशंका है। इससे तटीय क्षेत्रों में समुद्र का पानी भरने का खतरा बढ़ सकता है।

'प्रदूषण मुक्त दिवाली' अभियान के वीडियो पर महाराष्ट्र में विवाद

मुंबई की मेयर बोलीं- दीया मिर्जा हिंदू और मोदी विरोधी, हमें त्योहार मनाना न सिखाएं

एजेंसी ⏭ मुंबई

मुंबई की मेयर रितु तावड़े ने बीएमसी के उस कदम का समर्थन किया जिसमें 'प्रदूषण मुक्त दिवाली' अभियान से अभिनेत्री दीया मिर्जा वाला वीडियो हटा दिया गया था। उन्होंने कहा कि हमें यह सिखाने के लिए दीया मिर्जा की जरूरत नहीं है कि हिंदुओं को दिवाली कैसे मनानी चाहिए। उन्होंने कहा कि मिर्जा ने गुजरात में नर्मदा परियोजना, समान नागरिक संहिता और पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ भी बयान दिए हैं।



रितु तावड़े — दिया मिर्जा

अमित साटम ने जताई थी आपत्ति

भाजपा नेता अमित साटम ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दीया मिर्जा के वीडियो पर आपत्ति जताई थी। उन्होंने बीएमसी के अकाउंट को टैग करते हुए लिखा कि हमें दीया मिर्जा से दिवाली मनाने का तरीका सीखने की जरूरत नहीं।

हिंदू त्योहारों को बना रहे निशाना

केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले और महाराष्ट्र के मंत्री नितेश राणे ने अभिनेत्री दीया मिर्जा के वीडियो पर निशाना साधा। आरोप लगाया कि पर्यावरण संरक्षण के नाम पर हिंदू त्योहारों को जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है। राणे ने कहा कि वे ईद, मुहर्रम या बकरीद के दौरान कभी ट्वीट या ऐसी सलाह नहीं देतीं।

दिवाली पर प्रदूषण रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने तय किया समय

दिल्ली-एनसीआर में दो दिन ग्रीन पटाखे चलाने की अनुमति

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में 7 और 8 नवंबर, 2026 को ग्रीन पटाखे फोड़ने की अनुमति दी है। पटाखे सुबह 6 बजे से 7 बजे तक और रात 8 बजे से 10 बजे तक फोड़े जा सकेंगे।

यह अनुमति सुप्रीम कोर्ट के 15 अक्तूबर, 2025 के पहले के आदेश के अनुसार दी गई है। शीर्ष कोर्ट ने निर्देश दिया है कि अस्पतालों, नर्सिंग होम, प्राथमिक और जिला स्वास्थ्य केंद्रों, वृद्धाश्रमों और अधिसूचित शांत क्षेत्रों के 300 मीटर के दायरे में कोई भी पटाखा नहीं फोड़ा जाएगा।

पटाखे सुबह 6 बजे से 7 बजे तक और रात 8 बजे से 10 बजे तक फोड़े जा सकेंगे



नीट पीजी परीक्षा पर मांगा जवाब

नीट पीजी परीक्षा की आंसर की और प्रश्नपत्र सार्वजनिक करने के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट ने नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज (एनबीईएमएस) से स्पष्टीकरण मांगा है। अदालत ने पूछा है कि उम्मीदवारों को प्रश्नपत्र की कॉपी रखने की अनुमति देने से परीक्षा की निष्पक्षता और विश्वसनीयता कैसे प्रभावित हो सकती है।

गैर बीएस-6 वाहन के प्रवेश पर रोक रहेगी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने 1 नवंबर से 31 जनवरी तक राजधानी में दिल्ली के बाहर पंजीकृत उन वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने के प्रशासन के फैसले पर रोक लगाने से इनकार कर दिया, जो बीएस-6 उत्सर्जन मानकों पर खरे नहीं उतरते हैं।

शैक्षिणक संस्थान नो-क्रैकर जोन बने

कोर्ट ने कहा है कि इन सभी क्षेत्रों के साथ शैक्षणिक संस्थानों को भी 'नो-क्रैकर जोन' घोषित किया जाएगा। इन क्षेत्रों को उचित तरीके से चिह्नित किया जाएगा और इनके बारे में लोगों को जानकारी दी जाएगी। वैध प्रमाणपत्र रखने वाले पटाखा और आतिशबाजी निर्माता केवल ग्रीन पटाखों का ही निर्माण कर सकेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने दोहराया है कि बेरियम वाले पटाखों और वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद-राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान से मंजूरी नहीं पाने वाले पटाखों के इस्तेमाल की अनुमति नहीं होगी।